www.anantgyaan.in

| | |
|---|---|
| सूर्योदय 6:47 | सूर्यास्त 6:20 |

**आज का तापमान**

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 4.5 न्यू | 8.00 अधि |
| धर्मशाला | 7.04 न्यू | 17.05 अधि |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 73095.22 |
| निफ्टी | 22198.30 |
| सोना 62,840 | चांदी 71,762 |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



धर्मशाला | बुधवार, 28 फरवरी 2024 | 16 फाल्गुन, विक्रमी संवत 2080 वर्ष 1, अंक 71 कुल पृष्ठ 14 मूल्य : 5 रुपए | डब्ल्यूसीएल में खेलने को एक्साइटेड हूं : युवराज... पेज 14

## भगवान मुक्तेश्वर महादेव के रूप में भूतनाथ का माखन रूपी शृंगार



**मंडी।** बाबा भूतनाथ मठ मंदिर छोटी काशी मंडी में धृत शृंगार के 19वें दिन स्वयंभू शिवलिंग पर मुक्तेश्वर महादेव का स्वरूप उकेरा गया। यह गुफा मंदिर शाहपुरकंडी पठानकोट के डूंग गांव में रावी नदी के तट पर स्थित है। मान्यता है कि इन गुफाओं का उपयोग पांडवों ने अपने वनवास के समय किया था। 5500 साल पूर्व पांडवों ने इस मंदिर का निर्माण करवाया था।

## न्यूज शॉर्ट्स

### अरविंद केजरीवाल को ईडी का आठवां समन जारी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति संबंधी कथित घोटाले से जुड़े धनशोधन के मामले में पूछताछ के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आठवीं बार समन जारी किया है। आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को यहां एजेंसी के मुख्यालय में चार मार्च को आने को कहा गया है। केजरीवाल इस मामले की जांच के सिलसिले में सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के सामने पेश नहीं हुए थे।

### एनआईए ने पंजाब, राजस्थान में 16 स्थानों पर छापेमारी की

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने खालिस्तान और संगठित अपराधियों के गठजोड़ के खिलाफ चल रही जांच के तहत मंगलवार को पंजाब और राजस्थान में 16 स्थानों पर छापेमारी की और छह लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया। एनआईए की छापेमारी 16 ठिकानों पर चल रही है, जिसमें पंजाब के 14 और राजस्थान के दो ठिकाने शामिल हैं।

### छत्तीसगढ़ : चट्टान धंसने से चार मजदूरों की मौत, कई दबे

**रांची।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले के बैलाडीला में एक बड़ा हादसा हुआ है। यहां मौजूद लौह अयस्क की पहाड़ियों पर खुदाई के दौरान चट्टान धंस गई जिससे चार मजदूरों की मौत हो गई जबकि अभी भी कई मजदूर दबे हुए है। चट्टान धंसने से उसकी चपेट में एक पोकलेन मशीन भी आ गई है। घटना के बाद फिलहाल खुदाई का काम रोक दिया गया है। पहाड़ खुदाई में लगे सभी मजदूर डरे हुए हैं।

### नोबेल विजेता मानवाधिकार कार्यकर्ता को जेल की सजा

**मास्को।** रूस की एक अदालत ने नोबेल पुरस्कार विजेता मानवाधिकार संगठन के सह-अध्यक्ष ओलेग ओरलोव को 30 महीने जेल की सजा सुनाई है। यह सजा रूस के यूक्रेन पर हमले की आलोचना करने का दोषी पाए जाने के मामले में ओरलोव को सुनाई गई है। ओरलोव को बार-बार रूसी सेना के खिलाफ लेख लिखने का दोषी पाया गया। हालांकि ओरलोव ने अपने ऊपर लगे आरोपों से इनकार किया और मामले को राजनीति से प्रेरित बताया।

## उलटफेर

### कांग्रेस के छह और तीन निर्दलीय विधायकों ने भाजपा के पक्ष में की वोटिंग, पर्ची से हुआ फैसला

# राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग से हारी कांग्रेस, महाजन ने बढ़ाया भाजपा का हर्ष

**अरविंद शर्मा, शिमला**

हिमाचल में राज्यसभा की एक सीट के लिए मंगलवार को विधानसभा परिसर में हुए चुनाव में कांग्रेस बहुमत के बावजूद हार गई। चुनाव में क्रॉस वोटिंग का 'खेला' भी हुआ।

कांग्रेस के छह और तीन निर्दलीय विधायकों ने भाजपा के पक्ष में वोटिंग की। जीत के लिए 35 वोटों की जरूरत थी, लेकिन सत्तारूढ़ दल कांग्रेस के प्रत्याशी अभिषेक मनु सिंघवी और भाजपा के हर्ष महाजन को 34-34 बराबर वोट मिले। इसके बाद पर्ची से फैसला हुआ, जिसमें भाजपा के हर्ष महाजन ने बाजी मार ली।



शिमला में देर रात हर्ष महाजन को कंधों पर उठाकर जीत का जश्न मनाते भाजपा कार्यकर्ता। (फोटो : प्रदीप)




### जीत से बढ़ा मनोबल, इतिहास बदला : बिंदल

**भाजपा** के प्रदेशाध्यक्ष डॉक्टर राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा, त्रिलोक कपूर, सिकंदर कुमार और समस्त भाजपा विधायक दल ने भाजपा के राज्यसभा प्रत्याशी हर्ष महाजन को उनकी जीत पर शुभकामनाएं दी। बिंदल ने कहा कि यह हिमाचल के इतिहास में पहली बार हुआ है कि 34 वोट प्रत्येक पार्टी को मिले और पर्ची के आधार पर किसी पार्टी के उम्मीदवार को जीत हासिल हुई है। पूरे प्रदेश में खुशी का माहौल है और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं का इस जीत से मनोबल बहुत ज्यादा बढ़ा है।

### इन्होंने की क्रॉस वोटिंग

**सुजानपुर** के राजेंद्र राणा, धर्मशाला के सुधीर शर्मा, कुटलैहड़ के देवेंद्र भुट्टो, बड़सर के आईडी लखनपाल, लाहौल-स्पीति के रवि ठाकुर और गगरेट के चैतन्य शर्मा का नाम क्रॉस वोटिंग में आ रहा है। ये सभी वोटिंग से पहले सुबह एक ही गाड़ी में विधानसभा पहुंचे। वहीं, तीन निर्दलीय विधायकों हमीरपुर के आशीष शर्मा, देहरा के होशियार सिंह और नालागढ़ के केएल ठाकुर ने भी भाजपा के हर्ष महाजन को वोट दिया। (अनंत ज्ञान)

### हार पर बोले मनु सिंघवी मैं लौट कर आऊंगा

**राज्यसभा** सीट गंवाने के बाद देर रात कांग्रेस प्रत्याशी अभिषेक मनु सिंघवी का मीडिया से बात करते दर्द छलक गया। उन्होंने अपनी हार स्वीकार की और भाजपा प्रत्याशी हर्ष महाजन को बधाई देने के बाद इसे अपने लिए सबक बताया। उन्होंने शायराना अंदाज में फिर से वापस लौटने की बात भी कही। उन्होंने कहा कि मैं उन नौ विधायकों को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने हमारे साथ खाना खाया, जलपान किया और फोटो ली। आज सुबह नाश्ता करके भी गए, लेकिन उनके पाला बदलने की फितरत पर मैं हैरान हूं।



### बागी विधायकों ने अपना ईमान ही बेच दिया: सीएम

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने पत्रकारों से कहा कि इन बागी विधायकों ने अपना ईमान ही बेच दिया है। इनके बीच क्या-क्या हुआ है पत्रकार भलीभांति जानते हैं, लेकिन हिमाचल प्रदेश की ऐसी संस्कृति नहीं रही है जो इन बागी विधायकों ने प्रदेश में फैला दी है। इन्होंने पार्टी उम्मीदवार के खिलाफ मतदान किया है। जवाब उन्हें जनता को देना होगा।



### जयराम ने मांगा सुक्खू का इस्तीफा, विस अध्यक्ष से मिले

**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि विधानसभा के इतिहास में आज का दिन काले अक्षरों में लिखा जाएगा। फाइनेंशियल बिल के गिर जाने से सरकार चली जाती है। सरकार अपना बहुमत खो चुकी है, इसलिए सीएम सुक्खू को इस्तीफा दे देना चाहिए। चुनाव नतीजों के बाद देर रात वह विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया से भी मिले।



## राज्यसभा चुनाव

### कर्नाटक में कांग्रेस के तीन और भाजपा का एक उम्मीदवार विजयी

**बेंगलुरु।** कांग्रेस ने मंगलवार को कर्नाटक में राज्यसभा के लिए सभी तीन सीटों पर जीत हासिल कर ली, जबकि भारतीय जनता पार्टी को एक सीट ही मिली। कांग्रेस उम्मीदवार अजय माकन, डॉ. सैयद नसीर हुसैन और जीसी चंद्रशेखर ने जीत हासिल की। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने राज्यसभा चुनाव की जीत की सराहना करते हुए कहा कि यह कांग्रेस की एकता और अखंडता को दर्शाता है। वहीं, भाजपा ने केवल एक सीट पर ही जीत हासिल की है। जीतने वालों में बीजेपी के नारायण बंदिगे हैं। मीडिया रिपोर्ट में दावा है कि कर्नाटक में भाजपा विधायक एसटी सोमशेखर ने कांग्रेस उम्मीदवार को वोट दिया। भाजपा के चीफ व्हिप डोड्डनगौड़ा जी पाटिल ने यह जानकारी दी। डोड्डनगौड़ा ने यह भी कहा कि सोमशेखर पर कार्रवाई होगी।

### यूपी की आठ सीटें भाजपा ने जीतीं, सपा को सिर्फ दो मिलीं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की 10 सीटों पर हुए राज्यसभा चुनाव में भाजपा ने आठ और समाजवादी पार्टी ने दो सीटों पर दर्ज जीत कर रही है। वहीं, इस जीत के बाद भाजपा दफ्तर में जश्न का माहौल है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी भाजपा दफ्तर पहुंचे। भाजपा के सुधांशु त्रिवेदी को 38 वोट मिले हैं, वहीं संजय सेठ भी जीत गए हैं। उधर, राज्यसभा चुनाव को लेकर सपा के बागी विधायक अभय सिंह ने कहा कि मतदान की प्रक्रिया पूरी पारदर्शी ढंग से हुई है। सारे नियम कानून के तहत काम हो रहा है। हमने वोट अपने मन से दिया, राम मंदिर बना, दर्शन के लिए सभी को विधानसभा अध्यक्ष ने सामूहिक आमंत्रण दिया लेकिन सपा ने रोका, यह अच्छी बात नहीं है।

### लाहौल घाटी में ताजा हिमपात



लाहौल-स्पीति में ताजा हिमपात के बाद बर्फ से ढकी पहाड़ियों का मनमोहक नजारा।

### एक्ट्रेस जयाप्रदा फरार घोषित

**रामपुर।** फिल्म अभिनेत्री और रामपुर की पूर्व सांसद जयाप्रदा को कोर्ट ने आखिरकार फरार घोषित कर ही दिया। आचार संहिता उल्लंघन मामले में जयाप्रदा कोर्ट में नहीं पेश हुई।

कोर्ट में पेश नहीं होने के कारण सात बार वारंट जारी हो चुके हैं। बता दें कि 2019 लोकसभा आम चुनाव के दौरान भाजपा की प्रत्याशी रही जयाप्रदा पर चुनाव के दौरान आचार संहिता के दो मामले रामपुर में दर्ज किए गए थे।

## लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले लागू हो सकता है सीएए

**नई दिल्ली।** भारतीय नागरिकता (संशोधन) अधिनियम संसद में पांच साल पहले पास हो चुका है, लेकिन बाद में देश भर में विरोध-प्रदर्शन के चलते इसे लागू नहीं किया गया था। अब एक बार फिर यह कानून चर्चा में है। माना जा रहा है कि आदर्श आचार संहिता लगने से पहले इसकी अधिसूचना जारी हो सकती है। इसके बाद सीएए नियम के तहत अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश में सताए गए अल्पसंख्यकों के आवेदनों पर विचार होगा।




**क्या है सीएए :** नागरिकता संशोधन अधिनियम को 2019 में संसद से पारित किया गया है। इसका उद्देश्य 31 दिसंबर 2014 से पहले पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से आए अल्पसंख्यक शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता देना है, इसका फायदा उन हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, ईसाई और पारसी समुदाय के लोगों को मिलेगा जो इन तीनों पड़ोसी देशों में प्रताड़ना का शिकार होकर भारत आए हैं।

### अनुराग ठाकुर बोले- प्रदेश को मोदी सरकार ने दिया तोहफा

## हिमाचल की सड़क के लिए 1244.43 करोड़ मंजूर

**एजेंसी, शिमला**

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश के सोलन और बिलासपुर जिलों में राष्ट्रीय राजमार्ग 205 पर कलार बाला गांव से नौनी चौक तक मौजूदा सड़क को पेव्ड शोल्डर के साथ फोरलेन में अपग्रेड करने के लिए 1244.43 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिलने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी का आभार प्रकट किया है।

अनुराग ठाकुर ने कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिमाचल प्रदेश को सदैव अपना दूसरा घर माना है और इसके विकास को प्राथमिकता दी है। हिमाचल प्रदेश को मोदी सरकार ने सड़क से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं का तोहफा दिया है। आज हिमाचल प्रदेश के सोलन और बिलासपुर जिलों में राष्ट्रीय राजमार्ग 205 पर कलार बाला गांव से नौनी चौक तक मौजूदा सड़क को पेव्ड शोल्डर के साथ फोरलेन में अपग्रेड करने हेतु 1244.43 करोड़ रुपए की स्वीकृति केंद्र की मोदी सरकार की ओर से मिली है।

इस मंजूरी से शिमला, कांगड़ा, धर्मशाला और मंडी के लोगों को काफी लाभ मिलेगा। इसके साथ ही दाड़लाघाट और एम्स के लिए भी कनेक्टिविटी में सुधार आएगा।"



### शिमला में रेस्तरां कर्मचारी की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**शिमला।** शिमला के मालरोड पर पुलिस रिपोर्टिंग रूम के पास स्थित एक रेस्तरां के बाहर एक युवक की हत्या करने के आरोप में 30 वर्षीय व्यक्ति को हरियाणा के सिरसा जिले से गिरफ्तार किया गया। शिमला के पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार गांधी ने कहा कि सतिंदर पाल को सोमवार रात गिरफ्तार किया गया। सोमवार की सुबह 21 वर्षीय मनीष पर तेजधार हथियार से हमला किया गया था। पुलिस मनीष को लेकर इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंची जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### 'आप' ने लोकसभा चुनाव के लिए पांच उम्मीदवार किए घोषित

## दिल्ली से चार व हरियाणा से एक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आम आदमी पार्टी (आप) ने लोकसभा चुनाव के लिए दिल्ली की चार और हरियाणा की एक सीट के लिए मंगलवार को उम्मीदवारों की घोषणा की। पार्टी ने वरिष्ठ नेता सोमनाथ भारती को नई दिल्ली सीट से मैदान में उतारा है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री और पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की अध्यक्षता में पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक के बाद पांच नामों की घोषणा की गई। आप ने दिल्ली जल बोर्ड के उपाध्यक्ष सोमनाथ भारती को नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र से, कोंडली के विधायक कुलदीप कुमार को पूर्वी दिल्ली सीट से, सहीराम पहलवान को दक्षिणी दिल्ली से और पूर्व सांसद महाबल मिश्रा को पश्चिमी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा है। पार्टी ने राज्यसभा के पूर्व सदस्य सुशील गुप्ता को हरियाणा के कुरुक्षेत्र से अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

#### गठबंधन के तहत दिल्ली में चार उम्मीदवार

**'आप'** ने दिल्ली में लोकसभा चुनाव के लिए गठबंधन 'इंडिया' की अपने सहयोगी कांग्रेस से हाथ मिलाया है। सीट बंटवारे के तहत 'आप' दिल्ली में चार और कांग्रेस तीन लोकसभा सीट पर चुनाव लड़ेगी।

## टॉप स्टोरीज

स्वास्थ्य विभाग में भरे जाएंगे 1,370 पद: धनी राम शांडिल ...पेज 3

सोलन में नियमों को दरकिनार कर निजी स्कूलों ने बढ़ाई फीस ...पेज 5

डॉक्टरों की पेन डाउन स्ट्राइक में मरीज-तीमारदार भी हुए शामिल ...पेज 11

## खुशखबरी

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किए 1800 करोड़ रुपए के तीन स्पेस इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स के उद्घाटन

# 2035 तक अंतरिक्ष में होगा भारत का स्पेस स्टेशन, चंद्रमा पर भेजेंगे इंसान

**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को केरल के तिरुवनंतपुरम स्थित विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर पहुंचे। उनके साथ इसरो चीफ एस सोमनाथ भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री ने यहां लगभग 1800 करोड़ रुपए के तीन स्पेस इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स का उद्घाटन और देश के पहले मैन्ड स्पेस मिशन 'गगनयान' का रिव्यू किया।

पीएम मोदी ने मिशन 'गगनयान' के चार अंतरिक्ष यात्रियों (ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालाकृष्णण नायर, ग्रुप कैप्टन अजीत कृष्णण, ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप और विंग कमांडर शुभांशु शुक्ला) के नामों की घोषणा की। चारों की ट्रेनिंग रूस में हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ देर पहले देश पहली बार 4 गगनयान यात्रियों से परिचित हुआ। ये सिर्फ 4 नाम या 4 इंसान नहीं हैं, ये वे चार शक्तियां हैं जो 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं को अंतरिक्ष तक ले जाने वाली हैं। 40 साल बाद कोई भारतीय अंतरिक्ष में जा रहा है, लेकिन इस बार वक्त भी हमारा है, काउंट-डाउन भी हमारा है और रॉकेट भी हमारा है।

पीएम ने कहा कि 2035 तक अंतरिक्ष में भारत का अपना स्पेस स्टेशन होगा, जो हमें स्पेस के अज्ञात विस्तार को जानने में मदद करेगा। इसी अमृत काल में भारत का अंतरिक्ष यात्री भारत के अपने रॉकेट से चंद्रमा पर भी उतरकर दिखाएगा।

#### मिशन सफल होने पर दुनिया का चौथा देश बन जाएगा भारत

| | |
|---|---|
| **सोवियत रूस** 12 अप्रैल 1961 को यूरी गागरिन 103 मिनट स्पेस में रहे | **अमेरिका** 5 मई 1961 को एलन शेफर्ड 15 मिनट स्पेस में रहे |
| **चीन** 15 अक्तूबर 2003 को यांग लिवेड 21 घंटे स्पेस में रहे | **भारत** 2024 में कभी भी अपना यात्री अंतरिक्ष में भेज सकता है |



ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालाकृष्णण नायर, ग्रुप कैप्टन अजीत कृष्णण, ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप और विंग कमांडर शुभांशु शुक्ल

#### गगनयान में इस्तेमाल अधिकतम इक्विपमेंट्स स्वदेशी

**पीएम** मोदी ने कहा, "मुझे यह जानकर बेहद खुशी हुई कि गगनयान में इस्तेमाल हुए अधिकतम इक्विपमेंट्स भारत में बने हैं। यह गजब इत्तफाक है कि जब भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के लिए टेकऑफ कर रहा है, तभी भारत का गगनयान भी हमारे स्पेस सेक्टर को नई ऊंचाई तक ले जाने वाला है।

## आईवीएफ तकनीक से 58 साल की उम्र में 'मां' बनेगी सिद्धू मूसेवाला की माता

**एजेंसी, मानसा**

दिवंगत पंजाबी सिंगर शुभदीप सिंह सिद्धू उर्फ सिद्धू मूसेवाला की मां चरण कौर जल्द ही आईवीएफ तकनीक से मां बनने वाली हैं। अपनी इस खुशियों को खुद उनके परिवार ने शेयर किया है। सिद्धू मूसेवाला अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था और उसकी हत्या के बाद उसके बुजुर्ग माता-पिता का कोई सहारा नहीं रह गया।

इसके चलते उनकी मां चरण कौर आईवीएफ के माध्यम से गर्भवती हो गई, जब मीडिया ने गायक के चाचा चमकौर सिंह सिद्धू से संपर्क किया तो उन्होंने इस बात की पुष्टि की। उन्होंने कहा कि हम भगवान के शुक्रगुजार हैं कि हमारे आंगन में नई जिंदगी आ रही है। आपको बता दें कि 29 मई 2022 को सिद्धू मूसेवाला की मानसा के पास हत्या कर दी गई थी।



#### क्या है आईवीएफ तकनीक

**एग** और स्पर्म को मां के गर्भ में विकसित करने की बजाय लेबोरेटरी में विकसित करने की प्रोसेस ही इन विट्रो फर्टिलाइजेशन यानी आईवीएफ कहलाती है। इस तरह तैयार भ्रूण को फाइन प्लास्टिक ट्यूब के जरिए महिला के गर्भाशय में प्रतिरोपित किया जाता है। इनमें स्टैंडर आईवीएफ, इक्सी और इस्सी पद्धति टेक्निक है।

# सरकाघाट, धर्मपुर और संधोल में अवैध खनन जारी, प्रशासन लगाम लगाने में हो रहा नाकाम

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

सरकाघाट धर्मपुर व संधोल की खड्डों पर अवैध खनन का कार्य निरंतर जारी है। इस अवैध खनन पर कोर्ट के आदेशों के बावजूद भी रोक लगाने में खनन विभाग व प्रशासन पंगु नजर आ रहा है सीर और सोन खड्ड, नालड, शिवदावला स्यार, जांदर, झंगी, बल्याना, तनेहड, ठोडू खड्डों से यह खनन हो रहा है और खनन माफिया जमकर कमाई कर रहा है।

इस खनन के चलते लोगों की हजारों बीघा जमीन बंजर हो चुकी है, लगातार पेड़ पौधे सूख रहे हैं, जमीन धंस रही है। यहां पर खनन माफिया बेलगाम व अवैज्ञानिक तरीके से खनन को जारी हैं। इन खड्डों व नालों में खनन माफिया द्वारा 10-10 फुट नीचे तक खुदाई की गई है और ये खनन माफिया लोक निर्माण विभाग के पुलों, शमशान भूमि के व पेयजल एवं सिंचाई योजनाओं के नजदीक किसी डर के अवैध खनन का कार्य निरंतर जारी रखे हुए हैं, इन्हें न प्रशासन का डर न विभाग का यहां पर सरकार के अवैध खनन को रोकने के दावे खोखले साबित होते नजर आ रहे हैं,अगर अधिकारियों से इस बारे में पूछा जाता है, तो अधिकारी एक ही राग अलापते नजर आते हैं कि खनन माफिया को बक्शा नहीं जाएगा, लेकिन हकीकत कुछ और ही नजर आती है।

लोगों में ओम प्रकाश, विपिन, भागमल गुलेरिया, राजेश, सुरेश, प्रभु दयाल, सरला, रीना, मीना, कौशल्या, शांता, कला, प्रताप सिंह, शेर सिंह आदि ने सरकार व विभाग से जल्द इस पर लगाम लगाने की अपील की है तथा कहा है कि इसमें रोक नहीं लगाई गई तो लोग सड़कों पर उतरकर इसका विरोध करेंगे। (अनंत ज्ञान)

### संधोल में सिर्फ सेल्फी लेने तक ही सीमित रहा प्रशासन



### रात को चांदी कूट रहा खनन माफिया

खनन माफिया रात को अवैध खनन करके बड़ी होशियारी से रेता बजरी को जोगिंदरनगर सरकाघाट नेशनल हाईवे पर डंप कर देता है और दिन दिहाड़े उसे ट्रैक्टर और टेंपो में बेचा जाता है, यह धंधा कई वर्षों से चल रहा है। इस खनन के खेल में खनन माफिया द्वारा रिवर बेड खत्म कर पक्की चढ़ाने के लिए निकल आई हैं, जिसे जलस्तर घटने से आसपास की दर्जनों बावड़ियां और अन्य स्रोत सदा के लिए सूख गए।

### खनन रोकने को हैं तीन दर्जन विभाग

अवैध खनन रोकने को लेकर यूं तो सरकार ने लोक निर्माण और जल शक्ति विभाग सहित करीब तीन दर्जन विभागों को शक्तियां प्रदान की हैं, परंतु कोई भी विभाग खनन रोकने में अब तक सफल नहीं हो पाया है, वन विभाग ने भी आज तक कोई भी मामला दर्ज नहीं किया है।

### लोग सीधे भेजें शिकायतें

पंचायत प्रतिनिधियों के बिना अवैध खनन खत्म नहीं किया जा सकता है। सोशल मीडिया के जमाने में लोगों को अवैध खनन की शिकायत प्रशासन को भेजनी होगी, तत्काल पुलिस भेज कर न सिर्फ गाड़ी बॉन्ड की जाएगी बल्कि कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। शिकायत करने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

### संधोल में एक चालान के बाद मौन विभाग

तहसील संधोल में भी खनन माफिया बेलगाम खनन में लगा है, यहां पर सहायक आयुक्त एवं तहसीलदार ओसियन शर्मा द्वारा रात को एक चालान करके वाहवाही लूटी। उसके बाद आज तक छह माह बीतने के बाद भी राजनीतिक दबाव के चलते कोई भी अन्य मामला दर्ज नहीं किया जा सका है।

**अनंत ज्ञान स्पैशल**

विभाग लगातार खनन माफिया के चालान काट रहा है। लगातार छापेमारी हो रही है और यह समस्या ज्यादा इस वजह से भी आ रही है कि धर्मपुर में स्टाफ की कमी चलते यह लोग इसका फायदा उठा रहे हैं।
-सोहन सिंह, माइनिंग इंस्पेक्टर, धर्मपुर।

खनन माफिया पर लगातार नकेल कसी जा रही है। खनन करने वालों को बक्शा नहीं जाएगा।
-तिलक राज शर्मा, माइनिंग इंस्पेक्टर, सरकाघाट।

## न्यूज ब्रीफ

### लाइब्रेरी में बैठने की क्षमता बढ़ाएं : एनएसयूआई



**सुंदरनगर।** महाराजा लक्ष्मण सेन स्मारक महाविद्यालय सुंदरनगर की एनएसयूआई इकाई के कार्यकर्ताओं ने इकाई अध्यक्ष अनित जसवाल की अध्यक्षता में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कामेश्वर कुमार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मुख्य रूप से एनएसयूआई ने कॉलेज लाइब्रेरी में विद्यार्थियों के बैठने की क्षमता बढ़ाने की मांग की। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के पार्कों में बेंच लगाने तथा शौचालयों व क्लासरूम में सफाई की उचित व्यवस्था करने की भी मांग की। कॉलेज प्रशासन ने सुझाव को मानते हुए जल्द ही इन कमरों को लाइब्रेरी के साथ जोड़ने का आश्वासन दिया।

### मुरारी लाल बने फायर ब्रिगेड यूनियन के प्रधान



**गोहर।** अग्निशमन केंद्र अधिकारी मंडी ठाकुर दास की अध्यक्षता में जिला मंडी फायर ब्रिगेड यूनियन का गठन किया गया, इसमें मुरारी लाल को सर्वसम्मति से प्रधान, किशोरी लाल को वरिष्ठ उपप्रधान व पदम सिंह को उपप्रधान चुना गया। सचिव पद पर हेम सिंह, सह सचिव पद पर भूपेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष पद पर टेक चंद को चुना गया। महेंद्र सिंह को सह कोषाध्यक्ष तथा विक्रांत सेन को मुख्य सलाहकार चुना गया।

### बलद्वाड़ा पंचायत की प्रधान हंसा देवी ने ली शपथ



**सरकाघाट।** बलद्वाड़ा पंचायत की नवनिर्वाचित प्रधान हंसा देवी को एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलवाई। हंसा देवी कांग्रेस समर्थित उम्मीदवार थी, उनका मुकाबला एक निर्दलीय उम्मीदवार से हुआ। विदित रहे कि भाजपा समर्थित उम्मीदवार इस चुनाव में तीसरे स्थान पर रही थी। भाजपा समर्थित उम्मीदवार की हार से सरकाघाट भाजपा को एक गहरा झटका लगा है। हंसा देवी को बलद्वाड़ा पंचायत प्रधान बनने पर हिमाचल कांग्रेस महासचिव पवन ठाकुर, सरकाघाट कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शर्मा, सरकाघाट शहरी कांग्रेस अध्यक्ष अश्वनी गुलेरिया, पूर्व सरकाघाट कांग्रेस अध्यक्ष लश्करी राम, सरकाघाट कांग्रेस प्रवक्ता अशोक ठाकुर मनोनीत पार्षद संजय गुप्ता वरिष्ठ अधिवक्ता नरेश शर्मा पूर्व प्रधान रणजीत सिंह ठाकुर सहित सरकाघाट कांग्रेस के हर एक कांग्रेस कार्यकर्ता ने बधाई दी।

### सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के मेधावी सम्मानित



**मंडी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के अंतर्गत जिला स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन वल्लभ राजकीय महाविद्यालय में किया गया। कार्यक्रम में सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी के प्रति कुलपति प्रो. अनुपमा सिंह मुख्य अतिथि, अभाविप प्रदेश सह मंत्री विशाल ठाकुर विशिष्ट अतिथि, कबड्डी खिलाड़ी महेंद्र सिंह ठाकुर विशेष और करिश्मा एजुकेशनल सेंटर चेयरमैन ललित पाठक कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में उपस्थित रहे। प्रो. अनुपमा सिंह ने मेधावियों को सम्मानित किया।

### बढ़ती नशाखोरी पर किया चिंतन




**पंडोह।** पनारसा महाविद्यालय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में पांचवें दिन क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू से डॉ. सत्यव्रत वैद्य ने अपने ने अपने विचार सांझा किया। कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर कृष्ण लाल ने बताया की नशे का बढ़ता चलन युवाओं के भविष्य के लिए चिंताजनक है। जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं नोडल हेड एडिक्शन ट्रीटमेंट फेसिलिटी सेंटर कुल्लू के डॉ. सत्यब्रत वैद्य द्वारा मानसिक स्वास्थ्य सम्बन्धी जानकारी दी। उप प्राचार्य प्रोफेसर चारू अहलुवालिया ने भी बच्चों को जागरूक किया।

**वित्तीय वर्ष 2024-25 में नगर निगम बदलेगी 15 वार्डों की नुहार**

# 75.26 करोड़ का बजट पेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

शहर की सरकार नगर निगम मंडी ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए अपना बजट पेश कर दिया है। शहर की सरकार का अपने कार्यकाल का यह चौथा व महापौर वीरेंद्र भट्ट का यह पहला बजट है। जिसमें महापौर वीरेंद्र भट्ट ने मंगलावर को नगर निगम सभागार में हुई साधारण बैठक के दौरान निगम के 15 वार्डों के लिए 75 करोड़ 26 लाख 3 हजार का बजट पेश किया।

इस बैठक में नगर निगम के सभी वार्डों के पार्षदों सहित मनोनीत पार्षदों ने भाग लेकर बजट पर अपने सुझाव भी दिए।

बजट पेश करने के उपरांत मेयर वीरेंद्र भट्ट ने बताया कि इस बजट में सभी वर्गों का ख्याल रखा गया है। इस वित्तीय वर्ष में हरेक वार्ड में विकास करवाने के लिए 1 करोड़ के करीब राशि व्यय की जाएगी। इस मौके पर उन्होंने सरकार से नगर निगम में शामिल किए गए नए वार्डों के विकास के लिए सरकार से 15 करोड़ रुपए की भी मांग रखी। पिछले वित्तीय वर्ष में सरकार की ओर से 2 करोड़ 80 लाख रुपए ही प्राप्त हुए थे। जिससे नगर निगम में शामिल किए गए ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्य मंद पड़े हुए हैं। शहरवासी को बंदरों की समस्या से निजात दिलाने के लिए बंदरों को पकड़ने व युवाओं को स्वावलंबी बनाने लिए के लिए बजट में 20-20 लाख का प्रावधान किया गया है।

ओला और उबर की तर्ज पर मंडी शहर में नई टैक्सियां शुरू की जाएंगी, जिसके लिए परिवहन विभाग के साथ वार्ता जारी है। इसके साथ ही मंडी शहर में पर्यटन कारोबार को बढ़ावा देने के लिए बिंद्रावनी से शहर तक रिवर राफ्टिंग का भी प्लान तैयार किया जा रहा है। बैठक के दारौर कई पार्षदों ने नगर निगम में जोड़े गए नए वार्डों को 2 साल और टैक्स के दायरे से बाहर करने की भी मांग उठाई।



बैठक में बजट को सभी के समक्ष रखते हुए महापौर वीरेंद्र भट्ट व अन्य।

**नए क्षेत्रों को विकसित करने के लिए सरकार से मांगे 15 करोड़**

**पर्यटन क्षेत्र को विकसित करने के लिए रिवर राफ्टिंग का प्लान**

**अंदर बैठक और बाहर लगे नारे**

# रेहड़ी-फड़ी यूनियन ने घेरा निगम कार्यालय




विरोध-प्रदर्शन करते हुए रेहड़ी-फड़ी यूनियन के सदस्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

नगर निगम क्षेत्र में रेहड़ी-फड़ी वालों की लंबे अरसे से पैंडिंग मांगों को पूरा न करने के विरोध में निगम कार्यालय में हुई निगम की बैठक में मेयर, पार्षदों और अधिकारियों का घेराव किया और नारेबाजी की जिसके चलते मेयर और कमिश्नर ने मांगे जल्द पूरा करने का आश्वासन दिया। प्रदर्शन के माध्यम से निगम को लंबित मांगें एक सप्ताह में पूरा करने का अल्टीमेटम दिया। उसके बाद उपायुक्त मंडी को भी निगम की कार्यप्रणाली बारे ज्ञापन सौंपा।

सीटू के जिला प्रधान भूपेंद्र सिंह महासचिव राजेश शर्मा, यूनियन के प्रधान सुरेंद्र कुमार, प्रवीण कुमार, दीपक, मनी राम, राजू, चंद्रशेखर के अलावा डीवाईएफआई के अध्यक्ष सुरेश सरवाल ने इत्यादि ने किया।

यूनियन प्रधान सुरेंद्र कुमार ने बताया कि लगभग तीन सौ रेहड़ी-फड़ी मजदूर अपनी आजीविका कमाने का काम लंबे अर्से से करते हैं और दर्जनों सीजनल वेंडर्ज भी यहां समय-समय पर आते हैं, जिन्हें स्ट्रीट बेंडर कानून 2014 के अनुसार पहचान पत्र तथा नाम पटिकाएं जारी करने का काम निगम को करना था।

सीटू जिला प्रधान व मजदूर कल्याण बोर्ड के सदस्य भूपेंद्र सिंह ने कहा कि अगर कमिश्नर व कर्मचारी सभी लंबित काम 7 मार्च तक पूरा नहीं करेंगे तो वे 9 मार्च को शिवरात्रि महोत्सव का उद्घाटन करने आ रहे मुख्यमंत्री के सामने प्रदर्शन करेंगे।

## भूपेंद्र क्लब सुंदरनगर ने जीता फुटबाल मैच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

फुटबाल के फाइनल मैच खेलो इंडिया सेंटर मंडी और भूपेंद्र क्लब सुंदर नगर के मध्य खेला गया। यह मैच भूपेंद्र क्लब सुंदर नगर ने जीता व महिला वर्ग में खेलो इंडिया की टीम विजयी रही। मुख्य अतिथि साक्षी वर्मा एसपी मंडी, फुटबाल संघ के प्रधान लीला विलास,पंकज शर्मा जनरल सेक्रेटरी, कोषाध्यक्ष प्रवीण शर्मा, जनरल एक्टिंग सेक्रेटरी जगदीश राजा हितेंद्र, खेलो इंडिया के कोच कमल किशोर और पुराने खिलाड़ी भूपेंद्र और रेफरी बोर्ड के अध्यक्ष नरेंद्र सैनी भी मौजूद रहे।

## आचार संहिता लगते ही सक्रिय होगी कमेटी

**गोहर।** उपमंडलीय सभागार में निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी व उपमंडल (नागरिक) अधिकारी लक्ष्मण सिंह कनेट बैठक की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें आदर्श चुनाव आचार संहिता और निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण टीमों के सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में कहा कि आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होते ही एमसीसी कमेटी सक्रिय हो जाएगी और फ्लाइंग व वीडियो सर्विलांस आदि टीमें विभिन्न स्थानों पर दबिश देना शुरू कर देगी।

# भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान ने मनाया स्थापना दिवस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान मंडी ने 27 फरवरी को अपना 15वां स्थापना दिवस मनाया, जिसमें कई सम्मानित अतिथि और गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। मुख्य अतिथि के रूप में डीआरडीओ के सचिव (रक्षा अनुसंधान एवं विकास) और अध्यक्ष, डॉ. समीर वी. कामत सम्मिलित हुए।

रक्षा अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला (डीआर डीएल) के निदेशक, जी.ए. श्रीनिवास मूर्ति और भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के निदेशक (अनुसंधान एवं विकास) मनोज जैन, विशिष्ट अतिथियों के रूप में उपस्थित थे।



प्रोफेसर लक्ष्मीधर बेहरा मुख्यातिथि को सम्मानित करते हुए।

इस समारोह में आईआईटी मंडी के निदेशक प्रोफेसर लक्ष्मीधर बेहरा, के साथ शिक्षकगण, छात्रगण, और कर्मचारीगण भी उपस्थित रहे। वहीं आईआईटी मंडी के बोर्ड ऑफ गवर्नस के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल के. जे.एस. ढिल्लों ने वर्चुअल तरीके से समारोह की अध्यक्षता की। वहीं बताया कि इस दिन को मनाते हुए शिक्षकों, कर्मचारियों और छात्रों के अथक प्रयासों का सम्मान करते हैं, जिनके समर्पण ने हमारे संस्थान को आज के रूप में ढालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

मुख्य अतिथि डॉ. समीर वी. कामत ने आईआईटी मंडी को उसकी 15वीं वर्षगांठ पर बधाई दी। इस अवसर पर प्रोफेसर लक्ष्मीधर बेहरा ने कहा कि आईआईटी मंडी के इस सफर में उल्लेखनीय विकास, नवाचार और शैक्षणिक उत्कृष्टता की छाप रही है।

# सुंदरनगर में पंचायतीराज संगठन को करेंगे मजबूत : नीलकमल

**आदर्श यादव, नेरचौक**

भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ को सुंदरनगर जिला में सशक्त किया जाएगा। सबको विश्वास में लेकर पंचायत स्तर पर अभियान चलाकर मोदी सरकार की कल्याणकारी नीतियों को घर-घर पहुंचा जाएगा। यह बात बग्गी में भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ सुंदर नगर के जिला संयोजक नीलकमल ने कहीं।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने पूरे देश में विकास के आयाम स्थापित किए हैं जिससे हिमाचल भी अछूता नहीं रहा है। नीलकमल ने कहा कि इन्हें पार्टी संगठन ने जो जिम्मेदारी सौंपी है उसे पूरी ईमानदारी व निष्ठा से निभाएंगे।

जिला की हर पंचायत में पंचायती राज से जुड़े जनप्रतिनिधियों को भाजपा पंचायती राज प्रकोष्ठ से जोड़ने के लिए प्रयास किया जाएगा।

इस अवसर पर सोहन सिंह नायक, भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता इंद्रजीत बालिया जुगाहन पंचायत के प्रधान राजेंद्र सिंह भी मौजूद रहे।



जानकारी देते राज प्रकोष्ठ व अन्य पदाधिकारी।

# कांग्रेस सरकार में बढ़ी आपराधिक घटनाएं : गोविंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

जहां बीते दिनों प्रदेश की राजधानी शिमला के मॉल रोड में रेस्टोरेंट कर्मी की हत्या का मामला सामने आया है। उससे पूरे प्रदेश में लोगों के दिलों में डर बैठ गया है। इसके अलावा मंडी जिला के बाल इलाके में भी एक युवक की हत्या हो गई। ऐसे में कांग्रेस सरकार में हिमाचल में आपराधिक घटनाएं बढ़ रही है और इन घटनाओं पर कांग्रेस सरकार अंकुश नहीं लग पा रही है।

हिमाचल प्रदेश में बिगड़ रही कानून व्यवस्था पर कांग्रेस सरकार को घेरते हुए पूर्व मंत्री एवं प्रदेश भाजपा के उपाध्यक्ष गोविंद ठाकुर ने कहा कि शिमला में सरेआम युवक की हत्या कर दी गई और पुलिस के कर्मचारी भी कुछ ही दूरी पर मौजूद थे, लेकिन उसके बाद भी आरोपी के द्वारा इस हत्या को अंजाम दिया गया। यह घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है और इस वारदात ने राज्य की कानून-व्यवस्था पर बड़ा प्रश्नचिन्ह लग गया है।

उनका कहना है कि प्रदेश की राजधानी और पर्यटन स्थल में इस तरह की वारदात हो जाना चिंताजनक है और प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति को दुरूस्त करने की जरूरत है।

गोविंद ठाकुर का कहना है कि इन आपराधिक घटनाओं से अब कांग्रेस के नेता भी त्रस्त हो रहे हैं।

अपराधियों के द्वारा कांग्रेस के ही विधायक सुधीर शर्मा को भी जान से मारने की धमकी दी गई है और इसके अलावा बिलासपुर के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर के साथ मारपीट की घटना भी पेश आई है। इन घटनाओं से पता चलता है कि अब इन अपराध की घटनाओं से कांग्रेस के खुद के नेता भी शिकार हो रहे हैं।



**आपराधिक घटनाओं पर अंकुश नहीं लगा रही सरकार**

**शिमला और मंडी में हत्याओं के मामले से दहला प्रदेश**

## महाशिवरात्रि महोत्सव



मंडी। गढ़पति देव खुडीजल अंतरराष्ट्रीय महाशिवरात्रि महोत्सव के लिए कोठी बहली सैंज से रवाना हो गए। छोटी काशी मंडी पहुंचने पर देव श्रीराज माधोराय के दरबार में हाजिरी भरेंगे। कारदार शोभा राम, हिम्मत रात, मानसिंह आदि उपस्थित रहे।

**प्रयोगशाला** टेस्टिंग, ट्रेनिंग और अवेयरनेस के उद्देश्य से मोबाइल फूड टेस्टिंग वैन करेगी कार्य

# खाद्य पदार्थों की मौके पर ही टेस्ट रिपोर्ट होगी प्राप्त

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

हिमाचल के तीन जिलों को 1.49 करोड़ रुपए की तीन मोबाइल फूड टेस्टिंग प्रयोगशाला वैन प्रदान की गई हैं। यह प्रयोगशाला टेस्टिंग, ट्रेनिंग और अवेयरनेस के उद्देश्य को लेकर कार्य करने जा रही हैं। यह जानकारी खाद्य सुरक्षा विभाग मंडी के सहायक आयुक्त मंडी लीलाधर ठाकुर ने दी है। इसमें खाद्य वस्तुओं को मौके पर ही टेस्ट करने बाद कुछ ही समय में रिपोर्ट प्राप्त की जा सकेगी।

आमजन को जागरूक करने के लिए भी इसमें एलईडी स्क्रीन लगी हुई हैं।

ठाकुर ने कहा कि पहले चरण यह वैन मंडी, शिमला और हमीरपुर जिला को मुहैया कराई गई है और भविष्य में प्रदेश के हर जिला को एक मोबाइल फूड टेस्टिंग प्रयोगशाला वैन उपलब्ध करवा दी जाएगी।

**तीन जिलों को 1.49 करोड़ की मोबाइल फूड टेस्टिंग प्रयोगशाला वैन मिली**

### शिवरात्रि महोत्सव पर विभाग ने कसी कमर



मोबाइल फूड टेस्टिंग प्रयोगशाला वैन।

### बच्चे भी होंगे जागरूक

**वैन** के माध्यम से स्कूलों में बच्चों के लिए जागरूकता अभियान आयोजित की जाएंगे। प्रयोगशाला में मौके पर टेस्ट कर नियमों के अनुसार खाद्य पदार्थ की जानकारी प्राप्त की जाएगी।

### विभाग बनाएगा दुकानदारों के अस्थायी लाइसेंस

**वहीं** मंडी शहर में आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव-2024 को लेकर लीलाधर ठाकुर ने कहा कि विभाग ने मेले के दौरान लोगों को उनकी सेहत के लिए सुरक्षित खाद्य सामग्री मुहैया करवाने के लिए रोड मैप तैयार कर लिया है। लीलाधर ठाकुर ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय शिवरात्रि महोत्सव के दौरान मेला स्थल में मोबाइल फूड टेस्टिंग वैन को स्थापित किया जाएगा। इसके साथ बाहरी क्षेत्रों से आने वाले दुकानदारों के अस्थाई लाइसेंस विभाग द्वारा बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान दुकानों पर नियमानुसार खाद्य सामग्री की बिक्री न करने पर मौके पर ही उसे नष्ट किया जाएगा।

## पंचायत प्रतिनिधियों ने डीसी को दिया ज्ञापन

मंडी। पंचायती राज महासंघ का एक एज प्रतिनिधिमंडल उपायुक्त अपूर्व देवगन और अतिरिक्त उपायुक्त रोहित राठौर से मिला।

प्रतिनिधिमंडल द्वारा सौंपा गए ज्ञापन में कहा गया है कि सदर विकास खंड में 54 पंचायतें हैं। इन पंचायतों का कार्यभार केवल दो कनिष्ठ अभियंताओं पर है। ऐसे में आपदा के बाद राहत निर्माण कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

ज्ञापन में मांग की गई है कि दो और कनिष्ठ अभियंता तुरंत सदर विकासखंड में नियुक्त किए जाएं। इसके अलावा ज्ञापन में यह भी मांग की गई है कि मनरेगा के तहत चल रहे निर्माण कार्यों में मजदूरी व सामग्री का भुगतान समय पर किया जाए।

# शिवरात्रि फुटबाल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



प्रैक्टिस के दौरान सामूहिक चित्र में खिलाड़ी एवं कोच।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

शिवरात्रि फुटबाल प्रतियोगिता में इस बार छोटे खिलाड़ियों का भी मैच हुआ। यह केवल एक मैच नहीं था बल्कि नन्हे परिंदों की पहली उड़ान थी। 14 से 16 वर्ष तक के बच्चे पहली बार मैदान में उतरे थे। खेलो इंडिया के कोच कमल किशोर ने बताया कि 20 से ज्यादा महिला खिलाड़ी लगातार पड्डल मैदान में प्रैक्टिस के लिए आ रही है।

जिला फुटबाल संघ के अध्यक्ष लीला विलास ने सभी महिला खिलाड़ियों का आह्वान किया है कि वे ज्यादा से ज्यादा संख्या में मैदान में आएं।








सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद नारेबाजी करते बाहर आते कांग्रेस विधायक।

# स्वास्थ्य विभाग में भरे जाएंगे 1,370 पद : धनी राम शांडिल

## 530 सीएचओ, 622 स्टाफ नर्स, 136 ओटीए, 57 काउंसलर और विभिन्न श्रेणियों के 25 पद शामिल

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग में शीघ्र ही स्टाफ की कमी दूर होगी। इसको लेकर सरकार शीघ्र ही विभिन्न श्रेणियों की भर्ती करेगी। मंगलवार को विधानसभा में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा है कि स्वास्थ्य विभाग में 1,370 पदों को भरा जाएगा।



इसमें 530 सीएचओ, 622 स्टाफ नर्स, 136 ओटीए, 57 काउंसलर और विभिन्न श्रेणियों के 25 अन्य पद शामिल हैं। उन्होंने यह जानकारी स्वास्थ्य विभाग को लेकर लाए गए कटौती प्रस्ताव का उत्तर देते हुए कही। उन्होंने कहा कि सरकार विशेषज्ञों के लिए अलग कॉडर बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है, जिसके लिए भर्ती एवं पदोन्नति नियमों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

इसके अलावा सरकार सभी विधानसभा क्षेत्रों में आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों को खोलने जा रही है, जिसमें प्रति संस्थान एक करोड़ रुपए बजट प्रदान किया जाएगा। ऐसे चिन्हित संस्थानों में सिटी स्कैन व एमआरआई सहित अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। उन्होंने कहा कि सरकार पैट स्कैन और रोबोटिक सर्जरी जैसी सुविधा भी चिन्हित संस्थानों में देने जा रही है। उन्होंने कहा कि सहारा, आयुष्मान व हिम केयर के लिए भी धन उपलब्ध करवाया जा रहा है। इसके लिए 267 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया है। कटौती प्रस्ताव पर चर्चा में भाग लेते हुए विधायक इंद्र सिंह गांधी ने एक छात्रा से दुष्कर्म का मामला उठाया। इससे मैडीकल करवाने में भी विलंब हुआ और आरोपी को नहीं पकड़ा जा सका। उन्होंने कहा कि कई जगह पीएचसी सहित अन्य संस्थानों में मैडीकल एवं पैरा मैडीकल स्टाफ की कमी है, जिसके चलते काफी समस्याएं पेश आ रही है। (अनंत ज्ञान)

### 374 दवाओं के सैंपल फेल

**स्वास्थ्य** मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा है कि पिछले एक वर्ष में बीबीएन क्षेत्र में 374 दवाओं के सैंपल फेल हुए हैं, जिनके सैंपल फेल हुए हैं, उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई है और कुछ को ब्लैक लिस्ट भी किया गया है। कई इकाइयों को शोकॉज नोटिस भी दिए हैं। दवा की गुणवत्ता जांचने को अल्ट्रा मॉडर्न लैब को जल्द लोकार्पण किया जाएगा। इसका निर्माण 32 करोड़ रुपए की लागत से किया जा रहा है। वे मंगलवार को विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान विधायक केवल सिंह पठानिया और विपिन सिंह परमार के मूल और विधायक डॉ. जनक राज के अनुपूरक सवाल का जवाब दे रहे थे।



विधानसभा परिसर में राज्यसभा सांसद के चुनाव के लिए मतदान करने जाते उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री।

### 1829 आवेदकों के घरों को लगाए डंगे, 2090 के शेष

**कृषि** मंत्री चंद्र कुमार ने विधायक विनोद कुमार के सवाल के जवाब में कहा कि नाचन विधानसभा हलके में गत वर्ष हुई भारी बारिश में 3919 लोगों के घर के आगे भूस्खलन हुए और उन्होंने घर के आगे डंगे लगाने के लिए आवेदन किया है। उन्होंने कहा कि इनमें से 1829 आवेदकों के डंगे लगाए जा चुके हैं और शेष 2090 आवेदकों के डंगे लगाए जाने शेष हैं।



## दस साल की नियमित नौकरी के बाद कर्मचारी पेंशन का हकदार: हर्षवर्धन

**अरविंद शर्मा, शिमला**

विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान मंगलवार को उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा है कि हिमाचल में दस साल की नियमित नौकरी के बाद कर्मचारी पेंशन का हकदार है। उन्होंने कहा कि न्यू पेंशन योजना से पुरानी पेंशन योजना में 3899 कर्मचारियों को महालेखाकार द्वारा ओल्ड पेंशन के लिए प्राधिकृत किया जा चुका है।



उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने पांच साल की संविदा और नौ साल की नियमित नौकरी पूर्ण कर ली है, वे सरकारी विभागों में पेंशन के लिए पात्र नहीं हैं। हर्षवर्धन चौहान ने मंगलवार को प्रश्नकाल में विधायक लोकेंद्र कुमार के मूल और डॉ. जनक राज के अनुपूरक सवाल का जवाब दे रहे थे।अनुबंध के आधार पर की गई नौकरी को सीसीएस पेंशन नियम 1972 के तहत पेंशन लाभ के लिए नहीं गिना जाता है। (अनंत ज्ञान)

### प्लेसमेंट या रोजगार के लिए संस्थानों के पास कोई योजना नहीं

**नगर** एवं योजना मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। इन संस्थानों से उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थियों को प्लेसमेंट या रोजगार प्रदान करने के लिए इन संस्थानों के पास कोई कार्यक्रम या योजना नहीं है। हालांकि कई औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में विभिन्न कंपनियों की सहायता से कैंपस साक्षात्कार का आयोजन किया जाता है, जिसमें कई प्रशिक्षणार्थी कंपनियों में प्लेसमेंट प्राप्त कर लेते हैं। विधायक पवन कुमार काजल के सवाल के जवाब में धर्माणी ने कहा कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान इन कंपनियों को कैंपस साक्षात्कार के लिए स्थान इत्यादि की सुविधा प्रदान करवाते हैं।





विधानसभा बजट सत्र के दौरान परिसर में नारेबाजी करते भाजपा के विधायक।

## प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान के लिए एनएचएआई जिम्मेदार नहीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

विधायक विनोद सुल्तानपुरी के सवाल के जवाब में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में जुलाई व अगस्त, 2023 के महीनों में अभूतपूर्व भारी वर्षा हुई थी। भारतीय मौसम विभाग द्वारा 12 जुलाई 2023 को जारी रिपोर्ट के अनुसार, सोलन जिले में सात से 11 जुलाई, 2023 के दौरान 472.6 मिलीमीटर वर्षा हुई, जो इस अवधि की सामान्य वर्षा से 809 प्रतिशत अधिक थी, यह एक प्राकृतिक आपदा थी।

सरकार की अधिसूचना 18 अगस्त 2023 द्वारा प्रदेश को प्राकृतिक आपदा प्रभावित क्षेत्र भी घोषित किया गया था। लिहाजा सोलन-परवाणू फोरलेन पर सनवारा, चक्की मोड़, दत्यार, जाबली व कुमारहट्टी व धर्मपुर के पास नुकसान प्राकृतिक आपदा के कारण हुआ है। प्राकृतिक आपदा के कारण हुए नुकसान के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण जिम्मेदार नहीं है। विधायक रीना कश्यप के सवाल के जवाब में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कहा कि जल शक्ति विभाग के राजगढ़ मंडल के लिए नाहन व नौहराधार मंडल से 72 पैरा वर्करों के पदों को स्थानांतरित किया गया है। इसके अलावा राजगढ़ मंडल के लिए नौ पैरा पंप चालक, चार पैरा फिटर व सात मल्टीपर्पज वर्कर्ज के पद स्वीकृत किए हैं। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा पदों का आवंटन मंडलावार किया गया है तथा कार्य की आवश्यकता तथा रिक्त पदों के अनुसार बढ़ाया व घटाया जा सकता है। उधर, शिक्षा मंत्री की गैर मौजूदगी में उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने विधायक चंद्र शेखर के सवाल के जवाब में कहा कि स्कूलों के खेल मैदान में प्रदेश उच्च न्यायालय ने अन्य गतिविधियों पर रोक लगाई हुई है। उन्होंने कहा कि स्कूलों के मैदान में अन्य गतिविधियों से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है तथा स्कूल की संपत्ति को भी नुकसान होता है। उन्होंने कहा कि यदि स्कूल में भूमि उपलब्ध होती है तो युवा सेवाएं एवं खेल विभाग को भूमि दी जा सकती है। खेल विभाग को इंडोर स्टेडियम बनाने के लिए जंजैहली, माजरा व नदौन में भूमि दी गई है।

### शिमला जल प्रबंधन निगम से हाई कोर्ट ने मांगा जवाब

## गिरि नदी में गाद से गंदगी के निपटारे के लिए क्या किया?

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश हाई कोर्ट ने शिमला को पानी मुहैया करवाने वाली गिरि नदी में गाद के कारण गंदगी से जुड़े मुद्दे के निपटारे के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी देने के आदेश जारी किए। मामले की अगली सुनवाई 27 मार्च को निर्धारित की है। हाई कोर्ट के अधिवक्ता विजय अरोड़ा द्वारा शिमला शहर में पानी की किल्लत से निजात पाने के लिए दायर जनहित याचिका की सुनवाई के पश्चात मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव व न्यायाधीश ज्योत्स्ना रिवाल दुआ की खंडपीठ ने यह आदेश पारित किए।



उल्लेखनीय है कि हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को करीब चार साल पहले आदेश जारी किए थे कि वह गिरि नदी में गंदगी से निपटने बाबत सभी पक्षकारों के साथ मीटिंग का आयोजन करे। इस दौरान सभी पक्षकारों को यह आदेश जारी किए गए थे कि वे यह सुनिश्चित करें कि गिरी नदी में किसी भी प्रकार का मलबा व कचरा न गिराया जाए। सदस्य सचिव पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड, लोक निर्माण विभाग व वन विभाग को आदेश जारी किए थे कि वह संयुक्त निरीक्षण करें और पहचान करें कि ऐसे कौन से संवेदनशील स्थान है, जहां पर अवैध तरीके से मलबे की डंपिंग की जाती है। कोर्ट ने आदेश दिए थे कि इन स्थानों को तारों इत्यादि द्वारा सील किया जाए। इस बाबत राज्य सरकार को विशेष बजट प्रस्ताव रखने के भी आदेश जारी किए थे। हाई कोर्ट ने इन आदेशों की जानकारी गिरी नदी से लगती ग्राम पंचायतों को पहुचाने के आदेश जारी किए थे।

### अर्की के भलग और समत्यारी में जमीन का कब्जा अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी को देने के आदेश

**शिमला।** प्रदेश हाई कोर्ट ने अर्की तहसील के तहत गांव भलग और समत्यारी में अधिगृहीत भूमि का कब्जा अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी को सौंपने के आदेश दिए। मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव व न्यायाधीश ज्योत्स्ना रिवाल दुआ की खंडपीठ ने अधिग्रहण के बावजूद संपत्तियों पर कब्जा बनाए रखने वाले विस्थापितों की अपील का निपटारा करते हुए यह आदेश दिए। कोर्ट ने अधिगृहीत भूमि का कब्जा दो सप्ताह के भीतर सौंपने को कहा है। मुंशी राम व अन्यों द्वारा दायर अपील में हाई कोर्ट की एकल पीठ के फैसले को खंडपीठ के समक्ष चुनौती दी गई थी। खंडपीठ ने अपील कर्ताओं के आचरण पर हैरानी जताई और कहा कि संबंधित संपत्तियों के अधिग्रहण के लिए अधिसूचना वर्ष 2005 में हो गई थी। अधिग्रहण का अवार्ड वर्ष 2008 में पारित हो गया था। इसी संदर्भ में अनुपूरक अवार्ड वर्ष दो मई, 2022 को पारित किया गया। इसके बावजूद विस्थापित हुए भूमालिक भूमि पर कब्जा बनाए बैठे हैं। खंडपीठ ने इन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए एकल पीठ के फैसले में दखल देने से इंकार कर दिया। एकल पीठ ने अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी की याचिका को स्वीकारते हुए अधिगृहीत भूमि का शांतिपूर्वक कब्जा कंपनी के सुपुर्द करने के आदेश दिए थे।

### खेलो इंडिया में प्रकृति ने जीता सिल्वर मेडल

**केलांग।** लाहौल-स्पीति जिले की बेटी ने खेलो इंडिया के ओपन मुकाबले में स्नो बोर्ड चैंपियनशिप में दूसरी बार सिल्वर मेडल लेकर हिमाचल का नाम रोशन किया है। जम्मू-कश्मीर में 21 फरवरी से चल रही खेलो इंडिया में लाहौल-स्पीति की बेटी ने अपना बेहतर प्रदर्शन किया है। जोबरंग पंचायत के रापे गांव की प्रकृति ठाकुर (20) ने खेलो इंडिया के तहत स्नो बोर्ड में राष्ट्रीय स्तर पर दूसरी बार सिल्वर मेडल अपने नाम हासिल किया है। प्रकृति ठाकुर रापे गांव के प्रताप ठाकुर और उमा ठाकुर की बेटी है। बीते वर्ष भी प्रकृति ने सिल्वर मेडल जीता था। प्रकृति ठाकुर की मां उमा ठाकुर स्कीइंग में परशुराम आवार्ड पाने वाली देश की पहली महिला है। लिहाजा मां की प्रेरणा से प्रकृति ने मुकाम पाया है। प्रकृति चंडीगढ़ यूनिवर्सिटी में आर्किटेक्ट की पढ़ाई के साथ कजाकिस्तान से साहसिक खेल स्नो बोर्ड में प्रशिक्षण ले रही है। प्रकृति की इस कामयाबी पर मनाली विधानसभा क्षेत्र के विधायक भुवनेश्वर गौड़ लाहौल-स्पीति के विधायक रवि ठाकुर ने उन्हें बधाई दी है।



## पटियाला में होगी राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ की केंद्रीय कार्य समिति की बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, रोहड़ू**

राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ की केंद्रीय कार्य समिति की बैठक दो-तीन मार्च को पटियाला (पंजाब) में महासंघ के अध्यक्ष विपन कुमार डोगरा की अध्यक्षता में आयोजित होगी।



बैठक में भारतीय मजदूर संघ के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष व प्रभारी जीईएनसी एमपी सिहं मुख्यातिथि के रूप में शामिल रहेंगे। सह प्रभारी सुखमिंदर डीकी, महासंघ के अखिल भारतीय महामंत्री विष्णु वर्मा, संगठन मंत्री प्रमोद मिश्रा, वित्त सचिव अमोद श्रीवास्तव व अन्य पदाधिकारी एवं कार्य समिति सदस्य विशेष रूप से शामिल रहेंगे। महासंघ से जुड़े सभी राज्यों के अध्यक्ष व महामंत्री भी भाग लेकर अपने-अपने राज्यों की गतिविधियों, मांगों, कार्यक्रमों, राज्य अधिवेशनों व संगठनात्मक विषयों की जानकारी बैठक में रखेंगे। बैठक के व्यवस्था प्रमुख शिव चरण व अनिल खन्ना होंगे। महासंघ के अखिल भारतीय प्रचार मंत्री अमित चंदेल व हिमाचल प्रदेश राज्य कर्मचारी महासंघ के प्रांत महामंत्री उमेश कुमार ने बताया कि बैठक में 2016 से सातवें वेतन आयोग की सिफारिशों से मिले वेतनमानों का बकाया एरियर अदा न होने व विसंगतियों को इतने वर्षों बाद भी दूर न करने पर चर्चा होगी। वहीं, कर्मचारियों की मांगों को पूर्ण करवाने के लिए संघर्ष की रणनीति बनाई जाएगी।

**बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें**

**बर्थडे** हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सएेप नंबर 8580644502 पर भेजें।

**सालगिरह मुबारक**



नैहरनपुखर के अंकुश व शालिनी को शादी की चौथी सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक बधाई।

## औद्योगिक विकास योजना के 60 दावे मंजूर

### प्लांट एवं मशीनरी में 721.78 करोड़ रुपए का होगा निवेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रधान सचिव उद्योग, आरडी नजीम ने मंगलवार को राज्य स्तरीय समिति की 12वीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग की औद्योगिक विकास योजना के अंतर्गत दावों को स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक के दौरान समिति द्वारा कुल 60 दावों को मंजूरी प्रदान की गई। इसमें प्लांट एवं मशीनरी में 721.78 करोड़ रुपए का निवेश और 2118 लोगों को रोजगार उपलब्ध करवाया गया है। इन मामलों में कुल 235.72 करोड़ रुपए की सब्सिडी घटक शामिल हैं और यह मामले भारत सरकार को भेजे जाएंगे, ताकि सब्सिडी शीघ्र प्राप्त हो सके। समिति के सदस्य सचिव एवं निदेशक उद्योग राकेश कुमार प्रजापति ने राज्य स्तरीय समिति के समक्ष दावे प्रस्तुत किए और मामला दर मामला विश्लेषण के आधार पर निर्णय लिया गया। इस औद्योगिक विकास योजना की मुख्य विशेषताओं में सभी पात्र नई उद्योग इकाइयों और प्रदेश में स्थापित सभी पात्र औद्योगिक इकाइयों के विस्तार के लिए ऋण तक पहुंच के लिए केंद्रीय पूंजी निवेश प्रोत्साहन (सीसीआईआईएसी) शामिल है। यह प्रोत्साहन संयंत्र और मशीनरी में निवेश का 30 प्रतिशत या अधिकतम पांच करोड़ रुपए है। यह योजना 1 अप्रैल, 2027 से 31 मार्च, 2022 की अवधि के दौरान स्थापित और विस्तार प्रदान की गई इकाइयों के लिए है।

## प्रदेश के 57 रूटों पर निजी बसें चलाने की तैयारी

### एचआरटीसी के सरेंडर किए गए रूटों पर चलेंगी प्राइवेट बसें, निगम ने मांगे आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में परिवहन व्यवस्था को सुगम बनाने के लिए राज्य सरकार प्रदेश के विभिन्न जिलों में निजी बसें चलाने की तैयारी कर रही है। राज्य के अलग-अलग जिलों के 57 रूटों पर निजी बसें चलाने की तैयारी की जा रही है। परिवहन विभाग द्वारा इन बसों को चलाने के लिए अधिसूचना जारी कर दी है और इसके लिए आवेदन भी मांगे हैं।



इन 57 रूटों में से 23 रूट ऐसे हैं, जिन्हें हिमाचल प्रदेश पथ परिवहन निगम ने सरेंडर किया है। यानी पहले निगम की बसें इन रूटों पर चल रही थीं। घाटे का रूट होने के चलते इन पर बसों का संचालन बंद कर दिया गया। इनमें छह रूटों पर 18 सीटर ट्रैवलर चलेगी, जबकि 17 रूटों पर विभिन्न सीटिंग कैपेसिटी की बसें चलेंगी।

परिवहन विभाग ने अधिसूचना जारी कर इसके लिए आवेदन मांगे है। चयनित मार्गों की सूची विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इच्छुक लोग 21 मार्च आवेदन कर सकते हैं। परिवहन विभाग के अतिरिक्त आयुक्त नरेश ठाकुर ने कहा कि इसके लिए ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। आवेदन करने से पहले आवेदनकर्ता संबंधित रूट का अच्छे से निरीक्षण कर लें व प्रकाशित रूटों की शर्तों में किसी भी स्पष्टीकरण के लिए संबंधित क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं।

### ये हैं 18 सीटर बस के रूट, आरटीओ का नाम, रूट संख्या

**आरटीओ** सोलन 01, आरटीओ हमीरपुर, 01, आरटीओ नालागढ़, 04, कुल, 06
18 सीटर रूट सामान्य सीटिंग कैपेसिसटी, आरटीओ सोलन, 02, आरटीओ ऊना, 11, आरटीओ नाहन, 03, आरटीओ मंडी, 02, आरटीओ चंबा, 01, आरटीओ कुल्लू, 08, आरटीओ धर्मशाला, 07, कुल, 34, एचआरटीसी सरेंडर रूट 45, 42 सीटर, आरटीओ सोलन, 03, आरटीओ शिमला, 01, आरटीओ रामपुर, 02, आरटीओ मंडी, 06, आरटीओ हमीरपुर, 01, आरटीओ कुल्लू, 03, आरटीओ धर्मशाला, 01, कुल 17

### चार मार्च को अंब से चलेगी रामभक्तों की दूसरी ट्रेन: कटवाल

**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी हिमाचल प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल ने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर निर्माण तथा साथ ही रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद पांच फरवरी, 2024 को हिमाचल प्रदेश से रामभक्तों की पहली ट्रेन अयोध्या धाम के लिए रवाना हुई थी। वह ट्रेन अंब-अंदौरा रेलवे स्टेशन से अयोध्या के लिए गई थी। प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव कटवाल ने कहा कि चार मार्च को हिमाचल प्रदेश से रामभक्तों की दूसरी ट्रेन जा रही है और यह ट्रेन अंब रेलवे स्टेशन से सुबह 6:00 बजे चलेगी। इस ट्रेन के अंदर मंडी और कुल्लू जिला से लगभग 1074 राम भक्त अयोध्या जा रहे हैं।

**शिक्षा**

### वित्त पोषित भारत-रूसी संयुक्त अनुसंधान परियोजना के तहत सहयोग के लिए किया विश्वविद्यालय का दौरा

## शूलिनी यूनिवर्सिटी पहुंचे रूस के वैज्ञानिक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

रूसी विज्ञान अकादमी, मॉस्को और मॉस्को स्टेट यूनिवर्सिटी, मॉस्को, रूस के एक वैज्ञानिक प्रतिनिधिमंडल ने वैज्ञानिक उन्नति के उद्देश्य से डीएसटी द्वारा वित्त पोषित भारत-रूसी संयुक्त अनुसंधान परियोजना के तहत सहयोग के लिए शूलिनी विश्वविद्यालय परिसर का दौरा किया।

टीम का नेतृत्व रूसी विज्ञान अकादमी, मॉस्को के उच्च तापमान के संयुक्त संस्थान में प्रयोगशाला के प्रमुख प्रोफेसर मिखाइल व्लास्किन और प्रोफेसर किसेलेवा सोफिया मॉस्को स्टेट यूनिवर्सिटी, मॉस्को, रूस इसके अलावा प्रोफेसर विनोद कुमार, प्रमुख खाद्य विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग ग्राफिक एरा विवि, देहरादून, शूलिनी विवि में स्कूल ऑफ बायो इंजीनियरिंग एंड फूड टेक्नोलॉजी के प्रोफेसर पंकज कुमार चौहान ने अनुसंधान उत्कृष्टता और नवाचार पर सहयोग करने के लिए उनका स्वागत किया। यात्रा के दौरान, प्रतिनिधिमंडल ने शूलिनी विश्वविद्यालय के नेतृत्व के साथ सार्थक बातचीत की, जिसमें चांसलर प्रोफेसर पीके खोसला, कुलपति प्रोफेसर अतुल खोसला, प्रो-चांसलर विशाल आनंद और शूलिनी विश्वविद्यालय में नवाचार और शिक्षण के निदेशक आशीष खोसला शामिल थे। एप्लाइड साइंसेज और बायो टेक्नोलॉजी संकाय के डीन। उन्होंने स्कूल ऑफ बायो इंजीनियरिंग एंड फूड टेक्नोलॉजी के प्रमुख और अन्य वरिष्ठ संकाय सदस्यों से भी मुलाकात की।



शूलिनी विश्वविद्यालय पहुंचा रूसी वैज्ञानिकों का प्रतिनिधिमंडल।

प्रो. पंकज कुमार चौहान ने कहा कि विभिन्न विषयों और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि के विशेषज्ञों को एक साथ लाकर, शूलिनी विश्वविद्यालय और उसके रूसी समकक्षों ने अनुसंधान और शिक्षा में वैश्विक साझेदारी के लिए एक मिसाल कायम की है।

### देश में शीर्ष पर शूलिनी विवि

**सोलन।** अपनी उपलब्धि में एक और उपलब्धि हासिल करते हुए, शूलिनी विश्वविद्यालय को निवेश पर सबसे मजबूत रिटर्न देने वाले विश्वविद्यालयों में देश में नंबर एक और दुनिया भर में चौथे नंबर पर स्थान दिया गया है। प्रतिष्ठित टाइम्स हायर एजुकेशन (टीएचई) द्वारा दुनिया भर के विभिन्न विश्वविद्यालयों के फंडिंग इनपुट के सापेक्ष सर्वोत्तम परिणामों के लिए अपने विश्लेषण बैंग फॉर बक के तहत विश्व रैंकिंग जारी की गई है। फ्रांस में स्थित सोरबोन यूनिवर्सिटी और यूनिवर्सिट पेरिस साइट इस सूची में शीर्ष पर हैं, जबकि यूके के ब्राइटन और ससेक्स मेडिकल स्कूल को तीसरा स्थान मिला है। शूलिनी विश्वविद्यालय, जिसे दुनिया भर में चौथा स्थान मिला था, ने देश के सभी विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों में शीर्ष स्थान हासिल किया है।

**RAJIV GANDHI MEMORIAL GOVERNMENT COLLEGE JOGINDER NAGAR**

Tehsil-Joginder Nagar, District- Mandi, HP, 175015
*Tel. No. 01908-222426, eMail: gcjogindernagar-hp@nic.in*

**No. EDN-GC-JNR (04)-01/2024-HEIS-148**

Dated : 26th February 2024

**WALK-IN-INTERVIEW**

There will be a Walk-in-Inerview for the post enumerated below, on period basis, for one academic session i.e 2024-25, in the O/o Principal-cum-Director, Higer Education Institute Society (HEIS) of Rajiv Gandhi Memorial Government College Joginder Nagar, District-Mandi, HP, on 4th March 2024 (Monday) at 11.00 am:-

| Name of the Post | Department | No. of vacancy | Qualification |
|---|---|---|---|
| Assistant Professor (Guest Faculty) | BBA | 01 | As per UGC norms |

**Note:-**
1. Relaxation in eligibility conditions will be admissible as per UGC/HP Govt. norms for rederved categories.
2. Undersigned reserved the right not to engage the incumbent(s) against the above post without assigning any reason.
3. TA/DA shall not be paid to the candidates.

**Principal-cum-Director**
Higher Education Institute Society (HEIS)
RGM Government Collage-Joginder Nagar
District-Mandi, Himachal Pradesh

## न्यूज ब्रीफ

### 29 फरवरी को इन क्षेत्रों में बिजली रहेगी बंद

**रिकांगपिओ।** सहायक अभियंता बिजली उपमंडल रिकांगपिओ ने बताया कि दोनालू के समीप बिजली लाइन के ऊपर पेड़ गिरने के कागार पर हैं अतः पेड़ की कटाई के चलते पीएनबी रिकांगपिओ के आसपास के क्षेत्र कल्पा, पंगी, कोठी, ब्रेलंगी, ख्वांगी, पूर्वनी, तेलंगी तथा काशंग में 29 फरवरी को प्रात नौ से सायं छह बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी यदि खराब मौसम के कारण कार्य पूर्ण नहीं होता है, तो अगले दिन भी बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बिजली आपूर्ति की असुविधा के चलते जनसाधारण से सहयोग की अपील की है।

### दिव्यांगता आंकलन शिविर एक मार्च को

**शिमला।** जिला कल्याण अधिकारी शिमला केवल राम चौहान ने बताया कि नागरिक अस्पताल जुब्बल में एक मार्च को दिवयांगता आंकलन शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में आठ चिकित्सक विशेषज्ञ भाग लेंगे और चिकित्सा प्रमाण पत्र बनाने के लिए जिला शिमला की किसी भी तहसील के दिव्यांगजन इस शिविर का लाभ उठा सकते हैं। जिला कल्याण अधिकारी ने बताया कि दिव्यांगजन दस्तावेजों में हिमाचली प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, परिवार नकल और दो पासपोर्ट साइज फोटो अपने साथ लाएं। इस शिविर की अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए तहसील कल्याण अधिकारी शिमला ग्रामीण सतीश शर्मा से संपर्क किया जा सकता है।

### एसडीएम से मिले टैक्सी यूनियन के पदाधिकारी



**कुमारसैन।** मंगलवार को कोटेश्वर महादेव टैक्सी आपरेटर यूनियन कुमारसैन की नवगठित कार्यकारिणी के पदाधिकारी कुमारसैन के एसडीएम कृष्ण कुमार शर्मा से मिले। मुलाकात के दौरान टैक्सी यूनियन के पदाधिकारियों ने एसडीएम कृष्ण कुमार शर्मा का हिमाचली टोपी व मफलर पहनाकर कुमारसैन में पदभार संभालने पर स्वागत किया। इस दौरान कोटेश्वर महादेव टैक्सी आपरेटर्स यूनियन के प्रधान मोहनलाल, सचिव अजीत कुमार, कोषाध्यक्ष कुलदीप श्याम और सदस्य डिंपल, कर्मचंद, राजेंद्र व दलीप भी मौजूद रहे।

### एससी व एसटी के अधिकारों बारे किया जागरूक

**चौपाल।** ग्राम पंचायत पुजारली में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम 1989 के संदर्भ में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। तहसील कल्याण अधिकारी चौपाल आशा तोमर की ओर से अनुसूचित जाति तथा अनसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के बारे में विस्तार से उपस्थित ग्रामवासियों को जागरूक किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों को संविधान में कानून के अंतर्गत समाज के इस वर्ग के लिए सुरक्षा के प्रावधानों बारे तथा उन पर अत्याचार होने की स्थिति में कैसे कानून का सहारा लेने के बारे जानकारी दी गई।

### युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को दिए टिप्स

**रामपुर।** भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष तिलक राज शर्मा ने रामपुर में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को टिप्स दिए। आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशियों की जीत के लिए सक्रियता से भागीदारी निभाने का आह्वान किया। केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भी कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए। युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ने बीते रोज शिमला के माल रोड रिपोर्टिंग रूम के बाहर हुई हत्या को दुर्भाग्यपूर्ण बताया व भाजपा युवा मोर्चा को रामपुर में सशक्त और सजग करने के लिए मोर्चे के प्रदेश अध्यक्ष तिलक राज शर्मा ने टिप्स दिए व उन्होंने युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं की बैठक में कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा युवा मोर्चा की अहम भूमिका रहने वाली है और उसके लिए कार्यकर्ता अभी से कमर कस लें।

### बच्चों को सड़क सुरक्षा के बारे में किया जागरूक

**जुब्बल।** जुब्बल स्कूल के बच्चों ने मंगलवार को सड़क सुरक्षा अभियान के तहत जुब्बल बाजार में एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों द्वारा नारों के माध्यम से शहर के लोगों को जागरूक किया। इससे पहले प्रधानाचार्य सुमन चंदेल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा के बारे में जानकारी होना हर व्यक्ति के लिए अनिवार्य है। सड़क सुरक्षा की जानकारी के अभाव में प्रतिदिन अनेक सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, जिसमें हर वर्ष सैकड़ों व्यक्ति अपनी जान गवां देते हैं। प्रधानाचार्य ने बताया कि बच्चों को सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक करना समय की आवश्यकता बन गई है, ताकि बच्चों के माध्यम से सड़क सुरक्षा का संदेश प्रत्येक घर-घर तक पहुंच सके।

### 95 लाख खर्च करने की सीमा निर्धारित

**शिमला।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन द्वारा समय रहते तैयारियों को अंजाम दिया जा रहा है। शिमला में आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरांत वीडियो निगरानी दल, फ्लाइंग स्कवायड कार्य करना शुरू कर देंगे और व्यय पर्यवेक्षकों को प्रत्याशियों का लेखा-जोखा भारत निर्वाचन आयोग के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। मंगलवार को जिला कार्यालय में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के संदर्भ में व्यय पर्यवेक्षकों की बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता एडीसी शिमला अभिषेक वर्मा ने की। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि सभी अधिकारी लोकसभा चुनाव के दौरान भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का पालन करें तथा पारदर्शी एवं निष्पक्ष ढंग से अपने दायित्व का निर्वहन करें, ताकि आगामी लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया सुचारू रूप से संपन्न हो सके। लोकसभा चुनाव में प्रत्येक प्रत्याशी को 95 लाख खर्च करने की सीमा निर्धारित की गई है।

### सुदर्शन बने चूड़ेश्वर सेवा कांडा बनाह के अध्यक्ष



**चौपाल/नेरवा।** चूड़ेश्वर सेवा समिति द्वारा सुदर्शन धीरटा को अध्यक्ष चुना गया है, जबकि जगदीश चौहान को सचिव चुना गया है। नई इकाई के गठन को लेकर पंचायत कांडा बनाह के बुद्धिजीवी एवं युवा वर्ग की एक बैठक के दौरान यह चुनाव किया गया है। इस मौके पर नई चूड़ेश्वर सेवा समिति कांडा बनाह के गठन का निर्णय लिया गया। बैठक में मौजूद समस्त लोगों की सहमति से नई समिति का गठन किया गया। समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष सुदर्शन ने कहा कि चूड़ेश्वर धाम के उत्थान के लिए उनसे जो भी आवश्यक होगा, उसके लिए वह हर संभव प्रयास करते रहेंगे। चूड़ेश्वर महाराज के नाम से विख्यात देवता शिरगुल उनके ही नहीं पूरे कांडा बनाह क्षेत्र के कुल देवता हैं तथा चूड़ेश्वर धाम के प्रति यहां के लोगों की विशेष आस्था है।

# गल्ले से 45 हजार चोरी कर फरार हुआ था हत्यारा, चंडीगढ़ से गिरफ्तार

## आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस को सीसीटीवी फुटेज व लोकेशन के आधार पर मिली कामयाबी

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

शिमला के माल रोड पर युवक की हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को चंडीगढ़ से गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस ने यह कामयाबी सीसीटीवी फुटेज खंगालने व लोकेशन के आधार पर हासिल की है। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस ने शिमला से दो टीमें सिरसा हरियाणा भेजी थी, लेकिन पुलिस को जब पता चला कि आरोपी चंडीगढ़ में किसी लिंक रोड से गुजर रहा है। तभी पुलिस ने उसे पकड़ने के लिए जाल बिछाया और चंडीगढ में पकड़ लिया। हालांकि शिमला में जब आरोपी ने युवक पर हमला किया तो वह लिफ्ट के समीप शिव मंदिर वाले रास्ते से कार्ट रोड पहुंचा उसके बाद उसने लिफ्ट ली। पहले वह कसुम्पटी गया फिर वहां न्यू बस स्टैंड पहुंचा। फिर वहां से चंडीगढ़ गया। पुलिस आरोपी को पकड़कर शिमला ले आई है और इसे आज कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस अब कोर्ट से इसे रिमांड पर भेजने की मांग करेगी और यह पूछताछ में हत्या के सारे राज खोलेगा। यह घटना रविवार रात दो बजे पुलिस कंट्रोल रूम के सामने रेस्टोरेंट में पेश आई थी। इसका खुलासा तभी हुआ था, जब युवक खून से लथपथ युवक मदद के लिए पुलिस नियंत्रण कक्ष पहुंचा, जिसे पुलिस अधिकारी उपचार के लिए अस्पताल ले गए, लेकिन सोमवार सुबह उपचार के दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। यह 21 वर्षीय मनीष उपमंडल चौपाल के गांव कोठी शिमला का रहने वाला था। पुलिस ने हथियार कब्जे में ले लिया है। आरोपी राणिया सिरसा हरियाणा निवासी सतेंद्र पाल सिंह ने मनीष के रेस्टोरेंट में आकर रात दो बजे उस पर जानलेवा हमला कर दिया था। यह चोरी करने आया था और जब उसे मनीष ने रोका, तो उस पर हमला किया। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान फॉलोअप

### माल रोड पर आधा दिन बंद की दुकानें

माल रोड पर हुए युवक हत्याकांड मामले को लेकर शहर के माल रोड के कारोबारियों ने मंगलवार को आधा दिन दुकान बंद रखने का फैसला लिया। सुबह से ही माल रोड की ज्यादातर दुकानें बंद रहीं। सीटू के कार्यकर्ता मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर आईजीएमसी पहुंचे। आईजीएमसी में मृतक के परिजनों ने एसडीएम का घेराव किया और शव घर ले जाने से इनकार कर दिया। हालांकि बाद में जब हथियारे को पकड़ने की सूचना मिली, तो परिजनों ने शव को आईजीएमसी से उठा लिया और अंतिम संस्कार के लिए घर ले गए।

> पुलिस ने हत्या करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस इससे शिमला ले आई है। शीघ्र ही इससे कोर्ट में पेश किया जाएगा। मामले की अभी जांच जारी है।
> **संजीव गांधी, एसपी शिमला।**

### सुक्खू सरकार का बजट हर वर्ग के लिए कल्याणकारी: कायथ

**रोहड़ू।** प्रधान परिषद छौहारा के अध्यक्ष बंटी कायथ ने हाल ही में प्रदेश सरकार द्वारा पेश किए गए बजट की सराहना करते हुए बताया है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने हर वर्ग के लिए शानदार बजट पेश किया है।

इस बजट की विशेषता यह है कि ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत काम करने वाले मजदूरों की दिहाड़ी 300 रुपए कर दी गई है, जिससे पूरे प्रदेश में विकास की गति को बढ़ावा मिलेगा और आम आदमी की आय में वृद्धि होगी। प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। प्रदेश में गाय के दूध का न्यूनतम मूल्य 45 रुपए कर दिया गया है। वहीं, मुख्यमंत्री सुक्खू ने बागवानी के क्षेत्र में व्यवस्था परिवर्तन लाते हुए यूनिवर्सल कार्टन लागू करने की अधिसूचना जारी कर दी है। प्रदेश में पंचायतीराज प्रतिनिधियों के वेतन व वार्ड सदस्यों के मानदेय में ऐतिहासिक वृद्धि की गई है।

### मसूड़ों की रोकथाम के लिए चलाया अभियान

**शिमला।** इंडियन सोसायटी ऑफ पेरियोडोंटोलोजी ने मंगलवार को राजकीय दंत कॉलेज शिमला में मसूड़ों की बीमारियों की रोकथाम के अभियान चलाया, जो अभियान एक महीने तक चलेगा।

इस अभियान के अंतर्गत पेरियोडोंटोलोजी विभाग में राष्ट्रीय पेरियोडोंटोलोजी दिवस का आयोजन किया गया। उन्हें मसूड़ों से संबंधित बीमारियों के कारणों और लक्षणों के विषय में जागरूक किया गया। मरीजों की संख्या में कमी आ सके। इसके साथ ही मरीजों को और मुफ्त दवाइयां भी वितरित की गई। इसके अतिरिक्त विभाग में विभिन्न प्रतियोगिता आयोजित की गई।

### सांसद प्रतिभा सिंह ने जिला स्तरीय किसान मेले का किया शुभारंभ

## रसायन मुक्त खेती करने की आवश्यकता

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**

सुन्नी में जिला स्तरीय किसान मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ मंडी संसदीय क्षेत्र की सांसद प्रतिभा सिंह ने किया। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि आज प्रदेश के हर किसान को रसायन मुक्त खेती करने की आवश्यकता है।

उन्होंने किसानों को प्रदेश को रसायन मुक्त करने के लिए प्राकृतिक खेती करने के लिए भी प्रेरित किया। स्वस्थ रहने के लिए विलुप्त हो रहे मोटे अनाज को अपनाना पड़ेगा। संभवत मोटे अनाजों के उपयोग जीवन रोग रहित हो सकता है। इस दौरान उन्होंने सुन्नी स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर परिसर में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण तथा पुस्तकालय भवन का शिलान्यास भी किया।

इस दौरान उन्होंने गणपति मंदिर में चल रही मूर्ति प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान में हिस्सा लिया। इस दौरान मुख्यातिथि द्वारा किसानों, स्वयं सहयाता समूह तथा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी केडी सदस्यों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए। प्रदर्शनी में लगे स्टॉलों के माध्यम से प्राकृतिक खेती में उपयोग होने वाली देसी गाय के गोबर से तैयार खाद व जंगली पतियों से निर्मित कीटनाशक को भी प्रदर्शित किया गया तथा समूह की महिलाओं द्वारा विलुप्त हो रहे मोटे अनाजों के पकवान भी प्रदर्शित किए गए।



जिला स्तरीय किसान मेले के दौरान सामुदायिक भवन का लोकार्पण करती प्रतिभा सिंह।

### एसजेपीएनएल को दी संपत्ति और मूल्य के आकलन पर होगा फैसला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

आज होगी नगर निगम की मासिक बैठक

आज नगर निगम की मासिक बैठक होगी। शिमला शहर में किस तरह का विकास किया जा सकता है, इस पर चर्चा की जानी है।

एमसी एसजेपीएनएल को दी गई संपत्तियों को हस्तांतरित करने और उनके मूल्य के आकलन के लिए पर भी फैसला लिया जाएगा साथ ही पिछली बरसात में हुए नुकसान का कितना कार्य हुआ है और कितना काम शेष बचा है इस पर भी चर्चा की जाएगी। इसके अलावा सूखे पेड़ों की अनुमति समय पर नाम मिलने के कारण लोगों को घरों पर पेड़ गिरने का डर सता रहा है। लंबे समय से लोग पेड़ों को काटने के लिए आवेदन करते हैं, लेकिन सालों तक पेड़ काटने के लिए मंजूरी नहीं मिलती है। वार्डों में कूड़ा फेंकने पर लोगों पर जुर्माने की व्यवस्था सही तरीके से न करना शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर निगम की स्वास्थ्य शाखा के अधिकारियों के गंभीर न होने सहित अन्य मसलों पर हंगामा भी हो सकता है। निगम शिमला में छोटा शिमला, चौड़ा मैदान व न्यू शिमला में बने बु कैफे को कैसे बेहतर तरीके से चलाया जा सकता है। इसका प्रस्ताव भी बैठक में लाया जाएगा और पार्षदों की सहमति के बाद इस पर कोई नया फैसला लिया जा सकता है।

### व्यवस्था परिवर्तन के साथ बिगड़ी कानून व्यवस्था : अंकुश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

एबीवीपी हिमाचल प्रदेश के शिमला महानगर मंत्री अंकुश वर्मा की अगुआई में धरना-प्रदर्शन किया। धरने को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जब से व्यवस्था परिवर्तन की सरकार आई है।

उस समय से ऐसे ही लगातार प्रदेश की कानून व्यवस्था चरमरा रही है। प्रदेश में चोरी चकारी, लूट, मर्डर जैसी वारदातें बढ़ती हुई सामने आई हैं, जिसकी वजह से देव भूमि की छवि धूमिल हो रही है। ऐसे ही देखा जाता है कि किस प्रकार से प्रदेश के एक पूर्व विधायक की गाड़ी रोक कर उन पर जानलेवा हमला किया जाता है, जिसके चलते वे गंभीर रूप से चोटिल हो जाते हैं। क्या प्रदेश का आम नागरिक खुद को सुरक्षित कह पाएगा। ऐसे ही हम देखते हैं कि शिमला में बदमाशों के हौसले बुलंद हैं और बेखौफ होकर घूम रहे हैं।



### किन्नौर से भर्ती किए जाएंगे 100 सुरक्षा जवान

**रिकांगपिओ।** जिला रोजगार अधिकारी किन्नौर सीमा गुप्ता ने बताया कि किन्नौर में एसआईएस इंडिया लिमिटेड, आरटीए बिलासपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के लिए 100 पद निकाले गए हैं, जिसमें वेतन 16500 से 19 हजार 500 रुपए प्रतिमाह होगा। इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता दसवीं पास, आयु वर्ग 21 से 37 वर्ष, अभ्यर्थी की लंबाई 168 सेंटीमीटर से ऊपर, वजन 54 किलोग्राम से अधिक होना अनिवार्य है। इच्छुक उम्मीदवार जो इस पद से संबंधित योग्यता रखते हो, वह अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजों व रिज्यूम सहित एक मार्च को जिला रोजगार कार्यालय रिकांगपिओ में पहुंचे।

### सोलन के स्टूडेंट्स ने विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप से की मुलाकात

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हि.प्र. विश्वविद्यालय लॉ विभाग तथा सोलन कॉलेज के विद्यार्थियों ने प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से मुलाकात की। ये सभी स्टूडेंट्स सदन में होने वाली कार्यवाही को देखने आए थे।

इस अवसर पर स्टूडेंट्स से संवाद करते हुए पठानिया ने कहा कि विधानसभा के चुनाव के द्वारा जिन्हें आप अपने मतों से जिताकर यहां भेजते हैं, वहीं विधायक बनते हैं तथा केवल वे ही सदन में बैठ सकते हैं। पठानिया ने कहा कि हि.प्र. विधानसभा में कुल 68 सीटें हैं, जिसमें कांग्रेस की 40, भारतीय जनता पार्टी की 25 तथा तीन सदस्य निर्दलीय हैं। पठानिया ने उन्हें सोमवार को होने वाली कार्यवाही, संसदीय प्रणाली तथा विधानसभा की कार्य प्रणाली के बारे में भी अवगत करवाया। आज का युवा कल का भविष्य है और हमारा देश दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। पठानिया ने कहा कि आज के युवा जिस तरह से संसदीय प्रणाली में रूचि ले रहे हैं उससे लोकतंत्र की मजबूती को बल मिलता है तथा भविष्य सुरक्षित नजर आ रहा है। इस अवसर पर सभी को अपनी ओर से शुभकामनाएं दीं तथा सभी को देश तथा जनहित में समर्पण से कार्य करने की सलाह दी।



विधानसभा की 11वें दिन की कार्यवाही देखने आए स्टूडेंट्स के साथ विस अध्यक्ष।

### किन्नौर की ऊंची चोटियों पर बर्फबारी



**रिकांगपिओ।** मौसम विभाग के पूर्वानुमान के साथ ही किन्नौर के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में मंगलवार सुबह से बर्फबारी शुरू हो गई है। जिले के ऊंचाई वाले आबादी वाले क्षेत्र कल्पा, सांगला, छितकुल आदि क्षेत्रों में सुबह से बर्फबारी शुरू हुई। इन क्षेत्रों में दो से तीन इंच बर्फबारी दर्ज की गई। किन्नौर के जिन क्षेत्रों में बर्फबारी हो रही है वहां के बागवानों के चेहरों पर रोनक देखी जा रहीं है।

### रात के अंधेरे में टॉर्च जलाकर ले जाई जा रही बस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजधानी शिमला में एचआरटीसी की बसें हाफने लग गई हैं। खराब बसों को गांव के रूटों में चलाया जा रहा है। शिमला में कई बसें ऐसी हैं, जो हर दूसरें से तीसरें दिन खराब हो जाती हैं। जानकारी के अनुसार शाम छह बजे शिमला से शगीन बाग बस चलाई जाती है।

इसमें अधिकतर कार्यालय से घर जाने वाले यात्री सफर करते हैं। यात्रियों का कहना है कि अक्सर इस रूट के लिए खराब बस भेजी जाती हैं। सोमवार शाम इस बस की लाइट खराब हो गई, जिस वजह से बस चालक को अंधेरे में बस चलानी पड़ी। ऐसी बसें लोगों के लिए मुसीबत बनी हुई हैं। गांववासियों/यात्रियों ने टॉर्च से बाहर की ओर लाइट जलाई और बस को अड्डे तक पहुंचाया। इसके अलावा बस बीच रास्ते में ही चलते-चलते रुक गई, जिसके बाद यात्रियों ने बस को धक्का देकर चलाया। चालक भी ऐसी बसें चलाने से परेशान हैं। गांववासियों ने कई बार दूसरी बस के लिए निवेदन किया है, लेकिन इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

#### छोटी सड़क होने के कारण नहीं जा पाती बड़ी बस




गांव में छोटी बस भेजी जाती है क्योंकि वहां पर सड़क छोटी है। लोगों का कहना है कि बस छोटी ही सही, लेकिन ठीक अवस्था में बस हो उसे गांव में भेजा जाए, ताकि नौकरी पर गए लोग समय से घर पहुंच सके।

#### दूसरे से तीसरे दिन खड़ी होती है बस

सरकारी बस हर दूसरे से तीसरे दिन खराब हो जाती है। सफर कर रहे यात्रियों को यही चिंता सताती है कि अभी यह बस रास्ते में खड़ी न हो जाए। सुबह के समय छह बजे यह बस पुराना बस अड्डा की ओर रवाना होती है, जिसमे अक्सर दूध बेचने वाले जाते हैं, जब भी बस खराब होती है, तो मायूस होना पड़ता है।

**आयोजन** संजौली कॉलेज में गौरवशाली विज्ञान सप्ताह समारोह, विज्ञान प्रश्नोत्तरी में विभिन्न कॉलेजों ने लिया भाग

# थर्मोडायनामिक्स के विकास की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला के संजौली कॉलेज में गौरवशाली विज्ञान सप्ताह समारोह मनाया जा रहा है। डॉ. श्वेता शर्मा और डॉ. शिखा चंदेल द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत की गई। मंगलवार को इस समारोह का छठा दिन रहा, जिसमें विद्यार्थियों को थर्मोडायनामिक्स के विकास के जानकारी दी और थर्मोडायनामिक्स पर छात्रों की अवधारणा को बढ़ाया।

शूलिनी यूनिवर्सिटी सोलन के स्कूल ऑफ एआई के प्रमुख डॉ. पंकज वैद्य ने रचनात्मकता और जुड़ाव को अनलॉक करना, शिक्षा में जेनरेटिव एआई विषय पर व्याख्यान दिया एवं शिक्षा और अनुसंधान में एआई के उपयोग और छात्रों के ज्ञान को बढ़ाया। इसके अलावा एक विज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया और इस प्रतियोगिता में जीसी ठियोग, जीसी अर्की, आरकेएमवी, सेंट बिडज, जीसी कोटशेरा और जीसी संजौली के छात्रों की विभिन्न टीमों ने भाग लिया है। साथ ही विभिन्न कॉलेजों के प्रोफेसरों ने अपने छात्रों के साथ इस कार्यक्रम में भाग लिया। साथ ही साइंटिफिक मॉडल्स की प्रदर्शनी की गई। विद्यार्थिओं द्वारा विभिन रंगारंग प्रस्तुतियां पेश की, जिसमें किन्नौरी नाटी आकर्षण का केंद्र रही। कार्यक्रम के दौरान प्रो. भारती भागड़ा प्रिंसिपल, प्रो. भारती शर्मा, डॉ. शालू, डॉ. अंजना शर्मा, प्रो. शुभम चौधरी और प्रो. सरला ठाकुर सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।



संजौली कॉलेज में गौरवशाली विज्ञान सप्ताह समारोह में मौजूद लोग।

### सड़क सुरक्षा को लेकर निकाली जागरूकता रैली




**सुन्नी।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय सुन्नी में रोड सेफ्टी क्लब की ओर से सड़क सुरक्षा नियमों पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में महाविद्यालय के रोड सेफ्टी क्लब, एनएसएस, रोवर एंड रेंजर्स और कॉलेज के अन्य विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रैली का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर रामलाल शर्मा ने महाविद्यालय परिसर से किया। इस अवसर पर डॉ. रामलाल शर्मा ने रैली में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को संबोधित किया और उन्हें रोड सुरक्षा संबंधी नियमों की जानकारी दी और उनसे अपील की कि वे समाज में जाकर सड़क सुरक्षा नियमों से संबंधित लोगों को जागरूक करें, ताकि हमारा समाज रोड दुर्घटनाओं के दुष्परिणामों से बच सके। रैली महाविद्यालय परिसर से सुन्नी बाजार तक निकाली गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के रोड सेफ्टी क्लब के नोडल ऑफिसर प्रोफेसर दामोदर गौतम अन्य सदस्य डॉ. अश्वनी, प्रोफेसर अनिल कुमार व अन्य उपस्थित रहे।

# क्रिकेट संजीवनी रोहड़ू के सीजन तीन का आगाज चार अप्रैल से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, रोहड़ू**

संजीवनी सहारा समिति रोहड़ू सदैव ही जरुरतमंद व असहाय लोगों की हर संभव मदद करती आ रही है। संजीवनी सहारा समिति इसी संदर्भ में आगामी चार अप्रैल से इंदिरा गांधी खेल स्टेडियम रोहड़ू (समाला) में लेदर की सफेद बॉल से क्रिकेट मैच का आयोजन करवाने जा रही है, जिसे क्रिकेट संजीवनी के नाम से जाना जाता है।

यह मैच लेदर की सफेद बॉल से आयोजित होंगे और पंचायत स्तरीय खेले जाएंगे। संजीवनी सहारा समिति रोहड़ू के अध्यक्ष गोपाल चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को पुख्ता सबूत के साथ आना होगा, जिसमें राशन कार्ड, आधार कार्ड व परिवार रजिस्टर की नकल शामिल रहेगी। तीन में से कोई दो पुख्ता प्रमाण पत्र खिलाड़ियों को अपने साथ अवश्य लाने होंगे।

क्रिकेट संजीवनी के ये मैच चेरेटी के लिए खेले जाएंगे, जितना पैसा इस मैच से बचत में होगा वो गरीब, असहाय व जरूरतमंद लोगों की आर्थिक मदद करने के लिए उपयोग में लाया जाएगा। 2022 के पहले संस्करण में समिति ने रोहड़ू क्षेत्र में लेदर बॉल की वापसी करवाई थी, जिससे अब गांव-गांव तक युवाओं ने लेदर बॉल से क्रिकेट मैच खेलना शुरू किया है। संजीवनी के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए अंतरराष्ट्रीय महिला खिलाड़ी रेणुका ठाकुर ने संजीवनी सहारा समिति के एक कार्यक्रम में कहा था कि क्रिकेट के टूर्नामेंट लेदर की बाल से होने चाहिए, जिससे युवाओं का भविष्य उज्ज्वल हो सके।




संजीवनी सहारा समिति रोहड़ू की बैठक में मौजूद लोग।

# सोलन में नियमों को दरकिनार कर निजी स्कूलों ने बढ़ाई फीस

## बच्चों के भविष्य के डर से अभिभावक रेगुलेटरी कमेटी को नहीं करते शिकायत

**आर मोहन चौहान, सोलन**

अनंत ज्ञान स्पैशल

नए शैक्षणिक सत्र में शहर के पब्लिक स्कूलों में बच्चे पढ़ा रहे अभिभावकों को पिछले वर्ष के मुकाबले इस बार 15 से 25 फीसदी अधिक फीस चुकानी पड़ेगी। सोलन शहर के अधिकतर नामी पब्लिक स्कूलों के प्रबंधन ने शिक्षा नीति तहत बनाए गए नियम कानूनों को दरकिनार कर फीस में मनमानी बढ़ोतरी की है। विंटर सेशन के स्कूलों में मार्च महीने से फीस ली जाती है, ऐसे में अभिभावकों को इसी महीने से बढ़ी हुई दर के हिसाब से बच्चों की फीस चुकानी पड़ेगी।




नियम के मुताबिक स्कूल प्रबंधन पीटीए की बैठक में प्रस्ताव पारित कर फीस में 10 फीसदी की बढ़ोतरी कर सकता है। अधिकतर स्कूलों में पीटीए की बैठक हुई ही नहीं, बावजूद इसके कुछ नामी स्कूलों ने वार्षिक शुल्क सहित फीस में भारी बढ़ोतरी कर दी, जबकि नियम के मुताबिक अभिभावकों से वार्षिक शुल्क नहीं लिया जा सकता। इस नियम से बचने को स्कूल प्रबंधन ने वार्षिक शुल्क को भी फीस के स्लैब में जोड़ दिया है, ताकि किसी प्रकार की कार्रवाई से बचा जा सके। हैरानी की बात यह है की अभी तक पब्लिक स्कूलों की मॉनिटरिंग के लिए बनी रेगुलेटरी कमेटी ने स्कूल प्रबंधन की मनमानी का संज्ञान नहीं लिया है।

**शिक्षा विभाग के पास नहीं पहुंची शिकायत :** जिला मुख्यालय सोलन सहित आसपास के किसी भी पब्लिक स्कूल की अभी तक शिक्षा विभाग के पास फीस बढ़ोतरी या निजी स्कूलों की मनमानी को लेकर कोई लिखित शिकायत नहीं पहुंची है, पर शिक्षा विभाग ने साफ कर दिया है कि यदि कोई अभिभावक इस संबंध में शिकायत देता है तो उस तत्काल कार्रवाई की जाएगी। शहर के कुछ नामी स्कूलों की हालत तो यह है कि नर्सरी के बच्चों की फीस भी पांच से 25 हजार रुपए तक तय की गई है। इसके अलावा पुस्तकों का भारी-भरकम बोझ बच्चों पर लादा जा रहा है। स्टेटस सिम्बल के कारण शहर में अभिभावकों को बच्चों को पब्लिक स्कूलों में पढ़ाना मजबूरी है।

इसके लिए हर साल फीस बढ़ोतरी सहनी पड़ती है। आवाज उठाने पर तो स्कूल प्रबंधन बच्चे को स्कूल से निकालने तक की धमकी देने से भी गुरेज नहीं करते, ऐसे में भविष्य बर्बाद होने की चिंता की वजह से अभिभावक चुप रहना ही बेहतर समझने लगे हैं। (अनंत ज्ञान)

### शिकायत से कतराते हैं अभिभावक

**बच्चों** के भविष्य की चिंता से अभिभावक डीसी की अध्यक्षता वाली रेगुलेटरी कमेटी को चाह कर भी शिकायत नहीं करते, ऐसे में अभिभावक स्कूल प्रबंधन के समक्ष मूकदर्शक बनकर मनमानी फीस चुकाने को मजबूर हो जाते हैं। प्रदेश सरकार हर बार पब्लिक स्कूलों की मनमानी को लेकर कठोर कार्रवाई की बात कहती है, पर होता कुछ भी नहीं। वार्षिक एडमिशन फीस सहित बिल्डिंग फंड सहित कई अन्य कई शुल्क से अभिभावकों की आर्थिकी बिगड़ जाती है। बच्चों की पढ़ाई और बढ़ती फीस से चिंतित होने के बावजूद अभिभावक स्कूल प्रबंधन के खिलाफ मुखर नहीं हो पाते।

### अभिभावक विभाग को कर सकते हैं शिकायत

**शिक्षा** उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा का कार्यभार संभाल रहे डाइट सोलन के प्रिंसिपल डॉ. शिव कुमार शर्मा का कहना है कि निजी स्कूलों की मनमानी की मौखिक तौर पर तो बातें उठती हैं, पर किसी भी अभिभावक ने अभी तक लिखित रूप में शिकायत नहीं की है। लिखित शिकायत मिलने पर संबंधित स्कूल के खिलाफ जांच बैठाएंगे। नियम के मुताबिक स्कूल प्रबंधन तभी फीस बढ़ा सकता है, जब पीटीए के हाउस में इससे मंजूरी मिले। स्कूल प्रबंधन दस फीसदी तक से अधिक फीस नहीं बढ़ा सकते हैं।

---

बदलता मौसम लोगों पर पड़ रहा भारी, लोग हो रहे बीमार

# बीबीएन में तेजी से बढ़ रहे वायरल फीवर के मामले, अब तक 380 आए चपेट में

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

मौसम के बदल रहे मिजाज से लोग वायरल फीवर जैसी बीमारियों की जकड़ में आ रहे हैं। प्रतिदिन इस बीमारी का शिकार होने पर लोग सरकारी व निजी अस्पतालों में उपचार करवाने के लिए आ रहे हैं।

इसमें सर्दी, खांसी, जुकाम, गला आदि रोगों संबंधी हैं। उपमंडल के सबसे बड़े सरकारी नालागढ़ अस्पताल में भी प्रतिदिन मरीजों की संख्या में इजाफा हो रहा है और वायरल फीवर से ग्रस्त रोगी उपचार ले रहे हैं।



नालागढ़ अस्पताल में इंडोर व आऊटडोर 380 मरीज वायरल फीवर के प्रकाश में आ चुके हैं, जिन्हें अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा उपचार दिया गया है। जानकारी के अनुसार मौसम परिवर्तन के चलते वायरल फीवर आदि बीमारियों में भी इजाफा होने लगा है। प्रदेश के ऊपरी क्षेत्रों में हुई बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश के बाद मौसम में आई तब्दीली के चलते मौसम सर्द गर्म हो रहा है। मौसम परिवर्तन से सबसे अधिक लोग वायरल फीवर के शिकार हो रहे हैं। दिन में मौसम गर्म रहता है, जबकि रात्रि व सुबह ठंड रहती है, जिसके चलते लोग विभिन्न प्रकार की बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। नालागढ़ अस्पताल में प्रतिदिन वायरल से संबंधित लोग अपना इलाज करवाने आ रहे है।

जनवरी माह में खांसी जुकाम बुखार के 298, फरवरी माह में अब तक 68, जबकि जनवरी माह में इंडोर में सात और फरवरी में अब तक चार मरीजों ने उपचार लिया है। डॉक्टरों के मुताबिक वायरल रोग मौसम के परिवर्तनशील होने की वजह से फैलता है।

### बदलते मौसम के कारण आ रहे अधिक मामले

**नालागढ़** अस्पताल के ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. नितिन कुमार वर्मा के मुताबिक खांसी व छींक आने के साथ इसके कण वातावरण में फैल जाते हैं। इससे ये कण सांस के माध्यम से लोगों के शरीर में जाते हैं। उन्होंने कहा कि वायरल फीवर होने पर तेज बुखार, सिरदर्द, बदन दर्द, खांसी, छींक आना आदि लक्षण हैं और इस रोग के दौरान आमतौर पर व्यक्ति अपने आप को ठीक महसूस नहीं करता है। एसएमओ नालागढ़ डॉ. संयोग गुप्ता ने बताया कि चिकित्सालय में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं और अधिकतर रोगी स्वास्थ्य लाभ पा चुके हैं।

---

## न्यूज ब्रीफ

### रेणुका से चलें हिमाचल के तीर्थस्थलों के लिए बसें

**नाहन।** जिला सिरमौर के सबसे प्रसिद्ध धार्मिक स्थल श्री रेणुका जी से जिला कांगड़ा के तीर्थ स्थलों श्री ज्वाला जी, कांगड़ा और चामुंडा जी के लिए सीधी बस सेवा शुरू करने की मांग को लोगों ने एक बार फिर से दोहराया है। लोगों को उम्मीद है कि प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गई प्रथम दर्शन सेवा रिलीजियस टूरिज्म सर्किट बस सर्विस के तहत प्रदेश सरकार इस बस रूट को शुरू कर सकती है। बता दें कि जिला सिरमौर के हजारों विद्यार्थी हमीरपुर और कांगड़ा जिला के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में शिक्षा ग्रहण करते हैं, जिन्हें सीधी बस सेवा न होने के चलते वाया चंडीगढ़ होकर जाना पड़ता है। इसकी अतिरिक्त पूरे वर्ष भर जिला सिरमौर के लोगों को श्री ज्वाला जी, कांगड़ा स्थित नगरकोट धाम माता बज्रेश्वरी देवी और श्री चामुंडा जी के लिए हजारों रुपए की टैक्सियां कर देवियों के दर्शन को जाना पड़ता हैं। इस संदर्भ में एचआरटीसी नाहन डिपो के कार्यवाहक क्षेत्रीय प्रबंधक राकेश कुमार ने बताया कि यदि पंचायत प्रतिनिधियों और जिला के लोगों की डिमांड उक्त स्थानों के लिए बस चलाने को आती है, तो उसे उच्च अधिकारियों को भेज दिया जाएगा।

### रुखड़ी शिव मंदिर में भागवत कथा का समापन

**नाहन।** सतीवाला पंचायत में नाहन पांवटा-साहिब रोड पर ऐतिहासिक शिव मंदिर में पिछले एक सप्ताह से चले भागवत कथा का आज विधिवत रूप से समापन हो गया। इस पावन अवसर पर मंदिर में एक विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया। शिव मंदिर के महंत स्वामी शक्ति गिरि महाराज के अनुसार भागवत कथा के समापन के बाद मंदिर परिसर के विशाल प्रांगण में एक भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें लगभग अढ़ाई हजार लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया और लोगों ने इस पूरे कार्यक्रम के दौरान अपना पूर्ण सहयोग दिया। खास तौर से नितिन चौहान उनकी पत्नी सहित उनके सारे परिवार का अपार सहयोग मंदिर को मिलता रहा और सारे धार्मिक अनुष्ठान विधिवत रूप से चलते रहे।

### छात्रों ने किया बिजली सब-स्टेशन का भ्रमण




श्री रेणुका जी कॉलेज के विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण के दौरान।

**रेणुका जी।** राजकीय महाविद्यालय रेणुका जी के ऊर्जा क्लब के सदस्यों ने 33 केवी बिजली सब-स्टेशन ददाहू में जाकर जानकारी प्राप्त की। ऊर्जा क्लब के नोडल अधिकारी प्रोफेसर दिनेश कुमार ने बताया कि ददाहू बिजली सब-स्टेशन के अटेंडेंट प्रमोद ठाकुर तथा बिजली सहायक सवितेश कुमार के द्वारा उपकरणों और किस प्रकार बिजली सप्लाई होती है, के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने ऊर्जा संरक्षण के विषय में ददाहू बाजार से लेकर बस अड्डा व अस्पताल तथा आसपास के लोगों को 200 पर्चे बांटकर जागरूक किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पवन कुमार भी ऊर्जा क्लब के सदस्यों के साथ शामिल हुए तथा उन्होंने ऊर्जा क्लब के द्वारा की गई गतिविधियों की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को बिजली संरक्षण के प्रति जानकारी दी एवं जन-जन तक ऊर्जा संरक्षण की जानकारी देने के लिए बच्चों को प्रेरित किया।

### नोडल अधिकारी अपनी जिम्मेदारी समझें : खिमटा

**नाहन।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सिरमौर सुमित खिमटा ने लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत निर्वाचन संबंधी कार्यों के निष्पादन के लिए नियुक्त विभिन्न कमेटियों और टीमों के नोडल अधिकारियों को अपना-अपना दायित्व गंभीरतापूर्वक निभाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया अत्यंत संवेदनशील और महत्वपूर्ण संवैधानिक कार्य है और निर्वाचन कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए सभी नोडल अधिकारी सक्रिय होकर कार्य करें। जिला निर्वाचन अधिकारी सुमित खिमटा नाहन में लोकसभा चुनाव के लिए नियुक्त विभिन्न कमेटियों के नोडल अधिकारियों की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

### नाहन डाइट में जिला स्तरीय कैंप का आयोजन



नाहन डाइट में आयोजित जिला स्तरीय थैरेप्यूटिक कैंप में हिस्सा लेते बच्चे।

**नाहन।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट नाहन में तीन दिवसीय जिला स्तरीय थेरेप्यूटिक कैंप का आयोजन किया गया। थेरेप्यूटिक कैंप का उद्देश्य दिव्यांग बालकों को थैरेपी के माध्यम से चिकित्सा देना है। इस कैंप में कक्षा प्री प्राइमरी से 12वीं तक के लगभग 50 बच्चों को बुलाया गया है। इन बच्चों की थैरेपी के लिए थैरेपिस्ट डॉ. अंकित शर्मा आईजीएमसी शिमला और नाजिफ अहमद आस्था स्कूल नाहन द्वारा थैरेपी दी जा रही है। कैंप का शुभारंभ जिला परियोजना अधिकारी एवं प्रधानाचार्य डाईट हिमांशु भारद्वाज ने किया। जिला समन्वयक डॉ. मुनेश शर्मा और शिवानी थापा ने बताया कि आज पहले दिन लगभग कैंप में 30 बच्चों ने भाग लिया, स्पेशल एजुकेटर सुषमा ठाकुर और भारती ने कैंप में अहम भूमिका निभाई।

### नाहन में आज लगेगा रोजगार शिविर

**नाहन।** सिरमौर जिला के कालाअंब स्थित मैसर्ज वरव बायो जैनिज प्रा. लिमिटेड में कॉम्प्रेशन ऑपरेटर, क्यू सी केमिस्ट ऑफिसर, पैकिंग ऑफिसर, प्रोडक्शन केमिस्ट ऑफिसर, हेल्पर व ऑफिसर माइक्रोबायोलॉजी के 18 पद भरने के लिए भर्ती करने जा रही है। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी जगदीश कुमार ने देते हुए बताया कि नाहन रोजगार कार्यालय में आगामी 28 फरवरी को उक्त विविध पदों के लिए भर्ती शिविर आयोजित किया जा रहा है। इच्छुक उम्मीदवार ऑनलाइन सेवा माध्यम से eemis.nic.in पर भी आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 18 से 35 आयु वर्ग के इच्छुक अभ्यर्थी अपने साथ दो पासपोर्ट साईज फोटो व मूल प्रमाण पत्र एवं अपना बायोडाटा सहित प्रातः 10 बजे जिला रोजगार कार्यालय नाहन में पहुंचें।

---

## हिमाचल किसान सभा ने केंद्र के खिलाफ नाहन में किया प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, नाहन**

हिमाचल किसान सभा और सीटू कार्यकर्ताओं ने नाहन दिल्ली गेट पर केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। हिमाचल किसान सभा के महासचिव राजेंद्र ठाकुर ने बताया कि तीन काले कृषि कानूनों के खिलाफ दिल्ली बॉर्डर पर जो 378 दिन का किसान आंदोलन चला था, उसको किसानों ने इस शर्त पर स्थगित किया था कि केंद्र सरकार किसानों की मांगों पर कमेटी गठित की जाएगी, साथ ही फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी होगी।

किसानों के कर्जे माफ किए जाएंगे, अन्य मांगें भी पूरी की जाएंगी, मगर केंद्र सरकार अभी तक चुप है। किसान पुन: जब सरकार की वादाखिलाफी और अपनी मांगों को पुन: सरकार के समक्ष रखने के लिए गए तो सरकार ने किसानों पर गोलियां तक चलवा दीं।

पांवटा साहिब में भी किसान संगठन, सीटू कार्यकर्ताओं तथा अन्य संगठनों ने केंद्र सरकार के खिलाफ धरना-प्रदर्शन और रैली निकाली। इस मौके पर सतपाल मान, आशीष कुमार, लाल सिंह, जीवन सिंह, राजेंद्र शर्मा, शेर सिंह, सुरजीत, रोहित, राहुल, आशा शर्मा, अनीता देवी, अमृत, नीतीश, सचिन, मोती सिंह आदि मौजूद थे।

## समाज के उत्थान में बेहतर कार्य करने पर मिला सम्मान

**अनंत ज्ञान, नाहन**



डॉ वाईएस परमार राष्ट्र निर्माण सम्मान समारोह में सम्मानित गणमान्य लोग।

**समाज** के उत्थान में बेहतर कार्य करने वाले व्यक्ति को देर से ही सही, मगर उसके काम का पारितोषिक अवश्य मिलना चाहिए। यह बात डॉक्टर वाईएस परमार राष्ट्र निर्माण सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे सहायक उपायुक्त सिरमौर गौरव महाजन ने कही। यह राष्ट्र निर्माण सम्मान मीडिया ग्रुप का सराहनीय कदम है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल निर्माता डॉक्टर यशवंत सिंह परमार स्वयं में ही एक युग पुरुष थे। डॉ. परमार की बदौलत ही आज हिमाचल अस्तित्व में आया है और उनके नाम से शुरू किया गया डॉक्टर वाईएस परमार राष्ट्र निर्माण सम्मान एक बेहतर पहल है।

**डॉ. वाईएस परमार राष्ट्र निर्माण सम्मान से नवाजे**

इस मौके पर बतौर विशिष्ट अतिथि पहुंचे हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक के निदेशक भारत भूषण मोहिल ने कहा कि यंगवार्ता मीडिया द्वारा डॉक्टर वॉइस परमार राष्ट्र निर्माण सम्मान के लिए जिन लोगों का चयन किया गया है, वह सराहनीय कदम है। इस अवसर पर यंगवार्ता मीडिया ग्रुप के मुख्य संपादक डॉ. रमेशचंद्र पहाड़िया ने कहा कि यंगवार्ता मीडिया ग्रुप द्वारा वर्ष 2019 में डॉक्टर यशवंत सिंह परमार राष्ट्र निर्माण सम्मान शुरू किया गया। उन्होंने कहा कि अभी तक ग्रुप द्वारा करीब 500 से अधिक लोगों को पुरस्कृत किया गया है। डॉ. वाईएस परमार राष्ट्र निर्माण सम्मान हिमाचल प्रदेश में किसी भी क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्ति को दिया जाता है।

### छात्रों को दी करियर गाइडेंस पर जानकारी

**सोलन।** करियर गाइडेंस को लेकर ग्रीन हिल्स इंजीनियरिंग कॉलेज में सेमिनार का आयोजन किया गया। इंजीनियर्स कैरियर पॉइंट चंडीगढ़ से आए गुरविंदर सिंह मुख्य वक्ता थे। उन्होंने छात्रों को करियर गाइडेंस के टिप्स भी दिए।

ग्रीन हिल्स इंजीनियरिंग कॉलेज के अध्यक्ष सरदार किरपाल सिंह पसरीचा ने अपनी उपस्थिति से छात्रों और शिक्षकों को प्रेरित किया। इस कार्यक्रम की व्यवस्था के लिए सहायक प्रोफेसर निकिता को विशेष धन्यवाद दिया गया। इंजीनियरिंग विभाग एचओडी प्रो. दिनेश कश्यप ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए छात्रों और शिक्षकों को बधाई दी।

## प्रत्याशी के व्यय की सीमा 95 लाख निर्धारित



लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत सोलन में कार्यशाला आयोजित की गई।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

लोकसभा निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत निष्पक्ष व पारदर्शी निर्वाचन संपन्न करवाने के लिए व्यय निगरानी, उड़नदस्ता, वीडियो निगरानी, वीडियो अवलोकन व स्टेटिक निगरानी टीम के सदस्यों के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त सोलन अजय कुमार यादव ने की। अजय कुमार यादव ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को निर्विघ्न, पारदर्शी एवं त्रुटि रहित संपन्न करवाने के लिए भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा विभिन्न टीमें गठित की जाती हैं।

उन्होंने कहा कि ये टीमें विभिन्न कार्यों के लिए स्वतंत्र रूप से एवं समन्वय के साथ कार्य कर निर्वाचन प्रक्रिया को समयबद्ध एवं त्रुटि रहित संपन्न करवाती हैं। उन्होंने कहा कि आज की इस कार्यशाला में विभिन्न टीमों को उनके उत्तरदायित्व एवं भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा इस दिशा में स्थापित दिशा-निर्देशों की पूर्ण जानकारी प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि लोकसभा निर्वाचन में प्रत्याशी के व्यय की सीमा 95 लाख रुपए निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि नामांकन की तिथि से प्रत्याशियों के सभी खर्चे जोड़े जाते हैं। 50 हजार से अधिक की नकदी ले जाने पर संबंधित को उसके साक्ष्य देने होंगे। उन्होंने कहा कि सभी टीमें नियमानुसार कार्य करें और निर्वाचन प्रक्रिया को त्रुटि रहित बनाने में सहयोग दें।

इस अवसर पर तहसीलदार निर्वाचन सोलन उषा चौहान, नायब तहसीलदार दीवान सिंह सहित पांचों विधानसभा क्षेत्रों में बनाई गई विभिन्न टीमों के अधिकारी उपस्थित थे।

## सोलन में डॉक्टरों की पेन डाउन हड़ताल जारी, रोगी परेशान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

विभिन्न मांगों को लेकर चल रही डॉक्टरों की हड़ताल के कारण सोलन अस्पताल में आने वाले रोगियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को भी डॉक्टरों की ने पेन डाउन हड़ताल जारी रही।

इससे पहले पिछले कल डॉक्टरों ने कैंडल मार्च भी निकाला। अस्पताल में सुबह 9.30 बजे से 12 बजे तक डॉक्टर ने ओपीडी में अपनी सेवाएं नहीं दी हैं। इससे मरीजों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ा है। लोग-लोग दूर से उपचार करवाने के लिए पहुंचे थे, लेकिन सुबह ओपीडी बंद होने से मरीज मायूस लौट गए। जानकारी के अनुसार 32 दिनों तक काले बिल्ले बांध पहले डॉक्टर ने अपनी कुछ मांगों को लेकर विरोध जताया था, लेकिन सरकार से कुछ बात न बनने के चलते अब मंगलवार से पेन डाउन स्ट्राइक शुरू की है।

उधर, सोलन अस्पताल के एमएस डॉक्टर एसएल वर्मा ने कहा कि मरीजों को सुविधाएं देने की पूरी कोशिश की जा रही है।

## ...जब फार्मासिस्टों ने आधी रात को बचाई गाय की जान

**अनंत ज्ञान, अर्की**

सरकारी कर्मचारी आमतौर पर रात्रि में फोन बंद कर सो जाते हैं, पर झुंडला में सेवारत फार्मासिस्ट सुधीर शर्मा और सौर में सेवारत फार्मासिस्ट कमलेश स्यान ने सेवा समर्पण भाव दिखाकर एक नई ब्यात गाय की जान बचाकर किसान का नुकसान होने से बचा लिया।

अर्की की बलेरा पंचायत के लेखराम कायथ ने बताया कि उनकी गाय ने सोमवार रात करीब एक बजे बछड़े को जन्म दिया, पर उसकी पूरी बच्चादानी पेट से बाहर आ गई। इस पर उन्होंने रात्रि दो बजे फार्मासिस्ट सुधीर शर्मा को तुरंत आने के लिए फोन किया। इस पर सुधीर एक अन्य फार्मासिस्ट कमलेश को साथ लेकर आए और गाय की चिकित्सा में लग गए। बड़ी बात यह है कि दोनों फार्मासिस्ट अवकाश पर अपने घर गए हुए थे, लेकिन जैसे ही दोनों को इमरजदौड़े-दौड़े चले आए।

दोनों फार्मासिस्ट व उनके साथ आए अन्य दो सहयोगियों दीपराम व योगेश ने काफी जद्दोजहद के पश्चात प्रात: पांच बजे गाय की बच्चेदानी को पेट के भीतर कर दिया। इसके पश्चात गाय को आराम पहुंचा। उनका कहना है कि यदि ये चारों व्यक्ति समय से आकर गाय की चिकित्सा नहीं करते तो उनको नुकसान हो जाता।

**आयोजन** 40 दिन तक चलने वाली हिम एकादश क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

## कमांडो एकादश ने जीती हिम क्रिकेट प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, अर्की**

एहसास क्लब कुनिहार के द्वारा प्रदेश स्तरीय आयोजित 40 दिनों तक चलने वाली हिम एकादश क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन 26 फरवरी को हुआ। इसमें प्रदेश की 64 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के समापन पर संदीप सोनी ने शिरकत की। इस अवसर पर डीसीएम लेंड ऑफ गोड्स स्कूल अर्की के महाप्रबंधक योगेश भी मौजूद रहे।

क्लब द्वारा मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह व टोपी पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एहसास क्लब के सदस्यों द्वारा संदीप सोनी को स्वर्गीय राजेश ठाकुर का छाया चित्र दिया गया। एहसास क्लब कुनिहार के अध्यक्ष हरजिंद्र ठाकुर ने बताया कि एहसास क्लब इस प्रतियोगिता को स्वर्गीय राजेश ठाकुर को समर्पित करता है।



एहसास क्लब कुनिहार की तरफ से आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता की विजेता टीम।

यह प्रतियोगिता उनके व उनके भाई अशोक ठाकुर के प्रयास से ही कुनिहार के महाराजा पदम् सिंह मेमोरियल स्टेडियम में क्रिकेट की एक बड़ी प्रतियोगिता का प्रयास से देखने को मिला और उनके इस प्रयास को एहसास क्लब आगे बढ़ाने का प्रयास करेगा। प्रतियोगिता में फाइनल मैच वाइन एसोसिएशन बद्दी बनाम कमांडो एकादश के मध्य खेला गया, जिसमें कमांडो एकादश ने 19 रन से मैच जीतकर प्रतियोगिता अपने नाम कर ली।

इस मैच के मेन ऑफ द मैच अभिषेक को दिया गया, वहीं बेस्ट बॉलर का खिताब वाइन एसोसिएशन के लवली को दिया गया, बेस्ट कीपर का खिताब कमांडो एकादश के अभिषेक को दिया गया और मेन ऑफ द सीरीज वाइन एसोसिएशन के अनिल ठाकुर को दिया गया। इस अवसर पर दलजीत कंवर, विनीत ठाकुर, मनोज गर्ग, राहुल कंवर, वैभव कंवर, रोहित ठाकुर, अंकुर ठाकुर, मनीष ठाकुर, रिषभ कंवर, हरजिंद्र ठाकुर, मनीष कंवर व अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

---

### स्वयंसेवियों ने संवारा दाड़लाघाट कॉलेज परिसर



दाड़लाघाट महाविद्यालय के एनएसएस शिविर के दौरान मौजूद स्वयंसेवी।

**अर्की।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई महाविद्यालय दाड़लाघाट के स्वयंसेवियों ने एकदिवसीय शिविर के दौरान दाड़लाघाट कॉलेज परिसर की सफाई कर उसे संवारा। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना संगठन स्थापना दिवस मनाने पर किए जाने वाले कार्यक्रमों को लेकर सूची तैयार की गई। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. रुचि रमेश के द्वारा स्वयंसेवकों से राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी डॉ. जय प्रकाश शर्मा ने बताया कि 50 स्वयंसेवियों ने इस शिविर में भाग लिया।

### नर्सिंग कॉलेज की छात्राएं प्रदेशभर में टॉप-10 में



**बीबीएन।** हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला की ओर से बीएससी नर्सिंग तृतीय व अंतिम वर्ष का परीक्षा परिणाम घोषित किया है। नालागढ़ के लॉर्ड महावीरा नर्सिंग संस्थान की बीएससी नर्सिंग तृतीय वर्ष की छात्रा इकरा बशीर ने पूरे प्रदेश में चौथा स्थान हासिल किया, जबकि अंतिम वर्ष की सोनिया देवी ने प्रदेश में पांचवां, आकृति महाजन ने छठा स्थान हासिल किया। इसके अलावा अन्य छात्राओं ने महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त किए हैं। संस्थान के चेयरमैन डॉ. अजीत पाल जैन, डॉ. आशिमा जैन व संस्थान की प्रिंसिपल डॉ. संतोष शर्मा ने छात्राओं की इस उपलब्धि पर उनको और उनके अभिभावकों को बधाई दी। संस्थान के चेयरमैन डॉ. अजीत पाल जैन ने बताया कि संस्थान की छात्राएं हर वर्ष पूरे प्रदेश में अव्वल रहती है।

### एनटीपीसी कोलडैम में जांचा लोगों का स्वास्थ्य

**अर्की।** एनटीपीसी कोलडैम द्वारा सीएसआर कार्यों के अंतर्गत स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में एनटीपीसी के एचआर/सीएसआर प्रबंधक पूर्ण सिंह उपस्थित रहे। स्वास्थ्य शिविर में बेरल गांव के निवासियों के साथ-साथ लगते गांवों के लोगों ने भी लाभ लिया। शिविर में विभिन्न बीमारियों की जांच के लिए एनटीपीसी कोलडैम स्वास्थ्य केंद्र की डॉ. मीनाक्षी (सामान्य फिजिशियन) एवं डॉ. हरजीत कौर (डेंटिस्ट) एवं उनकी टीम द्वारा लगभग 60 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की गई। सभी मरीजों को दवाइयां मुफ्त वितरित की गईं। इस मौके पर एचआर व सीएसआर पूर्ण सिंह ने बताया कि एनटीपीसी लोगों के साथ हर समय खड़ी है।

### अर्की कॉलेज में नशीले पदार्थों के दुष्प्रभाव बताए

**अर्की।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग व राजकीय महाविद्यालय अर्की के संयुक्त तत्वाधान में नशीले पदार्थों के प्रयोग में कमी लाने से संबंधित एकदिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर स्थानीय महाविद्यालय की प्राचार्या सुनीता शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिकरत की। वहीं, डीएसपी दाड़लाघाट संदीप शर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस मौके पर मुख्यतिथि सुनीता शर्मा ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का युवा नशे की गर्त में डूबता जा रहा है। यह एक चिंतनीय विषय है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे खेलकूद के जरिए अपने आप को स्वस्थ रखने का प्रयास करें व नशे जैसी बुरी आदतों से दूर रहें। इस अवसर पर कमलेश शर्मा, सोहन नेगी, डॉ. राजन तनवर सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### शिव मंदिर में आज से शिव पुराण कथा

**सोलन।** सोलन और सिरमौर की सीमा पर स्थित गिरि पुल के करगाणू सनौरा पंच परमेश्वर शिव मंदिर में 28 फरवरी से नौ मार्च तक 11 दिवसीय शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। 1008 परम विभूषित श्री गुरु शंभू भारती जी महाराज के सानिध्य में और ब्रह्मलीन महंत 108 श्री गुरुदेव राजेश्वर भारती जी महाराज के आशीर्वाद से 108 महंत श्री गुरुदेव जगमोहन भारती जी की देखरेख में यह आयोजन आयोजित किया जा रहा है। मंदिर के महंत पूज्य श्री आदर्श भारती जी महाराज ने बताया कि महाशिवरात्रि महोत्सव के पावन उपलक्ष्य में यह आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कथा व्यास प्रियव्रत शर्मा इस अवसर पर भक्तों को भगवान शिव की कथा का रसपान करवाएंगे। शिव महापुराण कथा का समय प्रतिदिन दोपहर 12.30 से 3.30 बजे तक रखा गया है। प्रतिदिन भंडारा 3.45 से हरि इच्छा तक आयोजित किया जाएगा। 28 फरवरी को सुबह 9 से 9.30 बजे तक शिव महापुराण का और कथा व्यास का स्वागत किया जाएगा। मंदिर से कलश यात्रा 10 बजे निकलेगी और 12 बजे मंदिर में कथा प्रारंभ होगी जो कि तीन बजे तक आयोजित की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### विद्यार्थियों को बताया मतदान का महत्व



**नगरोटा बगवां।** राजकीय महाविद्यालय बड़ोह की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और मतदाता साक्षरता क्लब की ओर से मतदाता पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. नीरज कुमार शर्मा ने की। चुनाव पर्यवेक्षक जीवन कुमार और बूथ लेवल आफिसर शरीफ मोहम्मद ने 12 विद्यार्थियों का पंजीकरण किया। चुनाव पर्यवेक्षक ने विद्यार्थियों को मतदान का महत्व बताया। रेड रिबन क्लब बड़ोह की ओर से हेल्थ कैंपेन का आयोजन किया गया। शिविर में एचआईवी टेस्ट, शुगर, थायराइड टेस्ट किए गए। वहीं, गणित विभाग के प्रो. अमित शर्मा ने क्विज कंपटीशन का आयोजन किया, अंशुल ने प्रथम स्थान हासिल किया।

### पूर्व विधायक मुल्खराज ने जताया पीएम का आभार



**बैजनाथ।** बैजनाथ-पपरोला रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत शामिल करने पर पूर्व विधायक मुल्खराज प्रेमी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि बैजनाथ-पपरोला रेलवे स्टेशन में विश्वस्तरीय मानकों के अनुरूप स्टेशन का निर्माण होने से शिव भूमि बैजनाथ, पैराग्लाइडिंग पर्यटन स्थल बीड-बिलिंग में पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी। इससे स्थानीय लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस रेलवे स्टेशन के निर्माण में आधुनिकता और विरासत का समावेश किया जाएगा, स्टेशन की बिल्डिंग को बेहतर बनाया जाएगा।

### भाषण स्पर्धा में सरगम ने झटका पहला स्थान



ब्वॉयज स्कूल ज्वालामुखी में किशोर स्वास्थ्य एवं कल्याण दिवस मनाया गया।

**ज्वालामुखी।** राजकीय छात्र वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ज्वालामुखी में प्रिंसिपल मीना कुमारी की अध्यक्षता में किशोर स्वास्थ्य एवं कल्याण दिवस मनाया गया। खंड स्वास्थ्य शिक्षक सुरेश चंदेल ने बच्चों को किशोरावस्था में होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक परिवर्तन के बारे में जानकारी दी। चंदेल ने कहा कि आज 80 प्रतिशत से ज्यादा युवा नशे की चपेट में आ गए हैं। उन्होंने बच्चों को संतुलित आहार लेने की सलाह दी। इसव दौरान भाषण प्रतियोगिता भी करवाई गई। इसमें सरगम ने पहला, आदित्या ने दूसरा और लखन ने तीसरा स्थान हासिल किया। सभी प्रतियोगियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रिंसिपल मीना कुमारी ने बच्चों से नशे के दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक करने की सलाह दी। इस मौके पर शिक्षक रीता, मंजू, शालनी, सुखदा सूद, रजनीश शर्मा आदि उपस्थित रहे।

### ढुगियारी स्कूल को चार कुर्सियां व दो टेबल भेंट



बच्चों के साथ प्रधानाचार्य शक्ति प्रसाद और व्यवसायी संजय मेहता।

**गगल।** गगल के व्यवसायी संजय मेहता ने अपनी बेटी सानवी मेहता की याद में ढुगियारी स्कूल को चार कुर्सियां और दो टेबल भेंट किए। प्रधानाचार्य शक्ति प्रसाद ने व्यवसायी संजय मेहता का स्वागत किया। सानवी की हाल में बीमारी के कारण मौत हो गई थी। संजय मेहता ने प्रिंसिपल शक्ति प्रसाद से कहा कि यदि किसी भी सामान की जरूरत हो तो उपलब्ध करवाया जाएगा, ताकि सानवी की आत्मा को शांति मिले। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

### रैली निकाल लोगों को दी टीबी रोग की जानकारी



विश्व टीबी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के साथ अध्यापक।

**डरोह।** महाराणा संसार चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय थुरल के रेड रिबन क्लब ने विश्व टीबी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल ने रैली को रवाना किया। रैली के माध्यम से लोगों को टीबी रोग की जानकारी दी गई। इसके अलावा पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। छात्रों ने टीबी के लक्षण, नियंत्रण और रोकथाम पर अपने विचार रखे। प्राचार्य डॉ. प्रदीप कौंडल व रेड रिबन क्लब नोडल ऑफिसर प्रो. प्रेमलता ने बच्चों को टीबी रोग की जानकारी दी। इस मौके पर प्रो. कमल कुमार, अमित शर्मा, डॉ. लेखराज शर्मा, प्रो. पवन राणा, प्रो. नविता, अजय कुमार, अनीता कुमारी आदि उपस्थित रहे।

### महिलाओं से अत्याचार के विरोध में प्रदर्शन



संदेशखाली में महिलाओं के साथ हुए अत्याचार के खिलाफ प्रदर्शन करते एबीवीपी कार्यकर्ता।

**धर्मशाला।** एबीवीपी की हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय इकाई ने पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के साथ हुए अत्याचार को लेकर मंगलवार को धर्मशाला विवि परिसर में प्रदर्शन किया। इस दौरान पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला फूंका। इकाई सचिव हीना वर्मा ने कहा कि वर्ष 2011 से पश्चिम बंगाल में जब से टीएमसी का राज है, तब से महिलाओं के साथ आए दिन बलात्कार और यौन शोषण की घटनाएं हो रही हैं। महिलाओं पर अत्याचार करने वाले पश्चिम बंगाल की सत्तासीन पार्टी के ही नेता हैं।

# गगल एयरपोर्ट के विस्तारीकरण के विरोध में ग्रामीणों ने काली पट्टी बांध निकाली मौन रैली

## बोले- नहीं होने देंगे विस्तार, चाहे कुछ क्यों न करना पड़े

**14 पंचायतों के प्रधान उपप्रधान, जिला परिषद के अध्यक्ष हुए शामिल**

**पूरा दिन बाजार रहा बंद**

अनंत ज्ञान, गगल

गगल एयरपोर्ट विस्तारीकरण का मंगलवार को लोगों ने रैली निकालकर विरोध किया। लोगों ने काली पट्टी बांधकर पंचायत जनप्रतिनिधियों व लोगों ने गगल से सनौरा तक मौन रैली निकाली। विरोध के चलते पूरा दिन दुकानें और बाजार बंद रहा।

इस विरोध में 14 पंचायतों के प्रधान, उपप्रधान, जिला परिषद के अध्यक्ष रमेश बराड़, कुलभाष चौधरी शामिल हुए। गगल व्यापार मंडल के प्रधान देविंदर कोहली ने कहा कि एयरपोर्ट के विस्तार के विरोध में कई रैलियां निकाल चुके हैं। उन्होंने कहा कि सरकार चार की बजाय 10 गुणा मुआवजा भी दे तो मैं अपनी जमीन नहीं दूंगा। कांगड़ा जिला परिषद के अध्यक्ष रमेश बराड़ ने कहा कि मुझे सभी पंचायत से हमदर्दी है। मैं यहां की जनता के साथ हूं।



एयरपोर्ट विस्तारीकरण के विरोध में मौन रैली निकालते ग्रामीण



ग्रामीणों के विरोध के चलते बंद गगल बाजार

### हर वयस्क सदस्य को 10 मरला जमीन और चार गुना मुआवजा चाहिए

**गगल** पंचायत की प्रधान रेनु पठानिया ने कहा कि सरकार ने यहां की जनता को चार से अंधेरे में रख रही है। उन्होंने कहा कि कई बार हमें धर्मशाला ऑफिस में बुलाया, लेकिन स्थिति साफ नहीं होती, हम जो आपत्तियां सरकार के पास दर्ज करवाते हैं, उनका कोई हल नहीं निकला। उन्होंने कहा कि एयरपोर्ट का विस्तार नहीं होने देंगे, चाहे हमें इस एयरपोर्ट के विस्तार के बारे में कुछ भी क्यों न करना पड़े। लोगों को छह मरले जमीन और डेढ़ लाख इंद्रा आवास योजना के तरह भीख नहीं चाहिए, परिवार के हर वयस्क सदस्य को 10 मरला जमीन और चार गुना मुआवजा चाहिए।

## सुधीर को धमकी मामले में जल्द हो कार्रवाई: बाली

**धर्मशाला।** प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली ने मंगलवार को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को पत्र के माध्यम से धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा को मिली जानलेवा धमकी को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र कार्रवाई करने की अपील की है।



**मुख्यमंत्री सुक्खू को लिखा पत्र**

उन्होंने कहा कि जानलेवा धमकी मिलना एक गंभीर मामला है। जनप्रतिनिधि को जानलेवा धमकी मिलना किसी भी सूरत में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री से अनुरोध करते हुए कहा कि सुधीर शर्मा को धमकी देने वाले व्यक्ति और सजिशकर्ताओं को बेनकाब करने के लिए उचित कदम उठाएं। इस मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए और स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम गठित की जाए या फिर यह मामला सीबीआई को आवश्यक कार्रवाई के लिए यह मामला सौंपा जाए।

# डॉक्टरों की पेनडाउन स्ट्राइक से मरीज परेशान

## लाइनों में लगकर करते रहे अढ़ाई घंटे तक इंतजार, कई वापस लौटे

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

क्षेत्रीय अस्पताल धर्मशाला में डॉक्टरों की पेनडाउन हड़ताल आठवें दिन भी जारी रही। इसके चलते लगातार मरीजों को परेशानियों का सामना करना पड़ा। कुछ लोग सुबह आठ बजे से ही अस्पताल पहुंच गए और 12 बजे तक डॉक्टरों का इंतजार करते रहे।

हड़ताल के कारण मरीजों और उनके तीमारदारों को अपनी बारी के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। कई मरीजों ने लंबी लाइनों के कारण निजी अस्पतालों का रुख किया। कई मरीजों ने लाइनों से हटकर घर लौट गए। बच्चों तथा बुजुर्ग मरीजों को लंबे समय तक इंतजार करने के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

### मांगें नहीं मानी तो जारी रहेगी हड़ताल: सुन्नी

अनंत ज्ञान, नूरपुर



प्रदेशभर में चिकित्सकों की ओर से मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। सिविल अस्पताल नूरपुर में मंगलवार को अढ़ाई घंटे तक डॉक्टरों ने अपनी सेवाएं नहीं दी। हालांकि, इमरजेंसी सर्विस सुचारू रही।

चिकित्सक संघ के जिला अध्यक्ष सुन्नी धीमान ने बताया कि पेनडाउन स्ट्राइक का 8वां दिन है, जिससे पीएससी से लेकर सिविल अस्पताल में अढ़ाई घंटे तक हड़ताल रही। उन्होंने कहा कि डॉक्टर पिछले कई दिनों से काले बिल्ले लगाकर अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं और पिछले आठ दिनों से पेनडाउन स्ट्राइक कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरकार अगर हमारी मांगें नहीं मानती है तो यह हड़ताल लगातार जारी रहेगी।

# सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पाद पकड़े, चालान काटे

**प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड टीम ने दाड़ी मेले में लगाई दुकानों में की कार्रवाई**

**कहा, सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पाद बेचने व प्रयोग से बचें**





दाड़ी मेले में दुकानों में जांच करती प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

धर्मशाला के दाड़ी मैदान में चल रहे मेले में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पादों की धरपकड़ के लिए दुकानों की जांच की।

इस दौरान प्लास्टिक बैग, स्ट्रॉ, प्लास्टिक के चम्मच आदि बरामद किए गए और दुकानदारों के चालान काटे गए। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की वैज्ञानिक अधिकारी सतविंदर कौर की अगुआई में सिंगल यूज प्लास्टिक पाए जाने के बाद 1000 रुपए के चालान काटे। उन्होंने दुकानदारों से प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पादों को न बेचने और उसके प्रयोग से बचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पाद किए जब्त

**सतविंदर** कौर ने बताया कि दाड़ी में चल रहे मेले में करीब दो दर्जन दुकानों का निरीक्षण कर 1000 रुपए के चालान किए गए। वहीं, प्लास्टिक बैग, चम्मच तथा स्ट्रॉ जैसे उत्पाद बरामद कर उन्हें जब्त कर लिया है।

## होटल की लीज को लेकर भिड़े होटल मालिक और संचालक



**मैक्लोडगंज।** पुलिस थाना मैक्लोडगंज के तहत होटल के मालिक और लीज पर लेने वाले पक्ष में विवाद का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार होटल का मालिक अपने होटल को खाली करवाना चाहता है, जबकि लीज धारक के अनुसार 10 साल की लीज का समय पूरा होने के बाद ही वो इसे खाली करेगा। यूपी निवासी लीजधारक ने खुद के समेत परिवार के तीन लोगों के साथ मारपीट की शिकायत दज करवाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर कारवाई शुरू कर दी है। एएसपी वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

## ई-बस रूट के आवंटन को लेकर बैठक पांच मार्च को

**धर्मशाला।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि पांच मार्च को क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण धर्मशाला की स्पेशल बैठक निदेशक परिवहन कार्यालय शिमला में होगी। उन्होंने बताया कि प्रकाशित 26 ई-बस रूटों के आवंटन के लिए यह बैठक होगी। उन्होंने बताया कि जिन प्रार्थियों व वाहन मालिकों ने 26 दिसंबर, 2023 तक ऑनलाइन आवेदन किया है, वे स्वयं इस बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

## ऑस्ट्रेलिया के पूर्व पीएम ने नवाजी देहरा उपमंडल की साक्षी शर्मा

अनंत ज्ञान, गरली



**ऑस्ट्रेलिया** के पूर्व प्रधानमंत्री पूर्व पीएम टोनी एबॉट ने देहरा उपमंडल की साक्षी शर्मा को एमएससी में टॉप करने पर सम्मानित किया है। निचला करियाड़ा के अनिल शर्मा की 21 वर्षीय बेटी साक्षी एग्रीकल्चर प्लांट पैथोलॉजी लवली प्रोफेशनल विश्वविद्यालय जालंधर की एमएससी 2023 की टॉपर बनी है।

पीएचडी के लिए साक्षी शर्मा का चयन जम्मू एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी जम्मू में हुआ है। साक्षी शर्मा ने बताया कि उनके दिवंगत दादा हरि राम शर्मा की इच्छा थी कि वह एग्रीकल्चर की टॉपर बने।

उन्होंने इस प्रेरणा पर मेहनत करते हुए दादा का सपना पूरा किया है। पोती की सफलता से दादी प्रेमलता बेहद खुश हैं। साक्षी की प्रारंभिक शिक्षा क्रिसेंट पब्लिक स्कूल बनूरी पालमपुर व बीएससी एग्रीकल्चर डीएवी विश्वविद्यालय जालंधर से की है। साक्षी के पिता अनिल शर्मा बतौर वेटरनरी फार्मासिस्ट, चौधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में तैनात हैं। माता सुषमा देवी एक गृहिणी हैं।

## मातृभाषा से ही सर्वांगीण विकास संभव: डॉ. कमलजीत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**हिमाचल** प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के पंजाबी और डोगरी विभाग की ओर से अंतरराष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस के उपलक्ष्य में 'जीवन में मातृभाषा का महत्व' विषय पर विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। केंद्रीय विवि धर्मशाला के कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने विशेष भाषण आयोजित करने के लिए बधाई दी। पंजाबी और डोगरी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. बृहस्पति मिश्र ने अतिथियों का स्वागत किया।

**सीयू में अंतरराष्ट्रीय मातृ भाषा पर व्याख्यान**

मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. कमलजीत सिंह (अध्यक्ष, पंजाबी विभाग, दयाल सिंह कॉलेज दिल्ली) ने भाग लिया। उन्होंने जीवन व्यवहार में मातृभाषा के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने कहा कि जीवन में मातृभाषा से ही सर्वांगीण विकास हो सकता है। रिश्तों में ताजगी बनाए रखने का एकमात्र माध्यम मातृभाषा ही है। यदि कोई व्यक्ति अपनी मातृभाषा बोलने या बताने में झिझकता है, तो वह अपने जीवन में सफलता के साधन खो देता है।



सीयू धर्मशाला में अंतरराष्ट्रीय मातृ भाषा दिवस के उपलक्ष्य में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।

विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. सुमन शर्मा शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. रोशन लाल शर्मा ने की। उन्होंने कहा कि मातृभाषा किसी भी भाषा बोलने वाले बुलारे के लिए शब्दों का खजाना होती है, जो जीवन भर उसका साथ निभाती है। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्षों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों ने भाग लिया। डॉ. नरेश कुमार ने सभी अतिथियों और विद्यार्थियों का धन्यवाद किया।

**सियासत** अपने अंदाज से सरकार को बखूबी घेरते हैं हंसराज, पिछली बार गूंजती थी राकेश पठानिया की दमदार आवाज

# सदन में नूरपुरी आवाज की कमी भर रहा चुराह का अंदाज

पुनीत शर्मा, धर्मशाला

**विधानसभा** में भाजपा खेमे में नूरपुरी बोली और पंजाबी टच वाले अंदाज वाले पूर्व मंत्री राकेश पठानिया की कमी को चंबा के चुराह विधानसभा क्षेत्र के विधायक हंसराज विधानसभा सत्र में भाजपा के खेमे में उनकी कमी को पूरा कर रहे हैं।

दमदार आवाज, अंग्रेजी शब्दावली और पंजाबी टच के कारण ही नहीं, बल्कि राजनीति में भी राकेश पठानिया ने अब तक सफल पारी खेली है। अब ऐसे ही अंदाज में सदन में चंबा जिले के चुराह के विधायक हंसराज नजर आ रहे हैं। चुराह सीट से लगातार तीसरी बार जीते हंसराज सदन में काफी एक्टिव रहते हैं तो काफी कुछ इशारों में भी कह देते हैं। हंसराज आक्रामक अंदाज में सत्ता पक्ष और अधिकारियों को घेरते हैं। दोनों भाजपा नेताओं में सदन का ध्यान आकर्षित करने की खूबी है, तो दोनों के साथ कई विवाद भी जुड़ते रहे हैं, लेकिन ये विवाद भी ज्यादा प्रभावी न हो पाए। भाजपा में टिकट



कटने समेत कई बार परिस्थितियों के शिकार होने के बावजूद राकेश पठानिया तीन चुनाव जीतने के अलावा मंत्री रहे हैं। हालांकि, चुनाव क्षेत्र बदलने के कारण उन्हें हार का सामना करना पड़ा, जिस कारण दो विधानसभा सत्र में नहीं हैं। दूसरी ओर 2022 में भाजपा के विधायक हंसराज की टिकट कटने और चुनाव में उनकी संभावित हार की चर्चाएं खूब हुईं, लेकिन हंसराज ने जीत की हैट्रिक लगाई। हंसराज ने भाजपा की टिकट पर 2012 में 51.39 प्रतिशत, 2017 में 52.39 प्रतिशत और 2022 में 51.49 प्रतिशत मत हासिल किए। पिछली सरकार में वो विधानसभा उपाध्यक्ष के रूप में भी काफी सक्रिय नजर आए। (अनंत ज्ञान)

### इशारों में भी कस देते हैं तंज

**चुराह** के विधायक हंसराज ने बजट सत्र के दौरान मेंटल हेल्थ के सत्र में कहा कि उन्होंने अब जिम ज्वॉइन कर लिया है क्योंकि पता नहीं कब अखाड़े में उतरना पड़ जाए और बीच राह कब कोई गाड़ी से रॉड निकाल कर कहे कि आया तू बड़ा विधायक और हमला कर दे। सत्र के दौरान अकसर वो इशारों ओर अपने व्यंग्य वाणों से सत्ता पक्ष को हैरान-परेशान करते दिखते हैं। हालांकि, उनका यही अंदाज उनको दूसरों से अलग बनाता है।

# शाहपुर में सेना की जमीन पर खोखाधारकों ने हटाए कब्जे



शाहपुर में सेना की जमीन से खोखाधारकों ने खुद हटाए अवैध कब्जे।

**कांगड़ा।** शाहपुर में सेना की भूमि पर बने खोखों को दुकानदारों ने खुद हटाकर जमीन को कब्जा मुक्त कर दिया है। सेना ने इन खोखों को हटाने के लिए कई बार नोटिस भेजे थे।

15 फरवरी को सेना ने जेसीबी से लगभग 25 खोखों को हटाया था, लेकिन कुछ दुकानदारों ने उपमंडल अधिकारी शाहपुर व सेना से समय मांगा। उपमंडल अधिकारी ने खोखों को हटाने के लिए 25 फरवरी तक का समय दिया था और 26 फरवरी को कब्जे हटाए जाने थे। ऐसे में खोखाधारकों ने 25 फरवरी को खुद ही अपने कब्जे हटा दिए।

# दोस्त के नाम पर जवाली के युवक से ठगे नौ लाख

## ठगी का आभास होने पर साइबर पुलिस थाना धर्मशाला में करवाया मामला दर्ज, कार्रवाई जारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जवाली** के एक युवक से नौ लाख रुपए की ठगी करने का मामला सामने आया है। ठगी का शिकार हुए युवक की शिकायत पर साइबर पुलिस थाना धर्मशाला में अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज किया है। निवासी युवक के अनुसार, कनाडा से दोस्ती के नाम पर शातिर ने नौ लाख रुपए ठग लिए। ठगी का आभास होने के बाद पीड़ित ने साइबर पुलिस थाना धर्मशाला में शिकायत दर्ज करवाई। साइबर पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। पीड़ित युवक के कनाडा में होने की बात कहते हुए एक युवक ने फोन किया और खुद को उसका दोस्त बताया। मुसीबत का हवाला देते हुए पैसों की मांग की और कहा कि वह जल्द उसके पैसे लौटा देगा। इस क्रम में पीड़ित के नौ लाख रूपए देने के बाद उसे व्हाट्सऐप पर खाते में 15 लाख रुपए आने का एक फेक मैसेज आया। युवक बैंक जाकर भी पैसे लौटने का इंतजार करता रहा। इसके बाद उसने उस दोस्त का नंबर लिया, जिसकी उसने यह कॉल समझी थी। जब दोस्त से बात हुई तो उसने बताया कि वो भारत में ही है और कनाडा गया ही नहीं। पीड़ित को ठगी का आभास हुआ, तो उसने साइबर पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई।

**व्हाट्सऐप पर भेजा खाते में 15 लाख आने का फेक मैसेज**



> युवक ने उसके साथ नौ लाख रुपए ठगी होने का मामला साइबर थाना धर्मशाला में दर्ज करवाया है। शिकायत के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।
> **-प्रवीण धीमान, एएसपी साइबर।**

## सामाजिक संस्था जनहित की आवाज ने की बैठक

**सामाजिक** संस्था जनहित की आवाज की बैठक संस्था के अध्यक्ष तिलक डोगरा की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निर्णय लिया कि हर माह के दूसरे रविवार को संस्था की बैठक करेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### पीएम ने दिल खोलकर की प्रदेश की मदद : संजय



**धर्मशाला।** प्रदेश भाजपा प्रवक्ता संजय शर्मा ने प्रेस बयान में कहा कि केंद्र सरकार ने हिमाचल को रेलवे विस्तार के लिए दिल खोल कर मदद की है। बैजनाथ-पपरोला के रेलवे स्टेशन का सोमवार को प्रधानमंत्री मोदी ने अमृत भारत योजना के तहत पुनर्विकास के लिए शिलान्यास किया। इससे क्षेत्र में पर्यटन को भी नई रफ्तार मिलेगी। 2024-25 के रेलवे बजट में हिमाचल प्रदेश को रेल परियोजनाओं के लिए रिकॉर्ड 2081 करोड़ रुपए आवंटित किए हैं, जो अपने आप में हिमाचल के प्रति केंद्र सरकार का लगाव दर्शाता है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी इन सभी रेल परियोजनाओं के लिए प्रधानमंत्री मोदी व रेलवे मंत्री का आभार व्यक्त करती है।

### बीड़ पंचायत में 250 लोगों का जांचा स्वास्थ्य



मेडिकल कैंप में लोगों के स्वास्थ्य की जांच करती विवेकानंद हॉस्पिटल की टीम।

**बैजनाथ।** बीड़ पंचायत में विवेकानंद हॉस्पिटल की ओर से निःशुल्क मेडिकल कैंप लगाया गया। शिविर में 250 लोगों की जांच की गई और दवाइयां बांटी गईं। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर हरविंदर देव, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मेघना, बच्चों के डॉ. सौरभ, ईएनटी के विशेषज्ञ डॉ. लेफ्टिनेंट कर्नल रिटायर्ड सोनाली यादव, सामान्य रोग के डॉ. अजय ने जांच की। बीड़ पंचायत के प्रधान सुरेश ठाकुर ने विवेकानंद हॉस्पिटल के डॉक्टर और एडमिन ब्लॉक से सुशील, आशीष शिविर लगाने के लिए व्यक्त किया।

### फसलों में रोग प्रबंधन की चुनौतियों की दी जानकारी

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के रसायन एवं रासायनिक विज्ञान विभाग के प्रफुल्ल चंद्र क्लब की ओर से डिजीज मैनेजमेंट इन क्रॉप प्लांट्सः चैलेंजेज एंड फ्यूचर पर्सपेक्टिव पर व्याख्यान का आयोजन किया। इसमें मुख्य वक्ता डॉ. सचिन उपमन्यु ने फसल पौधों में रोग प्रबंधन और चुनौतियों की अवधारणा के बारे में बताया। डॉ. सचिन ने फसलों को रोगों से बचाने की जानकरी दी। रसायन एवं रासायनिक विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विवेक शील ने डॉ. सचिन उपमन्यु को उनके व्याख्यान के लिए धन्यवाद दिया। इस मौके पर सीयू शाहपुर परिसर के रसायन एवं रासायनिक विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. विवेक शील, डॉ. नीरज गुप्ता, डॉ. मनीष कुमार, डॉ. प्रमोद कुमार और डॉ. शिवानी बेरी आदि उपस्थित थे।

### उड़नदस्तों में हो सीएंडवी शिक्षकों की नियुक्ति

**धर्मशाला।** सीएंडवी अध्यापक संघ के प्रतिनिधिमंडल ने हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड के सचिव के साथ बैठक की। बैठक के बाद संघ पदाधिकारियों ने बताया कि छठी से दसवीं कक्षाओं के लिए हिंदी व्याकरण कमेटी का गठन किया जा चुका है और जल्द ही विषय विशेषज्ञ बुलाए कर इस पर कार्य शुरू कर दिया जाएगा। उड़नदस्तों में सीएंडवी अध्यापकों को नियुक्त करने तथा सुरक्षा व्यवस्था की मांग की है।

### धमकी देने वाला जल्द हो गिरफ्तार : सुनीश

**धर्मशाला।** धर्मशाला युवा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष सुनीश माटा ने प्रदेश सरकार और पुलिस प्रशासन से धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा को फोन पर जान से मारने की धमकी देने वालों को तुरंत गिरफ्तार करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि विधानसभा बजट सत्र में विपक्ष को सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सरकार के खिलाफ मोर्चा खोलने का मौका मिल गया है। उन्होंने कहा कि विधायक सुधीर शर्मा ने पिछले डेढ़ साल में धर्मशाला में काफी विकास करवाया है।

# उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग धर्मशाला के आदेश

# इंश्योरेंस कंपनी को देने होंगे ब्याज समेत 1,01,020 रुपए

- पॉलिसी लेने के पहले से ही डायबिटीज होने का कारण बताकर क्लेम किया था रिजेक्ट
- 15,000 रुपए मुआवजा और 15,000 कोर्ट खर्च भी देना होगा

**दीपक पुरी, धर्मशाला**

**उपभोक्ता** विवाद निवारण आयोग धर्मशाला ने शिकायतकर्ता को नौ प्रतिशत ब्याज समेत 1,01,020 रुपए व 15,000 रुपए मुआवजा व कोर्ट खर्च के 15,000 देने के आदेश केयर हेल्थ इंश्योरेंस लिमिटेड को दिए हैं। शिकायतकर्ता विजय कुमार गांव व पोस्ट ऑफिस पढियारा, तहसील एवं जिला कांगड़ा ने हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक से हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी खरीदी थी। इसका प्रीमियम 49,779 रुपए था एवं टर्म प्लान पांच मई 2021 से से चार मई, 2026 तक है।

शिकायतकर्ता 10 मार्च 2023 से 14 मार्च 2023 तक मैक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल मोहाली में भर्ती रहा। शिकायतकर्ता का मैक्स हॉस्पिटल की ओर से कैशलैस ट्रीटमेंट रिजेक्ट कर दिया गया और उसको रुपए 1,01,020 रुपए का भुगतान करना पड़ा। इसके बाद शिकायतकर्ता ने इंश्योरेंस कंपनी से मेडिकल क्लेम किया। कंपनी ने हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी लेने के पहले से ही डायबिटीज होने का कारण बताकर उनका क्लेम रिजेक्ट कर दिया। इसके बाद शिकायतकर्ता ने उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग धर्मशाला में शिकायत की एवं उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग ने डिफिशिएंसी इन सर्विस का हवाला देते हुए केयर हेल्थ इंश्योरेंस लिमिटेड को 1,01,020 रुपए, नौ फीसदी ब्याज के साथ व कंपनसेशन 15,000 रुपए और 15,000 रुपए मुकदमा खर्च शिकायतकर्ता को देने के आदेश दिए।

# सुक्खू सरकार नहीं कर पाई एक भी गारंटी पूरी: सिकंदर

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

**राज्यसभा** सांसद सिकंदर कुमार मंगलवार को पार्टी कार्यालय जसूर में पत्रकारवार्ता की। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेशभर में जगह-जगह कार्यशालाओं का आयोजन हो रहा है। इन कार्यशालाओं में केंद्र सरकार की दस साल की विकासात्मक योजनाओं और उपलब्धियों को लेकर जागरूक किया जा रहा है।

उन्हेंने कहा कि कार्यकर्ता बूथ स्तर पर जाकर हर व्यक्ति तक केंद्र सरकार की विकास कार्यों की जानकारी दें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे राष्ट्र में अद्भुत विकास हुआ है। इसके चलते आज भारत विश्व गुरु बनने के पथ पर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि पूर्व जयराम सरकार के समय में भी प्रदेश में अभूतपूर्व विकास हुआ था, लेकिन वर्तमान कांग्रेस की सुक्खू सरकार झूठ की दस गारंटियों के सहारे सत्ता में आई, लेकिन कांग्रेस ने एक भी गारंटी पूरी नहीं कर पाई। इसके चलते प्रदेश की जनता में आक्रोश है। इसका बदला प्रदेश की जनता लोकसभा चुनावों में चारों सीटें भाजपा की झोली में डालकर कांग्रेस को देगी।



जसूर में प्रेसवार्ता करते भाजपा राज्यसभा सांसद सिकंदर कुमार।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बडगांव विकास खंड झंडूता जिला बिलासपुर (हि.प्र.)

आज दिनांक 23-02-2024 को ग्राम पंचायत बडगाव में मासिक बैठक आयोजन का श्री निक्कू राम की अध्यक्षता में संपन्न हुई। उपस्थिति 11/11 रही। बैठक में निम्न कार्यवाही अम्ल में लाई गई।

**प्रस्ताव संख्या (4) कुटेशन/ निविदाएं आमंत्रित करने बारे।**

पंचायत बैठक में सर्वसम्मति ने प्रस्ताव पारित किया गया कि वित्तीय वर्ष 2024-2025 हेतु विभिन्न मदों के अंतर्गत विकासात्मक कार्यों के निष्पादन हेतु निविदाएं समाचार पत्रों के माध्यम से आमंत्रित की जाए। मैटीरियल विक्रेताओं से अनुरोध है कि जिसके पास पैन कार्ड, जीएसटी सर्टिफिकेट है वे निविदा कुटेशन प्रत्येक कार्य दिवस को 10:00 बजे से 4:00 बजे शाम तक ग्राम पंचायत कार्यालय में बंद लिफाफे में डाक/स्वयं दिनांक 07/03/2024 तक जमा करवा सकते हैं। निविदा दिनांक 11.03.2024 को 1:00 बजे दोपहर खोली जाएगी। निविदा आमंत्रित करने हेतु सामग्री विवरण निम्न प्रकार से है-

| क्रम सं. | सामग्री का नाम | मूल्य प्रति इकाई |
|---|---|---|
| 1. | रेता क्रेशर (धुला रेता) | per cu.m |
| 2. | बजरी क्रेशर 10mm/20mm/40mm | per cu.m |
| 3. | बोल्डर पत्थर | per cu.m |
| 4. | कट स्टोन (पत्थर) | per cu.m |
| 5. | पत्थर चक्का | per cu.m |
| 6. | ईंटें (2nd class) | per Brick |
| 7. | स्टील (सरिया) | मार्केट रेट पर मान्य होगा। |
| 8. | फॉर्म वर्क/सेटरिंग (लकड़ी, स्टील) | per sq.m/mt |
| 9. | सीमेंट ढुलान सिविल सप्लाई झंडूता से कार्य स्थल तक (including loading, unloading) | per Bag |
| 10. | बोर्ड निर्माण व लिखाई | प्रति फुट स्क्वेयर |
| 11. | JCB | प्रति घंटा |
| 12. | दरवाजे, खिड़कियां, लकड़ी | sq.ft/sq.mt/cubic mt |
| 13. | Door, window, shutter, grill, steel with labour & Carriage | Per Kg |
| 14. | पानी का टैंकर | per टैंक |
| 15. | मिक्सचर | Per work day |
| 16. | Inter Lock tile (40mm,60mm,80mm) (आईएसआई पर प्रमाणित) | Per Tile |
| 17. | PVC (110mm,140mm,160mm,180mm,200mm,225mm) | Per Pipe |

**अनिवार्य शर्तें..**

1. निविदा कर्ता को अपना पैन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक खाता, बिल नमूना, जीएसटी न. व एफडी निविदा के साथ लगाना अनिवार्य है। यदि इनमें से कोई भी पेपर अधूरा या नहीं पाया जाता है तो कुटेशन को उसी समय रद्द कर दिया जाएगा। 2. सामग्री निविदादाता द्वारा कार्यस्थल अथवा जहां तक ट्रैक्टर जा सके उपलब्ध करवानी होगी। 3. सामग्री की दरें रायल्टी, जीएसटी दरों सहित होंगी। कटिंग व ओवर राइटिंग वाली निविदा मान्य नहीं होगी। 4. स्वीकृत वेंडर को सप्लाई आदेश मिलने के सात दिनों के भीतर सामग्री उपलब्ध करवानी होगी अन्यथा निविदा बिना नोटिस किए ही रद्द् मानी जाएगी। 5. समय पर सामग्री न देने पर तथा सामग्री की गुणवत्ता सही नहीं होने पर कुटेशन रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को होगा। 6. निविदादाता अनुपस्थित होने पर स्वयं जिम्मेदार होगा। 7. एम फॉर्म सामग्री के साथ निविदादाता को जमा करवाना होगा। 8. स्वीकृत निदिदा दाता द्वारा 25000/- (पचीस हजार रु.। की धरोहर राशि ग्राम पंचायत बडगांव के नाम बंधित (पलैज) कराकर शपथ पत्र सहित जमा करवाए अन्यथा आपकी निविदा रद्द करने का पूर्ण अधिकार पंचायत को होगा। 9. सामग्री अदायगी टीए/जेई द्वारा कार्य असेस्मेंट/मूल्यांकन के अनुसार की जाएगी।


## पूर्व विधायक रविंद्र धीमान ने हर्ष महाजन को दी जीत पर बधाई



**पालमपुर।** भाजपा प्रत्याशी हर्ष महाजन को हिमाचल प्रदेश से राज्यसभा के लिए निर्वाचित होने पर जयसिंहपुर के पूर्व विधायक रविंद्र रवि धीमान ने बधाई दी है।

उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर हर्ष महाजन के अनुभव का हिमाचल को भरपूर लाभ प्राप्त होगा और वह संसद में हिमाचल के महत्वपूर्ण विषयों को प्रमुखता से उठाएंगे। उन्होंने कहा कि यह जीत भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं की आशाओं की जीत है।

# नोडल अधिकारी करें दायित्वों का ईमानदारी से पालन : डीसी

## धर्मशाला में लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों को लेकर नोडल अधिकारियों ने की बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**डीसी** हेमराज बैरवा ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया के सही निष्पादन में नोडल अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। ऐसे में उन्हें चुनावी नियमों-प्रक्रियाओं की सही जानकारी होना आवश्यक है, ताकि दायित्वों के निष्पादन में किसी तरह की अव्यवस्था अथवा त्रुटि न हो।

उन्होंने सभी अधिकारियों से चुनाव प्रक्रिया से जुड़े अपने दायित्वों का ईमानदारी के साथ निर्वहन सुनिश्चित करने का आग्रह किया। बीडीओ कार्यालय धर्मशाला के सभागार में लोकसभा चुनाव-2024 की तैयारियों को लेकर गठित समितियों के नोडल अधिकारियों के लिए आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। उन्होंने कहा कि हर बार चुनावों में कुछ नए नियम-दिशा निर्देश लागू होते हैं। अधिकारी व कर्मचारी जिन्होंने पूर्व में अनेकों बार चुनाव संबंधी ड्यूटी में हिस्सा लिया है, उन्हें भी इस चुनाव प्रशिक्षण कार्यशाला में दी जा रही हर जानकारी को समझने की आवश्यकता है। इस मौके पर निर्वाचन विभाग के एसडीएम शिल्पी बेक्टा ने ईवीएम वीवीपैट, सचिव एजुकेशन बोर्ड मेजर विशाल शर्मा ने नामांकन प्रक्रिया, एडीएम हरीश गज्जू ने आदि उपस्थित रहे।



धर्मशाला में नोडल अधिकारियों के साथ बैठक करते उपायुक्त हेमराज बैरवा।

### राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने किया मातृ वंदना पत्रिका के विशेषांक का विमोचन

# पत्रिका का विशेषांक प्रभु श्रीराम को समर्पित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने मंगलवार को शिमला के ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में मातृ वंदना मासिक पत्रिका विशेषांक एवं दिनदर्शिका का विमोचन किया। उन्होंने कहा कि इस तरह की पत्रिका का अलग महत्व होता है। इसके माध्यम से हम अपने गौरवशाली इतिहास, अतीत एवं संस्कृति के बारे में ज्ञान अर्जित करते हैं।

उन्होंने कहा कि मातृ वंदना पत्रिका पाठकों के लिए सम-सामयिक विषयों पर महत्वपूर्ण आलेख प्रकाशित कर रही है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि पत्रिका का यह विशेषांक श्रीराम जन्मभूमि और भगवान श्रीराम को समर्पित किया गया है। उन्होंने कहा कि श्रीराम मंदिर के निर्माण से भारतीय संस्कृति के लिए एक नए युग की शुरुआत है। राज्यपाल ने इस अवसर पर राम मंदिर के कार सेवकों को सम्मानित किया।

**राम मंदिर के कार सेवकों को किया सम्मानित**




मातृ वंदना पत्रिका के विशेषांक का विमोचन करते राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल।

# यूजी छात्रों को परीक्षा में बैठने का दें एक और अतिरिक्त मौका

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**अखिल** भारतीय विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इकाई की ओर से हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति को छात्र मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। विद्यार्थी परिषद हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इकाई के इकाई मंत्री अविनाश शर्मा ने बताया कि यूजी विद्यार्थियों को परीक्षा में बैठने का एक और अतिरिक्त मौका दिया जाए और परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि को आगे बढ़ाया जाए।

उन्होंने कहा कि यूजी के कई विद्यार्थी ऐसे हैं, जिन्होंने परीक्षा देने के मौके रेवालुएशन परिणामों के देर से आने की वजह से खो दिया है। कई स्टूडेंट्स ऐसे हैं, जिन्होंने परीक्षा परिणामों में आ रही अनियमितताओं की वजह से परीक्षा फॉर्म नहीं भर सके, उन सभी विद्यार्थियों को एक अतिरिक्त मौका परीक्षा में बैठने का दिया जाए। उन्होंने बताया कि ऐसे कई छात्र हैं जिनके दूसरे और तीसरे वर्ष में वे पास हैं, लेकिन प्रथम वर्ष में फैल हैं। ऐसे में उन सभी छात्रों को डिग्री पूरा करने का एक अवसर मिलना चाहिए।



हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति को ज्ञापन सौंपती एबीवीपी इकाई।


## कार्यालय ग्राम पंचायत जसाई विकास खंड नादौन जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

**विषय:** विकारा खंड नादौन के अंतर्गत पड़ने वाली ग्राम पंचायत जसाई के विकास कार्यों हेतु वित्तीय वर्ष 2024-25 के सभी विकासात्मक कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित करने बारे।

**सर्वसाधारण** को सूचित किया जाता है कि विकास खंड नादौन के अंतर्गत पड़ने वाली ग्राम पंचायत जसाई, के सभी विकासात्मक कार्यों हेतु वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए पंजीकृत ठेकेदार/सप्लायरों से निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु सील बंद लिफाफे में निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। इसलिए सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इच्छुक ठेकेदार/सप्लायर (फर्म) निविदाएं दिनाक 04/03/2024 शाम 5 बजे तक स्वयं या डाक द्वारा सील बंद लिफाफे में ग्राम पंचायत कार्यालय जसाई में जमा करवा सकते हैं। जिन फर्म की निविदा स्वीकृत होगी उसे मूल्य 15000 रुपए धरोहर राशि के रूप पंचायत के नाम निविदा स्वीकृत होने के एक स्पताह के भीतर प्लेज करवाएगा। जो कि एक वर्ष के बाद वापस की जाएगी। निविदाएं निम्न निचे लिखित दिनांक को सुबह 11 बजे कमेटी द्वारा खोली जाएगी। निम्न लिखित शर्तें पूर्ण न होने पर निविदा को स्वीकृत करने व रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत को ही होगा।

**निविदा शर्तें निम्न प्रकार से हैं।**

1. फर्म को मैटीरियल ग्राम पंचायत की प्रत्येक गांव की पक्की सड़क, गली तक पहुंचाना होगा। 2. निर्माण सामग्री मैटीरियल की गुणवत्ता व मात्रा में कमी होगी तो एक नोटिस देने के बाद आपकी निविदा रद्द कर दी जाएगी और उस मैटीरियल का भुगतान भी नहीं किया जायेगा 3. पावर टाइल पर आईएसआई मार्क होना आवश्यक होगा, आरसी साथ स्लग्न करनी होगी। 4. ट्रैक्टर या वाहन की आरसी साथ स्लग्न करनी होगी। 5. सामग्री/मैटीरियल की आदायगी कनिष्ट अभियंता/तकनीकी सहायक की पैमाइश के बाद ही की जाएगी। किसी भी कार्य की एडवांस पेमेंट नहीं मिलेगी। 6. मैटीरियल के साथ एम फार्म भी पंचायत में जमा करवाना अति आवश्यक होगा। यदि मैटीरियल के साथ एम फार्म जमा नहीं करवाया जाता है तो उस स्थिति में पंचायत द्वारा रायल्टी काट कर ही मैटीरियल की अदायगी की जाएगी। निविदा केवल जीएसटी फर्म की और कम दर वाली ही स्वीकृत होगी। अतः फर्म को निविदा के साथ अपनी जीएसटी कॉपी व आरसी की कॉपी साथ लगानी आवश्यक होगी।

| क्रम संख्या | निविदा खोलने की दिनांक व समय | निविदा खोलने का स्थान | ग्राम पंचायत का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | 11/03/2024 (11.00 सुबह) | ग्राम पंचायत का कार्यालय जसाई | जसाई |

**निविदा प्रारूप :**

| क्रम सं. | मैटीरियल | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | इंटरलॉक पवर टाईल्स 40एमएम,60एमएम,80एमएम व साईन बोर्ड for (पहुंच) | प्रति पीस |
| 2. | PVC पाईप 2,3,4,4,5,6,7,8 (4kg pressure with ISI MARK) चैंबर बॉल टाईल इत्यादि | प्रति पीस/बॉक्स |
| 3. | धुला रेता, रेता दरिया, गटका स्टोन, डस्ट क्रेसर, क्रेसर बजरी, खड्ड बजरी, पत्थर (10,20,40MM प्रति फुट) | प्रति फुट |
| 4. | सैटरिंग लकड़ी, वर्ग फुट ईंटें AB ग्रेट (प्रति इंट), मिक्सचर मशीन (प्रतिदिन डीजल चाहिए) JCB खुदाई कच्ची/पक्की प्रति घंटा, पानी टैंकर (स्टे चार्च सहित प्रतिदिन) | सैटरिंग बिना व करके ईंटें AB ग्रेट |

**प्रधान ग्राम पंचायत जसाई**


## अनंत ज्ञान

# आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी, श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

27 फरवरी, 2024, बुधवार

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत** :1945 (शोभकृत), **मास :** फाल्गुन, **तिथि :द्वितीया** (11:19): **नक्षत्र :** हस्त 7: 34, **पक्ष :** कृष्ण, **योग :** गंड (05:16) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित को नहीं, राहुकाल 12:34 - 02:00।

### विशेष दिन

- 28 फरवरी : द्विजप्रिय संकष्टी चतुर्थी व्रत आज।
- **28 फरवरी :** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस आज।

**मेष :** आज आप थकान महसूस करेंगे। क्रोध की अधिकता भी हो सकती है। परिणामस्वरूप आपका काम बिगड़ने की आशंका है।

**वृषभ:** अत्यधिक कार्यभार व खानपान में लापरवाही के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है। कार्य पूरा नहीं कर सकने से रोष की भावना रहेगी।

**मिथुन :** मौज-मस्ती और मनोरंजन की प्रवृत्तियों में आपको विशेष रुचि होगी। मित्रों के साथ कहीं घूमने-फिरने जाने का आयोजन होगा।

**कर्क :** आज का दिन खुशी और सफलता का है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। नौकरीपेशा लोगों को ऑफिस में अनुकूल वातावरण मिलेगा।

**सिंह :** आज आप स्वस्थ महसूस करेंगे। सृजनात्मक प्रवृत्तियों में विशेष दिलचस्पी रहेगी। संतान के शुभ समाचार मिलेंगे।

**कन्या :** आज आपको प्रतिकूलताओं का सामना करने के लिए तैयार रहना पड़ेगा। शारीरिक स्वास्थ्य के संबंध में शिकायत रहेगी।

**तुला :** भाग्यवृद्धि होने के कारण साहस भरे कार्य हाथ में लेने के लिए आज का दिन शुभ है। योग्य जगह पर पूंजी निवेश आपको लाभदायक रहेगा।

**वृश्चिक:** नकारात्मक मानसिकता से दूर रहें। स्वास्थ्य संबंधी शिकायत रहेगी। अनावश्यक खर्च पर अंकुश लगाना आवश्यक है।

**धनु :** आपके निर्धारित कार्य में सफलता और आर्थिक लाभ की संभावना देखते हैं। सपरिवार मांगलिक प्रसंग में उपस्थित होंगे।

**मकर :** आज आप धार्मिक और आध्यात्मिक प्रवृत्तियों में अत्यधिक व्यस्त रहेंगे। पूजा-पाठ या धार्मिक कार्य के पीछे आपका धन खर्च होगा।

**कुंभ :** नौकरी धंधे में लाभ के साथ अतिरिक्त आय खड़ी कर सकेंगे। मित्र वर्ग, विशेष रूप से स्त्री मित्रों से आपको लाभ होगा।

**मीन :** आपके लिए आज का दिन शुभ है। काम की सफलता और उच्च पदाधिकारियों का प्रोत्साहन आपके उत्साह को दोगुना करेंगे।


## कार्यालय ग्राम पंचायत धवाला विकास खंड देहरा जिला कांगड़ा हि.प्र.

**विषय:-** ग्राम पंचायत धवाला मे 2024-25 के विकास कार्यों को करवाने हेतु निविदा आमंत्रित की जानी है:-

1. धुला प्रति मीटर क्यूबिक, 2 बजरी क्रशर 10, 20, 40 एमएम प्रति क्यूबिक 3. दरयाई बजरा प्रति मीटर क्यूबिक 4. बोल्डर पत्थर/सोलिंग प्रति मीटर क्यूबिक, 5 मिक्सचर मशीन तेल सहित प्रतिदिन 6. शटरिंग लकड़ी प्रति मीटर वर्ग 7. शटरिंग स्टील प्लेट प्रति मीटर वर्ग 8. टूटा पत्थर प्रति पत्थर, 9. रेता क्रशर प्रति मीटर क्यूबिक 10 ईंट (अव्वल दोयम) प्रति नंबर, 11. 40, 60, 80 इंटरलॉक टाइल्स प्रति टाईल्स (with ISI Mark) 12. दीवार व फर्श टाइल्स प्रति पेटी 13. पानी का टैंक प्रति टैंक, 14. जेसीबी प्रति घंटा 15. सीमेंट बैंच व सीमेंट के कूड़ा दान 16. लेंटर डालना सरिया बांधना शटरिंग करना 17. सीमेंट ढुलान लोडिंग व अनलोडिंग सहित सिविल सप्लाई से पंचायत घर तक 18. वाटर डिस्पेंसर, वाटर कूलर 19. ह्यूम पाईप 20. लोकल मैटिरियल व माल ढुलाई इत्यादि 21. सीमेंट ढुलाई पंचायत घर से कार्य स्थल तक 22. सीमेंट बोर्ड लिखाई व फोटो सहित कार्य स्थल तक।

**नियम व शर्तें:-** उपरोक्त हेतू विक्रेता से निविदा 06/03/2024 तक पंचायत कार्यालय में बंद लिफाफे या डाक द्वारा आमंत्रित है। यह निविदा एक वित्तीय वर्ष हेतु मान्य होंगी। यह निविदा 06/03/2024 को 11.00 बजे पर सबके समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी व निविदा खुलने के समय बोलीदाता का उपस्थित होना आवश्यक होगा। उपस्थित न होने की स्थिति में उस की निविदा निरस्त कर दी जाएगी। इच्छुक फर्म या ठेकेदार को जीएसटी नंबर होना अनिवार्य हे व include CGST, SGST With Carriage क्षेत्र में F.O.R यह निविदा एक वित्तीय वर्ष हेतु मान्य होगी। यदि मैटिरियल की गुणवता सही नहीं पाई जाती है, या समय पर नहीं पहुंचाया जाता है और दर्शायी गई जगह पर नहीं पहंचाया जाता है और कार्य में व्यवधान पैदा होते है तो आपूर्तिकर्ता को पंचायत द्वारा 15 दिन का नोटिस देने के उपरांत किसी भी समय निविदा को रद्द किया जा सकता है। फाइनल पेमेंट तकनीकी मूल्यांकन उपरांत दी जायेगी। किसी भी कार्य के लिए एडंवास पेमेंट नहीं की जाएगी। यदि सरकार द्वारा सामग्री की दरों में वृदि होती है ओर आपूर्ति कर्ता सामग्री उपलब्ध करवाने में मना करता है। जिसकी वजह से विकास कार्य प्रभावित होते है। जिसकी निविदा सबसे कम दर वाली होगी वह पास की जाएगी। जिस सप्लायर की निविदा पास होगी, उसे धरोहर राशि एफडीआर के रूप में जमा करवानी होगी जो की पंचायत द्वारा मौके पर बजाई जाएगी। निविदाएं स्वीकृत या रद्द करने का अधिकार पंचायत का होगा।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत धवाला**

# अवैध खनन से साल दर साल घट रहा जलस्तर

**हिमाचल** में अवैध खनन बड़ी समस्या बनता जा रहा है। खनन माफिया दिन-रात खनन करने में जुटा हुआ है, लेकिन उन पर लगाम नहीं कसी जा रही है। वह अपना पैसा बना रहा है और लोगों को मुसीबत में डाल रहा है। अवैध और अवैज्ञानिक खनन के कारण नदियों और नालों का जलस्तर साल दर साल गिरता ही जा रहा है। कुछ स्थानों पर तो पानी का स्तर इतना कम हो गया है कि कोई पैदल भी नदी पार कर सकता है। राज्य के वन, खनन, प्रदूषण और राजस्व विभाग इस स्थिति से बेपरवाह नजर आते हैं। नदी तल पर कई स्टोन क्रशरों के आ जाने से मामला और भी बिगड़ गया है। नदी से खनन सामग्री निकालने के लिए भारी जेसीबी और पोकलेन मशीनों का इस्तेमाल किया जा रहा है। अवैध खनन और वनों की कटाई के कारण नदी को पर्यावरणीय गिरावट का सामना करना पड़ रहा है। राज्य एजेंसियां भी राजनीतिक संरक्षण प्राप्त खनन माफिया के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करती हैं। हालांकि पुलिस ने छापेमारी कर कई वाहन जब्त किए हैं और आरोपियों पर भारी जुर्माना भी लगाया है। अवैध खनन करने वालों की धरपकड़ के लिए पुलिस रात को भी अलर्ट पर रहती है।

नदियों के किनारे से निकलने के अधिकांश रास्ते वन भूमि पर बनाए गए हैं और इसलिए वन और खनन विभागों के सहयोग के बिना समस्या का समाधान नहीं किया जा सकता है। अवैध खनन से जहां जमीन बंजर हो रही है, वहीं वन्य जीवों की प्रजातियां भी विलुप्त हो रही हैं। मिट्टी का कटाव बढ़ रहा है और खेतों की उपजाऊ शक्ति कम हो रही है। यही नहीं, फसल चक्र बुरे तरीके से बिगड़ रहा है। अवैध रूप से खनन से राजस्व के साथ-साथ पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है। हालांकि हिमाचल प्रदेश में खनिज पदार्थ के अवैध खनन के लिए राज्य सरकार काफी गंभीर दिखती है। रेत, बजरी और पत्थर के अवैध खनन से राज्य सरकार को बिना आवश्यक कर भुगतान से न केवल पर्यावरण का क्षरण हो रहा है बल्कि, राजस्व का भी भारी नुकसान हो रहा है। ऐसे में प्रदेश में अवैध खनन पर रोक लगाने और विभिन्न स्तरों पर अवैध खनन गतिविधियों की जांच के लिए कार्यबल बनाए जाने चाहिएं। हिमाचल प्रदेश गौण खनिज नियम-2015 के अनुसार, अवैध खनन गतिविधियों में संलिप्त लोगों पर कार्रवाई का प्रावधान है और दोषियों पर पांच लाख रुपए तक का जुर्माना लगाया जा सकता है, लेकिन ये सब कागजी बाते हैं। इतने बड़े स्तर पर कार्रवाई कम ही देखने को मिलती है। राज्य सरकार ने सीमावर्ती क्षेत्रों में अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए कई फ्लाइंग स्क्वायड भी तैनात किए हैं। बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ जैसे औद्योगिक क्षेत्रों में अवैध खनन की जांच के लिए खनन कर्मचारी ऐसे क्षेत्रों में निरंतर छापेमारी कर रहे हैं। अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए खनन विभाग के अधिकारी अंतरराज्यीय सीमाओं पर खनन माफिया की ओर से बनाई गई अवैध सड़कों को बाधित कर इनकी खड्डों तक पहुंच को रोकने की दिशा में भी कार्य कर रहे हैं। राज्य सरकार वैज्ञानिक खनन से राजस्व बढ़ाने का प्रयास कर रही है और अवैध खनन पर रोक लगाने को लेकर पूरी तरह गंभीर है। सरकार को अपेक्षित जनसहयोग मिलता रहे तो अवैध खनन की समस्या काफी हद का हल हो सकती है।

# परीक्षाओं का मौसम है, पढ़ने के साथ खेलकूद भी जरूरी

**दसवीं** तथा 12वीं कक्षा की बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं शुरू हो चुकी हैं। यही वह समय होता है, जब विद्यार्थियों की सालभर की पढ़ाई का मूल्यांकन होना होता है। इसी परीक्षा की बदौलत उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए आधार मिलता है। इसलिए बहुत जरूरी है कि एकाग्रचित्त होकर इन परीक्षाओं की तैयारी की जाए। कुछ छात्र परीक्षा की तैयारी के लिए अपना कोई लक्ष्य निर्धारित नहीं कर पाते और लक्ष्य निर्धारित नहीं होने के कारण एकाग्रचित्त होकर परीक्षा की तैयारी नहीं कर पाते। ऐसे में परीक्षा को लेकर उनका चिंतित और तनावग्रस्त होना स्वाभाविक ही है। किंतु परीक्षा के दिनों में जरूरत से ज्यादा तनावग्रस्त रहना निश्चित रूप से हानिकारक साबित होता है। तनावग्रस्त रहने के कारण लाख कोशिश के बाद भी पढ़ाई में मन नहीं लग सकता। अत: यह अत्यंत आवश्यक है कि वे शुरू से ही पढ़ाई के प्रति रुचि बनाए रखें। अपना लक्ष्य निर्धारित करें, ताकि ऐसी परिस्थितियां ही उत्पन्न होने पाएं, जिनके कारण परीक्षा को हौवा मानकर उन्हें तनावग्रस्त रहना पड़े।

कुछ छात्र वार्षिक परीक्षाओं की तैयारी में रात-दिन इस कदर जुट जाते हैं कि उन्हें अपने खाने-पीने की भी सुध नहीं रहती। कुछ मामलों में तो स्थिति यह हो जाती है कि खानपान के मामले में निरंतर लापरवाही बरतने के कारण छात्रों का स्वास्थ्य गिरता जाता है, जिसका सीधा-सीधा प्रभाव उनकी स्मरण शक्ति पर पड़ता है और नतीजा, परीक्षा की भरपूर तैयारी के बावजूद उन्हें आशातीत सफलता नहीं मिल पाती। एक छात्र के साथ भी पिछले साल 12वीं की परीक्षा में यही हुआ। वह अपनी कक्षा का होनहार छात्र था और जी-जान से परीक्षा की तैयारी में जुटा था। पढ़ाई में वह इस कदर मग्न था कि उसे अपने खाने-पीने का भी ध्यान न रहता। परिणामस्वरूप उसका स्वास्थ्य गिरता गया और परीक्षा के दिनों में वह बीमार पड़ गया। बीमारी की हालत में ही उसे परीक्षा देनी पड़ी। जब वह परीक्षा देने बैठा, तब शारीरिक और मानसिक अस्वस्थता की दशा में वह याद किए गए प्रश्नों के उत्तर भी भूल गया। इसका परिणाम यह रहा कि वह कामचलाऊ अंकों से ही परीक्षा उत्तीर्ण कर सका।

कहने का तात्पर्य यही है कि परीक्षा के दिनों में खूब मन लगाकर पढ़ाई करना और कड़ी मेहनत करना तो जरूरी है ही, लेकिन पढ़ाई के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी बेहद जरूरी है क्योंकि यदि आपका शरीर ही स्वस्थ नहीं होगा, तो आप परीक्षा की तैयारी बेहतर ढंग से मन लगाकर कैसे कर पाएंगे? परीक्षा में सफलता-विफलता को लेकर भी बहुत से छात्र परीक्षाओं के शुरू होने से पहले ही तनावग्रस्त हो जाते हैं और उनके मन में परीक्षा नजदीक आते ही बेचैनी सी छा जाती है। दरअसल कुछ छात्र ऐसे होते हैं, जो पूरे साल का समय तो मौजमस्ती में ही गुजार देते हैं और जब परीक्षाएं नजदीक आती हैं तो परीक्षाओं को हौवा मानकर घबराने लगते हैं। समयसारिणी बनाकर



योगेश कुमार गोयल
स्वतंत्र टिप्पणीकार

नियमित अध्ययन न करना भी छात्रों के तनावग्रस्त होने का प्रमुख कारण होता है। वैसे प्राय: वही छात्र परीक्षाओं को हौवा मानते हैं, जो सालभर तो मौजमस्ती करते घूमते फिरते हैं और परीक्षाओं के ऐन मौके पर उन्हें किताबों की सुध आती है। तब उन्हें समझ ही नहीं आता कि परीक्षा की तैयारी कैसे और कहां से शुरू की जाए। इसी हड़बड़ी तथा तनाव के चलते अकसर वे परीक्षा में पिछड़ जाते हैं। यदि किसी छात्र ने सालभर नियमित रूप से मन लगाकर पढ़ाई की है तो कोई कारण नहीं, जो परीक्षा से उसे किसी प्रकार का भय सताए।

यदि आप समयसारिणी बनाकर अध्ययन-मनन करें तो कठिन से कठिन हर विषय भी आपको आसानी से समझ में आ



सकता है। समयसारिणी बनाते समय इसमें केवल अपने मनपसंद विषय को ही वरीयता न दें, बल्कि सभी विषयों पर बराबर ध्यान देने का प्रयास करें बल्कि जिस विषय में आप स्वयं को कमजोर पाते हैं, उस पर कुछ ज्यादा ध्यान केंद्रित करने का प्रयास करें। जो भी कुछ पढ़ें या याद करें, उस पर पूरा ध्यान केंद्रित करते हुए उसे दोहराते रहें, ताकि वे लंबे समय तक याद रह सके। प्रत्येक विषय के संक्षिप्त नोट्स अवश्य बनाएं, जिससे परीक्षा की तैयारी में बहुत मदद मिलेगी। जो विषय अथवा प्रश्न समझ नहीं आ रहा हो, वह अपने शिक्षक अथवा मित्र से पूछने में संकोच न करें। परीक्षा के दिनों में भी पर्याप्त नींद लें। रात-रात भर जागकर पढ़ना स्वास्थ्य के लिए अच्छा नहीं।

जिस दिन आपको परीक्षा देनी है, उस रात भरपूर नींद लें, वरना कहीं ऐसा न हो कि परीक्षा देते समय आपको आलस्य सताने लगे और आप चाहकर भी सही ढंग से परीक्षा न दे पाएं। अपनी लिखावट साफ-सुथरी और लिखने की गति तेज बनाएं ताकि प्रश्न पत्र हल करते समय आपको समय की कमी का रोना न रोना पड़े।

घर का वातावरण तथा अभिभावकों की सजगता भी वार्षिक परीक्षाओं में छात्रों की सफलता-विफलता का निर्धारण करने में अहम भूमिका निभाती है। परीक्षा की तैयारी के दिनों में छात्र को सर्वाधिक जरूरत होती है अपने अभिभावकों के मोरल सपोर्ट की। अभिभावकों को चाहिए कि वे बच्चों को उचित मार्गदर्शन, सकारात्मक सहयोग और अपेक्षित समय देते हुए प्रोत्साहन भरे दृष्टिकोण से उनका मनोबल बढ़ाएं। अभिभावक उनके खानपान का पूरा ध्यान रखें। मन लगाकर परीक्षाओं की तैयारी करने के साथ-साथ यह भी जरूरी है कि हर समय किताबों से चिपके रहने के बजाय कुछ समय खेलकूद अथवा मनोरंजन इत्यादि क्रियाकलापों के लिए भी निकालें।

लगातार पढ़ाई करते रहने से मस्तिष्क पर भारी दबाव पड़ता है, जिससे मानसिक थकान होने के साथ-साथ एकाग्रता भी भंग होती है। इसलिए कई-कई घंटों तक निरंतर अध्ययन करने के बजाय बीच-बीच में 5-10 मिनट आराम करें और भले ही दिनभर में थोड़े समय के लिए ही सही, मनोरंजन, खेलकूद इत्यादि गतिविधियों में अवश्य हिस्सा लें। मस्तिष्क की एकाग्रता बनाए रखने के लिए व्यायाम एवं योगाभ्यास करना भी जरूरी है।

नजरिया

# दाल-रोटी के नेपथ्य में जाने के खतरे

**नेशनल** सैंपल सर्वे ऑफिस की हालिया रिपोर्ट में रहन-सहन और खान-पान के प्रति देशवासियों में जबरदस्त बदलाव सामने आया है। जहां एक ओर 1999-00 से 2022-23 के दौरान खाने-पीने की वस्तुओं पर खर्च में तेजी से कमी देखी जा रही है, वहीं खाने-पीने से इतर अन्य पर खर्च में बड़ा उछाल सामने आ रहा है। मजे की बात यह है कि यह बदलाव केवल शहरी क्षेत्रों में हो, ऐसा नहीं है, अपितु ग्रामीण क्षेत्रों में बदलाव की बयार लगभग समान ही नहीं अपितु शहरी क्षेत्र से अधिक ही है। ऐसा नहीं है कि इस दौरान प्रति व्यक्ति व्यय में कमी आई हो अपितु प्रति व्यक्ति व्यय में लगातार बढ़ोतरी ही देखने को मिल रही है। यह रुझान तेजी से बदलती प्राथमिकताओं को भी स्पष्ट करता है। मजे की बात यह है कि खाद्यान्न (सिरियल्स) के उपयोग में कमी आई है, वहीं अखाद्य सामग्री की खरीद में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है।



लेखक : डॉ. राजेंद्र प्रसाद
वरिष्ठ पत्रकार

दरअसल यह बदलाव बदलते परिदृश्य को भी स्पष्ट करता है। इस रिपोर्ट का विश्लेषण किया जाए तो खाने-पीने की वस्तुओं में चाहे शहरी क्षेत्र हो या ग्रामीण दोनों ही जगह ब्रेवरेज यानी की पेय पदार्थों और प्रोसेस्ड फूड यानी की डिब्बा बंद खाद्य पदार्थों का उपयोग बढ़ा है। इन्हें भी शामिल कर लिया जाए तो भी खान-पान पर होने वाला व्यय 1999-00 की तुलना में 2022-23 आते-आते बहुत कम हो गया है, वहीं अखाद्य वस्तुओं पर शहरी और ग्रामीण क्षेत्र के लोगों द्वारा दिल खोलकर पैसा खर्च किया जा रहा है।

लगता है जैसे अब लोगों की समान रूप से प्राथमिकताएं बदल गई हैं। बल्कि यह कहना अधिक युक्तिसंगत होगा कि अब रहन-सहन और सुख-सुविधाओं के उपयोग में गांव किसी तरह से भी शहरों से पीछे नहीं रह रहे है, बल्कि रिपोर्ट से तो यही उभर कर आता है कि मॉल संस्कृति के बावजूद अब उत्पादकों को ग्रामीण क्षेत्र में अच्छा बाजार मिलने लगा है। इसे अर्थव्यवस्था के लिए शुभ संकेत भी माना जा सकता है। सर्वे से स्पष्ट हो रहा है कि अब गांव, गांव नहीं रहे। वह शहरों से कहीं पीछे नहीं रहना चाहते। यही कारण है कि उत्पादकों द्वारा अब ग्रामीण क्षेत्र को भी टारगेट बनाकर रणनीति तैयार की जाने लगी है।

## अंदाज-ए-बयां
### बदल गए अब लोग

*बदल गए अब लोग हैं, बदले रीति-रिवाज।*
*प्रेम ठिठोली है कहां, नीरस मन है आज।।*
*खड़े-खड़े सब खा रहे, गए पालथी भूल।*
*बदले रीति-रिवाज हैं ,जो अपने थे मूल।।*
*होता इक परिवार था, करते सब थे नाज।*
*चूल्हे बखरे हो गए, बदले रीति -रिवाज।।*
*बदले रीति -रिवाज हैं, हैलो वाय प्रधान।।*
*पहले जैसी पीर का, कहां रहा आभास।*
*बदल रहे रिश्ते सभी, जो अपने थे खास।।*
*बूढ़ों की मस्ती भरी, कहां गई चौपाल।*
*अपने-अपने हो गए, कौन पूछता हाल।।*
*पर्दा करती लाज का, सकुचाती थी नार।*
*साधे उजले रूप का, रहा नहीं श्रृंगार।।*
*अनपढ़ होते लोग थे, दिल में बसता प्यार।*
*पढ़े-लिखे अब हो गए, भूल गए सत्कार।।*



शिव सन्याल
जवाली (कांगड़ा)

# प्रधानमंत्री मोदी ने 'मन की बात' में जीवन में तकनीक के महत्व पर की बात

**साल** 1973 में एक फिल्म आई थी, हीरा पन्ना। इस फिल्म में एक गीत है 'पन्ना की तमन्ना है कि हीरा मुझे मिल जाए...। यहां जिक्र मध्य प्रदेश के बुंदेलखंड के पन्ना जिले का हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम के संबोधन के 24 घंटे बाद पन्ना से बड़ी खबर निकल कर आई है कि यहां केन नदी के घड़ियाल अभ्यारण्य में अब सबसे आधुनिक घड़ियाल ब्रीडिंग सेंटर बनेगा। इसकी कवायद भी शुरू हो गई है। इस अभयारण्य को लुप्तप्राय घड़ियाल या भारतीय मगरमच्छ का घर कहा जाता है। दरअसल प्रधानमंत्री मोदी ने 25 फरवरी को 'मन की बात' में जीवन में तकनीक के महत्व की बात की। उन्होंने अपने संबोधन में डिजिटल गैजेट्स की सहायता से वन्य जीवों के साथ तालमेल बिठाने का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि तीन मार्च को विश्व वन्य जीव दिवस मनाया जाएगा।



लेखक : मुकुंद
हिन्दुस्थान समाचार

इस साल इसकी थीम में डिजिटल इनोवेशन को सर्वोपरि रखा गया है। देश में वन्य जीवों के संरक्षण में अब तकनीक का खूब उपयोग हो रहा है। उत्तराखंड के रुड़की में विकसित ड्रोन की मदद से केन नदी में घड़ियालों पर नजर रखने में मदद मिल रही है। इस ड्रोन को रोटर प्रिसेशन ग्रुप ने देहरादून स्थित भारतीय वन्य जीव संस्थान के साथ मिलकर तैयार किया है। केन नदी में घड़ियाल पुनर्स्थापना प्रोजेक्ट के प्रभारी रमेश कुमार मानते हैं कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) की सहायता से तैयार ड्रोन के सर्वे में केन में 10 घड़ियालों की मौजूदगी सामने आई है। कटनी से लेकर उत्तर प्रदेश के बांदा तक पूरी नदी का ड्रोन सर्वे हो रहा है। यह ड्रोन पानी के भीतर की तस्वीरें लेने में सक्षम है। 450 किलोमीटर लंबी केन नदी का सर्वे जल्द पूरा होने की उम्मीद है। इस तरह पन्ना में टाइगर खत्म होने के बाद यहां दोबारा टाइगर बसाए गए, ठीक उसी तर्ज पर घड़ियालों की पुनर्स्थापना का प्रोजेक्ट शुरू होना है। इसकी पुनर्स्थापना ग्रेटर पन्ना लैंडस्कैप प्लान के तहत की जानी है।

सनद रहे 1985 में विश्व प्रसिद्ध खजुराहो के पास केन नदी और कुड़ार नदी के संगम पर रानेफॉल क्षेत्र में घड़ियाल सेंक्चुरी स्थापित की गई थी। तत्कालीन सरकार की उदासीनता से यहां घड़ियालों को नहीं बचाया जा सका। अब मौजूदा सरकार ने इस पर भगीरथ प्रयास शुरू किए हैं। प्रोजेक्ट प्रभारी रमेश ने कहा कि अब यहां सबसे आधुनिक घड़ियाल ब्रीडिंग सेंटर बनेगा। केंद्र सरकार ने इसकी मंजूरी दी है। इसके साथ ही पन्ना में भारत का पहला वाइल्ड लाइफ इंटीग्रेटेड लर्निंग एंड रिसर्च सेंटर भी बनेगा।

दरअसल केन मध्य भारत की प्रमुख नदी है। यह दो राज्यों मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में बहती है। केन नदी के तट पर कुछ महल भी हैं। अब यह खंडहर की स्थिति में हैं। बांदा शहर केन नदी के तट पर स्थित है। यहां केन नदी अपने दुर्लभ शजर पत्थर के लिए प्रसिद्ध है। बुंदेलखंड में जल-जंगल-जमीन की लंबे समय से चिंता कर रहे चित्रकूटधाम कर्वी के सामाजिक कार्यकर्ता आलोक द्विवेदी और जखनी जलग्राम के संस्थापक पद्मश्री उमाशंकर पांडेय कहते हैं कि पन्ना में होने वाली यह बड़ी पहल प्रधानमंत्री मोदी के वन्य जीवन प्रेम का बड़ा उदाहरण है।

# फीडे के आधिकारिक सौ साल, 'विश्व शतरंज संघ' की जन्म शताब्दी

**भारतीय** मूल से जन्मे शतरंज खेल का आज पूरा विश्व दीवाना बन गया है। धीरे-धीरे यह खेल विश्व में लोकप्रिय बनता गया। 20 जुलाई, 1924 को पेरिस में विश्व शतरंज नियमों में एकरूपता लाने हेतु एक संस्था का गठन किया गया, जिसे विश्व शतरंज संघ के नाम से जाना जाने लगा। पहली बार में विश्व शतरंज के नियम परिभाषित किए गए, वे भी फ्रेंच भाषा में। 1952 तक फ्रेंच में ही विश्व शतरंज संघ द्वारा खेल नियम परिभाषित होते रहे। 1966 में भी कुछ संदर्भ से जोड़े गए, आखिर 1974 में पहली बार शतरंज खेल के नियम अंग्रेजी भाषा में परिभाषित हुए। क्यों न विश्व शतरंज संघ यानी फीडे के आधिकारिक 100 साल पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय शतरंज संघ द्वारा ये नियम भारत में हिंदी भाषा में परिभाषित किए जाएं क्योंकि अरसे बाद भारतीय युवाओं का बहुमत से वर्चस्व शतरंज के खेल में बनता जा रहा है।

हिंदी में नियम परिभाषित होने से और अधिक युवाओं तक इस खेल व इसके नियमों की समझ भारतीय युवा खिलाड़ियों तक बन पाएगी। वर्तमान में भारत के पांच खिलाड़ी कैंडिडेट्स टूर्नामेंट्स खेलने जा रहे हैं। वर्ष 1997 में विश्व शतरंज नियमों में अधिकतर बदलाव देखने को मिले व नियमों को तीन भागों में विभाजित किया गया। शतरंज खेल के मूलभूत सिद्धांत, शतरंज खेल प्रतियोगिता के सिद्धांत व परिशिष्ट, जिसमें अध्याय एक से पांच तक शतरंज खेल के मूलभूत सिद्धांत व अध्याय छह से चौदह तक शतरंज खेल प्रतियोगिता के सिद्धांत व स्थगित खेल के कुछ नियम शामिल हैं। शतरंज खेल में आर्बिटर की मुख्य भूमिका होती है। भारतीय शतरंज संघ इस दिशा में सक्रिय व प्रभावी दिखता है। आज, वर्ष 2024 में विश्व शतरंज संघ के 100 साल पूर्ण होने पर विश्व शतरंज संघ विश्व भर में अनेक कार्यक्रम शतरंज खेल को बढ़ावा देने के लिए कर रहा है, जैसे अंतरराष्ट्रीय स्कूली शतरंज प्रतियोगिता व चेस फॉर एव्रीवन। वर्तमान में शतरंज खेल के अनेक प्रारूप खेल की लोकप्रियता को बढ़ा रहे हैं।



लेखक : हंसराज ठाकुर
प्रवक्ता भौतिक शास्त्र, मंडी

भारत में इस खेल की लोकप्रियता विस्वनाथन आनंद से शुरू होती है, जो आज भी विश्व के शीर्ष 10 खिलाड़ियों में अपना स्थान रखते हैं। वैसे मीर सुल्तान खान को भी ग्रैंड मास्टर का खिताब मरणोपरांत हाल ही में फीडे ने दिया है, जो कि भारतीय मूल के थे, मगर अब यह विषय फीडे का है कि वह वास्तविकता में कहां के ग्रांडमास्टर थे। आज फीडे की ओर से ग्लोबल चेस लीग, चेस 960 जैसी कई नई प्रतियोगिताएं शतरंज में चल रही हैं व इस खेल के रोमांच को बढ़ा रही हैं। कई प्रतिष्ठित शतरंज प्रतियोगिताएं विश्व भर में फीडे द्वारा प्रायोजित करवाई जा रही हैं।

जुलाई 2022 में शतरंज ओलंपियाड की मेजबानी चेन्नई में भारत ने सफलतापूर्वक की, जिसमें विश्व भर के 2500 से अधिक खिलाड़ियों ने शिरकत की और भारतीय महिला टीम ने इस शतरंज ओलंपियाड में कांस्य पदक प्राप्त कर भारत का गौरव बढ़ाया। इस वर्ष भी ओलंपियाड की मशाल भारत आई और भारतीय खेलमंत्री ने यह मशाल हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट को सौंपी, जो इस साल शतरंज ओलंपियाड की मेजबानी करेगा। फीडे के अध्यक्ष अर्कड़ी ड्वोर्कोविच और मेजबान शहर की प्रतिनिधियों ने यह मशाल संभाली। आनंद सहित विश्व शतरंज की कई बड़ी खेल हस्तियां भी इसमें शामिल रहीं। वर्तमान में विश्व जूनियर टॉप 10 में सबसे ज्यादा पांच भारतीय खिलाड़ी शामिल हैं, जिसमें आर प्रगनानंदा, डी. गुकेश, निहाल सरीन, रौनक सिधवानी, लियोन ल्यूक मुंडाका शामिल हैं।

दिलचस्प बात यह है कि इसमें आर. प्रगनानंदा व डी. गुकेश कनाडा में आगामी कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व भी करेंगे। शतरंज दुनिया में ग्रैंड चैस टूर में जगह बनाना अपने आप में ही बड़े सम्मान की बात मानी जाती है और भारत से अब तक विस्वनाथन आनंद ही ऐसे खिलाड़ी रहे हैं, जिन्हें ग्रांड चेस टूर में नियमित स्थान दिया गया है। अब भारत के दो युवा खिलाड़ी डी. गुकेश और आर. प्रगनानंदा को भी इसमें शामिल किया गया है। यह विश्व शतरंज में भारत बढ़ती शाख है। इस टूर के तहत पोलैंड, रोमानिया, क्रोएशिया और यूएसए में शतरंज के तीनों फॉरमैट क्लासिकल, रैपिड और ब्लीट्ज के कुल मिलाकर आठ टूर्नामेंट होते हैं। दोनों भारतीयों के अलावा फबिअनो कारुआना, वेस्ली सो, अलीरेजा फिरोजा, ईयान नेपोमिनियाची, अनीश गिरी और अब्दुसत्तारोव नोदिरवेक को भी नियमित सदस्य के रूप में लिया गया है। यह टूर मई में पोलैंड से शुरू होकर अगस्त अंत तक सेंट लुइस में समाप्त होगा।

फीडे द्वारा पहली बार बच्चों का विश्वकप आयोजित करवाना सराहनीय पहल है। ओलंपिक खेलों का हिस्सा शतरंज भी बन पाए, इसके लिए फीडे को कसरत करनी होगी। आज तक शतरंज का ओलंपियाड अलग से होता रहा है। सितंबर 2020 तक फीडे के अंतर्गत शतरंज खेलने वाले 195 देश थे। शायद शतरंज ही एक ऐसा खेल है, जो विश्व के सर्वाधिक देशों में खेला जाता है। लगभग 56,000 से अधिक भारतीय खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय रेटिंग प्राप्त हैं। एक समय में (1965 से 1976) तक चीन में यह खेल प्रतिबंधित हुआ था, लेकिन आज पुरुष व महिला दोनों विश्व चैंपियन चीन से हैं। भारतीय युवा तेजी से शिखर की ओर बढ़ रहे हैं। पिछले 10-15 वर्षों में भारतीय ग्रैंडमास्टर की संख्या 20 से 84 पहुंच गई है, जो भारतीय शतरंज संघ के लिए गर्व की बात है। फीडे के 'चेस इन स्कूल' व 'चेस फॉर एव्रीवन' जैसे कार्यक्रम को और अधिक व्यवहारिक व सार्थकता के साथ ज्यादा व्यापक बनाने की आवश्यकता है।

# आज के सरकारी शिक्षा तंत्र में सुधार की आवश्यकता

**शिक्षा,** समाज एक पीढ़ी द्वारा अपने से निचली पीढ़ी को अपने ज्ञान के हस्तांतरण का प्रयास है। इस विचार से शिक्षा एक संस्था के रूप में काम करती है, जो व्यक्ति विशेष को समाज से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है तथा समाज की संस्कृति की निरंतरता को बनाए रखती है। बच्चा शिक्षा के माध्यम से समाज के आधारभूत नियमों, व्यवस्थाओं, समाज के प्रतिमानों एवं मूल्यों को सीखता है।

बच्चा समाज से तभी जुड़ पाता है, जब वह उस समाज विशेष के इतिहास से अभिमुख होता है। शिक्षा व्यक्ति की अंतर्निहित क्षमता तथा उसके व्यक्तित्व का विकसित करने वाली प्रक्रिया है। यही प्रक्रिया उसे समाज में एक वयस्क की भूमिका निभाने के लिए समाजीकृत करती है तथा समाज के सदस्य एवं एक जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए व्यक्ति को आवश्यक ज्ञान तथा कौशल उपलब्ध कराती है। शिक्षा शब्द संस्कृत भाषा की 'शिक्ष्' धातु में 'अ' प्रत्यय लगाने से बना है। 'शिक्ष्' का अर्थ है सीखना और सिखाना। 'शिक्षा' शब्द का अर्थ हुआ सीखने-सिखाने की क्रिया। जब हम शिक्षा शब्द के प्रयोग को देखते हैं, तो मोटे तौर पर यह दो रूपों में प्रयोग में लाया जाता है, व्यापक रूप में तथा संकुचित रूप में। व्यापक अर्थ में शिक्षा किसी समाज में सदैव चलने वाली सोद्देश्य सामाजिक प्रक्रिया है, जिसके द्वारा मनुष्य की जन्मजात शक्तियों का विकास, उसके ज्ञान एवं कौशल में वृद्धि एवं व्यवहार में परिवर्तन किया जाता है और इस प्रकार उसे सभ्य, सुसंस्कृत एवं योग्य नागरिक बनाया जाता है।

मनुष्य क्षण-प्रतिक्षण नए-नए अनुभव प्राप्त करता है व करवाता है, जिससे उसका दिन-प्रतिदिन का व्यवहार प्रभावित होता है। उसका यह सीखना-सिखाना विभिन्न समूहों, उत्सवों, पत्र-पत्रिकाओं, रेडियो, टेलीविजन आदि से अनौपचारिक रूप से होता है। यही सीखना-सिखाना शिक्षा के व्यापक तथा विस्तृत रूप में आते हैं। संकुचित अर्थ में शिक्षा किसी समाज में एक निश्चित समय तथा निश्चित स्थानों (विद्यालय, महाविद्यालय) में सुनियोजित ढंग से चलने वाली एक सोद्देश्य सामाजिक प्रक्रिया है, जिसके द्वारा विद्यार्थी निश्चित पाठ्यक्रम को पढ़कर संबंधित परीक्षाओं को उत्तीर्ण करना सीखता है।



ब्लॉगर

रविंद्र परमार
शोधार्थी, हिप्र केंद्रीय विश्वविद्यालय

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें। ई-मेल editoranantgyaan@gmail.com

आज के वर्तमान समय में देखे तो शिक्षा का स्वरूप बदल रहा है, आज के समय में हम देखते हैं कि शिक्षा को व्यापार की दृष्टि से देखा जा रहा है। दिन व दिन आपको नए कोचिंग सेंटर व प्राइवेट स्कूलों व कॉलेजों की संख्या में वृद्धि हुई है। आज के समय में सरकारी स्कूल में दाखिला बहुत कम देखने को मिलता है, क्योंकि जो सरकारी स्कूल का अध्यापक है, उसका खुद का बच्चा उस प्राइवेट स्कूल में पढ़ता है, इसके पीछे आधुनिकता को माना जा सकता है कि हर कोई अपने बच्चे को उस स्कूल में पढ़ाना चाहता है, जहां उसको शिक्षा की गुणवत्ता मिले, लेकिन प्राइवेट स्कूल में उन अध्यापकों को वेतन के नाम पर सात या आठ हजार मिलते हैं, जो कि उसकी मेहनत से भी कम होता है। शिक्षा में सुधार होना जरूरी है। आज के समय में ऐसे कई सरकारी स्कूल भी हैं, जहां बच्चे चपरासी या तो राम भरोसे हैं या फिर उस स्कूल में कोई व्यवस्था सही नहीं है। हमारे सरकारी स्कूल के अध्यापकों को भी अपने बच्चे सरकारी स्कूल में पढ़ाने चाहिएं, ताकि इस शिक्षा तंत्र को और सशक्त किया जाए। शिक्षा हमें जीने की कला देती है। शिक्षा के बिना मनुष्य पशु के समान है, इसलिए हमें शिक्षित होना जरूरी है, जिससे समाज में सुधार हो सके।

हम शिक्षा तंत्र में सुधार के लिए हमें खुद ही पहल करनी होगी, इसके लिए हमें पंचायत स्तर पर स्कूल को गोद में लेकर पंचायत की सहायता से उस स्कूल को हर सुविधा उपलब्ध करानी होगी जिससे की उस स्कूल के बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। सरकारी स्कूल में आज के समय में अगर बच्चों को सही से दिशा दी जाती है, तो विद्यार्थी उस स्कूल का नाम रोशन करेंगे, साथ ही देश व प्रदेश में भी उस तरह की शिक्षा व्यवस्था में सुधार होगा।

## अपनी बात

**पिछले** बीस सालों में विज्ञान की बड़ी क्रांति देखने को मिल रही है। सबसे बड़ी क्रांति यही है कि हम सोशल मीडिया के दौर में जी रहे हैं। हमारे हर ओर मोबाइल फोन दिखता है। मोबाइल फोन हमारी सबसे बड़ी जरूरत बन गई है। मोबाइल के बिना हम एक भी पल नहीं रह सकते हैं। मोबाइल फोन सोशल मीडिया का सबसे बड़ा माध्यम है। कभी हम मोबाइल की महज एक कल्पना करते थे, लेकिन आज स्मार्टफोन के युग में जी रहे हैं और भविष्य में हो सकता है इससे भी बड़ी सुविधा हमारे हाथ में हो। हो सकता है एक चिप ही मोबाइल का काम करें और भी कई सुविधाएं एक चिप से ही संभव हो सकें, लेकिन आज यह प्रश्न भी उठता है कि क्या विज्ञान की यह क्रांति सही है। कहीं हम खतरे की और तो नहीं बढ़ रहे। हमारे लिए विज्ञान अभिशाप तो नहीं बनता जा रहा। क्या हम विज्ञान का सही फायदा उठा पा रहे हैं। ऐसे कितने ही सवाल हैं, जिनको वर्तमान की कुछ स्थितियां ने जन्म दिया है। सोशल मीडिया के दौर में सूचना तंत्र को बड़ा खतरनाक तरीके से दुरुपयोग हो रहा है। लोग सोशल मीडिया पर कुछ भी परोस रहे हैं। क्या यह सही है? हमें विज्ञान के दौर में कहां तक सीमित रहना चाहिए, ताकि नैतिकता हमारे जीवन का आदर्श बने सके।

-विजय कुमार, शिमला

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# खड़ामुख के आसपास कुत्तों का आतंक, एक दर्जन से अधिक लोगों को बनाया शिकार

**ओपी शर्मा, भरमौर**

जनजातीय क्षेत्र भरमौर के गरोला के बाद अब खड़ामुख के आसपास पागल कुत्तों के आतंक से लोग बुरी तरह से सहम गए हैं। मंगलवार को भी ढकोग व खडामुख में आवारा कुत्तों ने कई पालतू कुत्तों और तीन लोगों को अपना शिकार बनाया।

गौरतलब है पिछले कई दिनों से गरोला भरमौर खड़ामुख के आसपास पागल कुत्तों ने अब तक एक दर्जन से अधिक लोगों को अपना शिकार बनाया है। कुत्तों के आतंक के कारण यहां पर स्कूली

### कुत्तों के काटने के कारण लोगों को सता रहा डर

बच्चों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, तो वहीं यहां पर विद्युत परियोजनाओं में काम कर रहे तकरीबन आधा दर्जन कर्मचारियों व अधिकारियों को भी कुत्तों ने अपना शिकार बनाया है।

खडामुख व गरोला में दिनभर लोगों की भारी भीड़ लगी रहती है। यहां पर लोगों को काफी डर सता रहा है। (अनंत ज्ञान)

### पागल कुत्तों के आतंक से छुटकारा दिलाने की उठाई मांग

लोगों ने एक बार फिर विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द इन पागल कुत्तों के खिलाफ उचित कार्रवाई की जाए ताकि लोगों को पागल कुत्तों के आतंक से छुटकारा मिल सके। वहीं पर पागल कुत्तों द्वारा स्थानीय लोगों के कुत्तों व पालतू कुत्तों को काटने के कारण भी लोगों को दूसरे कुत्तों के पागल होने का डर सताने लगा है।

### कुत्तों की वैक्सीनेशन के दिए हैं आदेश : राकेश

वहीं इस बारे में सहायक निदेशक पशुपालन विभाग राकेश भंगालिया ने कहा कि उन्होंने विभाग को तुरंत सभी कुत्तों की वैक्सीनेशन करने के आदेश दे दिए हैं। उन्होंने लोगों से अपील की है जिन भी पालतू कुत्तों को पागल कुत्ते ने काटा है उनकी मुफ्त में विभाग के अस्पताल में जाकर वैक्सीनेशन करवा लें।

### कुत्ते के काटने पर 24 घंटे के अंदर करवाएं उपचार

**कुत्ते** के काटने से खासतौर पर रेबिज होता है, जो कुत्ते से इंसान में या फिर किसी अन्य जानवर में फैल जाता है, अगर किसी को पागल कुत्ते ने काट लिया तो बिल्कुल डरें नहीं बल्कि उसका प्राथमिक उपचार करें, जहां कुत्ते ने काटा तो सबसे पहले वहां आसपास कोई दुकान है तो वहां से साबुन खरीदें और जहां पर कुत्ते ने काटा उसे कम से कम 8 से 10 बार धोएं। क्योंकि रेबिज के वायरस का कोट लिपिड होता है और साबुन से हट जाता है और काफी हद तक इससे रेबिज वायरस हट सकता है, इसलिए जरूरी है कि उसे जरूर बार-बार उसे धोएं। मरीज को कुत्ते के काटने से 24 घंटे के अंदर उपचार करवा लेना चाहिए।



### कुत्तों पर प्रशासन का नहीं ध्यान

इस सबके बावजूद भी प्रशासन इन कुत्तों की समस्या से निजात दिलाने के लिए कोई विशेष कदम नहीं उठा रहा यूं तो कुत्ते को सबसे वफादार जानवर माना जाता है, लेकिन अगर यह वफादारी भूल जाए तो जानलेवा हो सकता है, कुछ क्षेत्रों में ऐसा मोहल्ला नहीं जहां आवारा कुत्तों का आतंक न हो। शाम ढलने के बाद पैदल या दुपहिया पर निकलना खतरे से खाली नहीं, दोपहर में भी ये कुत्ते बच्चों को निशाना बनाने से नहीं चूकते।

# चरस सहित बस यात्री गिरफ्तार




गिरफ्तार आरोपी पुलिस टीम के साथ।

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

जिला चंबा पुलिस द्वारा तनुहट्टी में चौकी प्रभारी राकेश की अगुवाई में उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब चंबा पठानकोट बस एचपी 73-4504 करीब पौने एक बजे तूनूहट्टी चेक पोस्ट पर आकर रुकी तथा मुस्तैद पुलिस ने बस में चढ़कर हर एक सवारी की तलाशी लेना शुरू की तो एक नौजवान युवक पुलिस को देखकर घबरा गया और संदिग्ध हरकतों को अंजाम देने लगा जिसके बाद पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से कुल 472 ग्राम चरस बरामद की गई।

पुलिस ने तुरंत आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ पुलिस थाना चुवाड़ी में मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। आरोपी की पहचान 45 वर्षीय इकबाल मोहम्मद पुत्र बदरदीन निवासी गांव चिनालबई डाकघर थनेईकोठी तहसील चुराह जिला चंबा के रूप में हुई है।

### आरोपी को माननीय अदालत में किया जाएगा पेश

वहीं पुलिस ने बस एचपी 73-7828 जो चंबा से अमृतसर की और जा रही थी की तलाशी लेने पर एक युवक से कुल 382 ग्राम चरस बरामद की गई। थाना चुवाड़ी में मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है। आरोपी की पहचान 36 वर्षीय हरि सिंह पुत्र टेकचंद गांव वे डाकघर जसोरगढ़ तहसील चुराह जिला चंबा के रूप में हुई है। आज आरोपी को माननीय अदालत में पेश किया जाएगा।

## धरने के 10वें दिन, खफा पार्षद बोले–

# विकास कार्यों की हो जांच

**एम एम डैनियल, चंबा**

नगर परिषद चंबा कार्यालय बाहर 2 घंटे के सांकेतिक धरने पर बैठे खफा पार्षदों ने धरने 10वें दिन मांगों को लेकर एक कदम ओर बढ़ाते हुए प्रतिद्धंदी हाऊस के उकसाने पर जिला प्रशासन समक्ष एक नहीं दो नहीं बल्कि नौ वर्षों के समस्त कार्यों की जांच की मांग उठा डाली है।

जिसके चलते खफा पार्षदों के प्रतिनिधिमंडल ने सहायक आयुक्त चंबा पीपी सिंह को ज्ञापन सौंप उपायुक्त चंबा से प्रशासनिक जांच की मांग उठाई है।

सहायक आयुक्त चंबा पीपी सिंह को सौंपेंगे ज्ञापन से अवगत करवाते हुए पार्षदों के प्रतिनिधिमंडल में चौगान वार्ड पार्षद खालिद मिर्जा, हरदासपुरा वार्ड पार्षद अंजू राणा, सुराड़ा वार्ड पार्षद उर्मिला जसरोटिया, सुल्तानपुर वार्ड पार्षद सीमा कुमारी, मनोनीत पार्षदों में भावना गुलाटी, जीवन सलारिया व महिला कांग्रेस नेता रंजनी शर्मा ने बताया कि आज वह नप चंबा हाऊस की भेदभाव कार्यप्रणाली नीति से तंग आकर 10 दिनों से धरने पर बैठे है, जिसमें हाऊस के मुख्य पदाधिकारी अध्यक्ष व उपाध्यक्ष सहित उनके समर्थक पार्षद किसी बात को मानने की



सहायक आयुक्त चंबा पीपी सिंह को ज्ञापन सौंपते हुए पार्षद प्रतिनिधिमंडल।

### सहायक आयुक्त को पार्षदों के प्रतिनिधिमंडल ने सौंपा ज्ञापन

बजाय उल्टा उन पर ही झूठे आरोप लगाने सहित मनमर्जी के विकास कार्यों को गिनवा रहे है। जबकि हाऊस के समक्ष उन्होंने गत तीन वर्षों से चौगान, हरदासपुरा, सुराड़ा व सुल्तानपुर वार्डों में विकास कार्यों की रफ्तार थमने, टेंडर होने के बावजूद कार्य न लगने, हाऊस में पारित कार्यों के शुरू न करवाने, निर्माण सामग्री निवेदिताएं आमंत्रित करने सहित तमाम विकास कार्यों में गुणवक्ता युक्त सामग्री इस्तेमाल करने व ऑनलाइन टेंडर प्रक्रिया लागू करने की जहां मांग उठाई है।

वहीं जिन कार्यों के टेंडर डाले है उन्हें खालने की मांग रखी है। जिस के तहत गत रोज हाऊस की ओर से एक बैठक भी रखी गई। लेकिन बैठक में हाऊस द्वारा पहले से ही तैयार रणनीति के चलते धरने पर बैठे पार्षदों की मांगों को दरकिनारे रख अपनी बातें मनवाने का प्रयास किया गया। जिसके चलते बैठक में कोई निर्णय नहीं हो सका।

वहीं हाऊस द्वारा विकास कार्यों की मांग की चुनौती को भी स्वीकार करते हुए जिला प्रशासन से प्रशासनिक जांच से लेकर विजिलेंस जांच की मांग उठाई है, जिसमें नगर परिषद चंबा द्वारा बीते 9 वर्षों में खरीद-फिरोखत से लेकर तमाम विकास व अन्य कार्यों की निष्पक्ष जांच हो, जिसमें पार्षदों की कमेटी भी गठित कर उसे जांच प्रक्रिया में शामिल किया जाए।

इस मौके पर तमाम समर्थकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाते हुए जांच मांग की पैरवी की।

### प्रशासनिक अधिकारी को जांच सौंपने की मांग

**वहीं** पार्षदों ने यह जांच जब तक पूर्ण नहीं हो जाती तब नगर परिषद चंबा के तमाम कार्यों की शक्तियां उपायुक्त चंबा द्वारा किसी प्रशासनिक अधिकारी को सौंपी जाए, ताकि नगर परिषद चंबा अधीन समस्त वार्डों के वार्ड वासियों के किसी प्रकार से कार्य प्रभावित न हो।

## बीच सड़क में फंसा ट्राला

# 15 घंटे बंद रहा पठानकोट भरमौर नेशनल हाई-वे



बीच रास्ते में फंसा ट्राला व सड़क पर लगा हुआ जाम।

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

पठानकोट भरमौर नेशनल हाईवे 154 ए बग्गा के समीप रूगंड़ी नाले में बीच रास्ते में ट्राला फंस जाने के कारण 15 घंटे बंद रहा। इस दौरान इस मार्ग से सभी प्रकार के वाहनों की आवाजाही पूरी तरह से बंद रही।

जानकारी के अनुसार यह रास्ता सोमवार को रात करीब 9.00 बजे बंद हो गया। रात को वाहनों की आवाजाही कम होने के कारण लोगों को कम परेशानी हुई, लेकिन सुबह रास्ते में ट्राला के फंस जाने के कारण दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रही। लिहाजा लोगों को एक जगह से दूसरी जगह पर जाने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

वहीं पर स्कूली बच्चों व सरकारी मुलाजिमों को भी स्कूलों व कार्यालय तक पहुंचने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। रास्ता खराब होने के कारण कई बसें समय पर अपने गंतव्य पर नहीं पहुंच पाई। इसके बाद सुबह परियोजना द्वारा हाइड्रा व क्रेन भेज कर तकरीबन 11.00 बजे बीच रास्ते में फंसे ट्रक को साइड में कर वाहनों की आवाजाही शुरू की गई। लेकिन बीच रास्ते में ही ट्राले के फंस जाने के कारण यह रास्ता 15 घंटे बंद रहा।

### समस्या का जल्द होगा समाधान : राजीव

**अधिशाषी** अभियंता राष्ट्रीय उच्च मार्ग राजीव शर्मा ने कहा कि सड़क की चोड़ाई का प्रयास किया जा रहा है, पुल बनने के बाद समस्या का स्थायी समाधान हो जाएगा। हाल में ही हुई बारिश से समस्या आ रही है इसका समाधान कर दिया जाएगा।

# सरकार के बजट से होमगार्ड जवान आहत : चौहड़िया

**मुकेश कुमार, डल्हौजी**

हिमाचल प्रदेश सरकार के वार्षिक बजट भाषण के 176 पन्नो में होमगार्ड जवानों का जिक्र तक नहीं किया जाना दुखदायक है। यह बयान हिमाचल प्रदेश राज्य गृह रक्षक कल्याण संघ के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष राष्ट्रीय गृह रक्षक कल्याण संघ जोगिंद्र सिंह चौहड़िया द्वारा जारी किया गया है।



चौहड़िया ने बताया कि हिमाचल प्रदेश के प्रत्येक होमगार्ड जवान ने कोरोना महामारी फैली हुई थी तो प्रदेश के होमगार्ड जवानों ने पूरे लग्न के साथ अपनी ड्यूटी का निर्वहन किया वहीं दूसरी ओर बहुत सारे सरकारी कर्मचारी घर में बैठे वेतन ग्रहण करते रहे। गत वर्ष भारी बारिश के दौरान बाढ़ आदि में फंसे हुए लोगों को सुरक्षित निकालने में होमगार्ड जवानों ने जी जान लगा दी जिस के बारे में विधानसभा में भी सरकार पक्ष के विधायक महोदय द्वारा बोला गया।

होमगार्ड जवान कानून व्यवस्था यातायात व्यवस्था एवं फायरमैन सेवा तथा अन्य क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की भांति अपनी सेवा दे रहे हैं उन्हें सुविधाएं तो दूर की बात समय पर वेतन भी प्राप्त नहीं हो रहा है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया है कि होमगार्ड जवानों के लिए भी नीति बना कर समाज की मुख्यधारा में जोड़ें ताकि होमगार्ड जवान अपने व अपने परिवार की भविष्य को सुरक्षित महसूस कर सके।

# पेड़ से बांधी बिजली की तारें

**ओपी शर्मा, भरमौर**

विद्युत उपमंडल भरमौर के अंतर्गत आने वाले गांव दुंदेई कोडला लाइन में बिजली की तारों को अखरोट के पेड़ से बांधने का हैरतअंगेज मामला सामने आया है। यहां पर बिजली विभाग की लापरवाही के चलते बिजली की तारों को अखरोट के पेड़ के साथ बांधा गया है। यहां पर पेड़ों के सहारे बिजली की तारों को बांधकर एक गांव से दूसरे गांव को विद्युत सप्लाई बहाल की गई है।

जिसके चलते यहां कभी भी कोई भी बड़ा हादसा हो सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ समय पहले जब बिजली की आपूर्ति बाधित हुई थी तो यहां पर लगाया गया पोल टूट गया था। जिसके बाद विभाग ने आनन-फानन में अस्थाई तौर पर बिजली की तारों को पेड़ के साथ बांधा था। हालांकि विभाग द्वारा हर जगह पर बिजली की तारों की सप्लाई के लिए जगह-जगह लोहे के पोल



पेड़ से बांधी हुई बिजली की तार।

लगाए जा रहे हैं। लेकिन कई जगह अभी भी ऐसी हैं जहां पर बिजली पेड़ों के सहारे बांधकर पहुंचाई जा रही है।

उधर बिजली विभाग अनुभाग गरोला के कनिष्ठ अभियंता इंजीनियर दिनेश कुमार ने कहा है कि उन्हें मीडिया के माध्यम से यह जानकारी मिली है। उन्होंने कहा है अगर इस तरह के किसी गांव में हालात हैं तो बिल्कुल गलत है। मामला उनके ध्यान में आ गया है जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान कर दिया जाएगा।

# नप की दुकानों का स्वरूप बदलने पर गिरेगी गाज

**आरके रांगड़ा, चंबा**

नगर परिषद चंबा के अधीन दुकानों का मनमर्जी तरीके से स्वरूप बदलने वाले दुकानदारों पर परिषद कार्रवाई की गाज आगामी दिनों में कभी भी गिर सकती है। जिसमें परिषद कार्रवाई में कई दोषी पाए जाने वाले दुकानदारों को मनमर्जी कार्य की जुमार्ने अथवा किराया अख्तियारना मे रद होने तक की कीमत चुकानी पड़ सकती है।

गौर हो कि नगर परिषद चंबा के अधीन शहर परिसर मुख्य बाजार में स्थित करीब 182 खोखे व दुकानें हैं। जिन्हें परिषद द्वारा बेरोजगारी अथवा अन्य कई कारणों के तहत विभिन्न वार्डवासियों को बतौर किराए के रूप में रोजगार के लिए प्रदान की हुई हैं, लेकिन गत दिनों किराये की दुकानों को करीब 50 से अधिक किरायेदार दुकानदारों ने बिना परिषद को सूचित एवं



### नप ने तैयार की दोषी दुकानदारों की सूची

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

स्वीकृति लिए पक्का करना, दुकान की ऊंचाई को बढ़ाना अथवा खोखों को दुकान का स्वरूप देने के कार्य किए हैं। जिससे कई स्थानीय लोगों द्वारा परिषद के समक्ष इसकी लिखित व मौखिक शिकायतें दर्ज करवाई गई हैं।

इस दिशा में नप को मिली शिकायतों पर जब विभागीय निरीक्षण में शिकायत अनुरूप तथ्य मिले। जिसके चलते परिषद द्वारा इस दिशा में उचित मुहिम छेड़ने का निर्णय लिया है।

> **नगर** परिषद अधीन दुकानों से द्धारा मनमर्जीकरने के कई मामले प्रकाश में आ चुके है। जिन पर विभागीय कार्रवाई की प्रक्रिया अमल में लाई जा रही है। नप द्वारा यह कदम ऐतिहासिक नगर व स्थानीय लोगों की सुविधा एवं सुरक्षा दृष्टि से उठाया जा रहा है। जिसमें स्थानीय जनता व दुकानदारों से सहयोग की परिषद उम्मीद करती है।
> - संदीप कुमार ईओ नगर परिषद चंबा

### दुकानों व फहड़ियों की मौजूदा रिपोर्ट की तलब

सूत्रों के अनुसार परिषद द्वारा विभागीय रिकार्ड में दर्ज समस्त दुकानों, खोखों व फहड़ियों की निर्धारित स्वरूप व क्षेत्रफल दस्तावेज की समीक्षा में जुट गया है। वहीं परिषद कर्मियों से परिषद क्षेत्र के अंतर्गत दुकानों, खोखों व फहड़ियों की मौजूदा रिपोर्ट तलब की है। ताकि दर्ज व वर्तमान दोनों रिपोर्ट में अंतर स्पष्ट करने के बाद इस दिशा में कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## कीर्तन से संगत को किया निहाल



कीर्तन दरबार में उपस्थित श्रद्धालु महिलाएं।

# गुरु रविदास मंदिर में लगाया कीर्तन दरबार

**अनंत ज्ञान, चंबा**

श्री गुरु रविदास जी महाराज के 647वें जयंती समारोह मोहल्ला धड़ोग स्थित गुरु रविदास मंदिर में कीर्तन दरबार का आयोजन किया गया। इस संदर्भ में श्री गुरु रविदास सभा चम्बा के वरिष्ठ उप प्रधान अविनाश पाल ने कहा कि सोमवार देर रात्रि कीर्तन दरबार मे हजूरी रागी श्री दरबार साहिब अमृतसर भाई जगजीत सिंह कादियां व उनके रागी जत्थे व भाई कमलदीप सिंह-तनप्रीत सिंह व रागी जत्था चंबा वाले ने कीर्तन से संगत को निहाल किया।



कीर्तन दरबार में प्रस्तुति देते हुए रागी जत्था।

इस अवसर पर भाई अमरजीत सिंह, लेख राज, गुरु रविदास सभा चंबा के प्रधान जितेंद्र सूर्या, वरिष्ठ उप प्रधान अविनाश, महासचिव वीरेंद्र, उप प्रधान सुदेश चन्द्रा, पूर्व प्रधान जितेश्वर सूर्या, पूर्व कोषाध्यक्ष अनूप राही आदि मौजूद रहे।

# शोध विषय पर करवाई एकदिवसीय कार्यशाला

**चंबा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सरू चंबा में क्रियात्मक शोध विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ डाइट प्रधानाचार्य नम्रता शर्मा ने किया। कार्यशाला में विभिन्न शिक्षा खंडों से आए 30 प्रतिभागियों ने भाग लिया, ये शिक्षक कक्षा कक्ष से संबंधित समस्याओं के ऊपर निदानात्मक क्रियात्मक शोध करेंगे तथा गुणात्मक शिक्षा को बढ़ाने में अपने अग्रणी भूमिका निभाएंगे। कार्यशाला में डॉक्टर महेंद्र सालरिया प्रधानाचार्य राजकीय महाविद्यालय सलूणी विशेष रूप से उपस्थित रहे। यह जानकारी कार्यशाला समन्वयक रविंद्र कंवर ने दी

**समस्या** | जहां मिली पानी की सप्लाई वहां पर नहीं पहुंच पा रहे हैं लोग

# लूणापुल में पानी के लिए हाहाकार, गंदा पानी पीने को मजबूर

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर के लूणापुल में पिछले कई दिनों से पीने का पानी न होने के चलते पानी के लिए हाहाकार मच गया है। पिछले कई दिनों से यहां पर पानी न आने के कारण लोगों को पीने के पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है।

हैरानी की बात यह है कि यहां पर लोगों को पीने के पानी के लिए बनाया गया हैंडपंप से भी गंदा पानी निकल रहा है। जिसमें इसकी जाली खराब होने के कारण भारी मात्रा में सिल्ट पानी के साथ आ रही है। पीने के पानी की किल्लत के चलते मजबूरन लोग गंदा पानी पीने को मजबूर हैं।

बता दें लूना पुल से हर रोज करीब एक दर्जन से अधिक पंचायतों के लोग एक जगह से दूसरी जगह आते-जाते हैं, लेकिन यहां पर पिछले कई दिनों से पानी न होने के कारण पीने के पानी के लिए ही लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं पर यहां पर दुकानों और ढाबों में काम कर रहे दुकानदारों व ढाबा मालिकों को भी पानी के लिए काफी परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार यहां जिस जगह से पानी की सप्लाई की है वहां पर भारी बारिश होने के कारण अत्यधिक फिसलन होने से प्राकृतिक स्रोत की जगह पर लोग नहीं पहुंच पा रहे हैं। लिहाजा मजबूरी में लोगों को हैंडपंप से निकाला गया गंदा पानी या नदी का पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है।



### पानी की उचित व्यवस्था की जाए

**स्थानीय** निवासी विजय कुमार, माधोराम, पांजाराम मंहदो राम, श्याम कुमार, चैन लाल, महेंद्र कुमार, देशराज, सनी कुमार ने सरकार वह विभाग से मांग की है कि यहां पर पीने के पानी की उचित व्यवस्था की जाए। गर्मियों का सीजन आने वाला है हर रोज सैकड़ों लोग एक जगह से दूसरी जगह जाते हैं। लिहाजा पीने के पानी का यहां पर स्थाई प्रबंध तुरंत से तुरंत किया जाए।

### समस्या का होगा समाधान : पवन

**इस** विषय पर कनिष्ठ अभियंता पवन कुमार ने कहा है कि उनके ध्यान में यह मामला नहीं था। अगर वहां पर ऐसी समस्या है तो संबंधित कर्मचारियों को जल्द से जल्द पेयजल पूर्ति बहालकरने के लिए कह दिया जाएगा।

# ट्रांसफार्मर में लगी आग

**अनंत ज्ञान, चंबा**

पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा बाहर लगे ट्रांसफार्मर में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी का माहौल उत्पन्न हो गया। वहीं ट्रांसफार्मर में आग लगी देख स्थानीय लोगों इसकी सूचना तुरंत अग्निशमन केंद्र चंबा सहित विद्युत उपमंडल चंबा को दी।

आग लगने सूचना मिलते ही दमकल विभाग कर्मी तुरंत मौके पर पहुंच राहत-बचाव कार्य में जुट गए। वहीं विद्युत बोर्ड द्वारा वक्त की नाजुकता को देखते हुए बिजली लाइन को बंद किया गया। ताकि बचाव कार्य दौरान सुरक्षा प्रदान की जा सकें।

हालांकि आग लगने के कारणों की पुष्टि नहीं हो पाई है। लेकिन कयास लगाए जा रहे है कि विद्युत



पीजेएलएनएमसी एवं चिकित्सालय चंबा बाहर लगे ट्रांसफार्मर में लगी आग।

### आग को दमकल कर्मियों ने किया कंट्रोल

ट्रांसफार्मर समीप पड़े सूखे घास-झाड़ियों में ट्रांसफार्मर का तेल गिरने व उसमें चिंगारी गिरने से यह आग लग सकती है। लेकिन अभी तक इस बात के कोई पुख्ता प्रणाम नहीं मिल सकें है।

वहीं दूसरी ओर विद्युत बोर्ड चंबा मंडल कनिष्ठ अभियंता का कहना है कि ट्रांसफार्मर में लगी आग को दमकल कर्मियों की मदद से कंट्रोल कर लिया है। जबकि जले वह ट्रांसफार्मर के स्थान पर जल्द ही नया ट्रांसफार्मर बोर्ड द्वारा स्थापित कर दिया जाएगा। फिलहाल आग से प्रभावित हुई विद्युत लाइन को रिपेयर कर अस्थायी तौर पर लाइन को सुचारू कर दिया है।

## न्यूज ब्रीफ

### इमरजेंसी रेडियो सेट लौटा दिखाई ईमानदारी



**कुल्लू।** लाहौल के तिबोग गांव के राजीव ने एक कीमती रेडियो सेट लौटा कर ईमानदारी की मिसाल पेश की है। गत दिनों 20 से 22 फरवरी को लाहौल में डीसीवी एक्सपीडिशन का आयोजन किया गया था, जहां पर पूरे देश से करीब 45 प्रतिभागियों ने अपनी फोर बाई फोर गाड़ियों के साथ भाग लिया था। इसी एक्सपीडिशन के दौरान जब सभी प्रतिभागी वापस हो रहे थे तो ऐसे में एक-एक इमरजेंसी रेडियो सेट जो सभी प्रतिभागियों के पास रहता है, वह रास्ते में ही कहीं खो गया था और बाद में यह इमरजेंसी रेडियो सेट लाहौल के तिबोग गांव के राजीव को दालंग गांव के नजदीक गिरा हुआ मिला। उन्होंने इस रेडियो सेट को अपने पास रख लिया और सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी साझा की। इस पोस्ट के वायरल होते ही मनाली के होटल कारोबार से जुड़े प्रेम ठाकुर ने राजीव से संपर्क स्थापित कर बताया कि यह रेडियो सेट उनका है। इसके बाद राजीव ने किसी जानने वाले के हाथों सेट को मनाली प्रेम ठाकुर के पास भिजवाया।

### नौ अप्रैल को आयोजित होंगी लोक अदालतें

**कुल्लू।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण किन्नौर के सचिव ने बताया कि नौ अप्रैल 2024 को विभिन्न न्यायालय परिसरों में लोक अदालतों का आयोजन किया जाएगा। न्यायालय परिसर रामपुर जिला शिमला, न्यायालय परिसर आनी जिला कुल्लू और न्यायालय परिसर रिकांगपिओ जिला किन्नौर में इसका आयोजन होना है। इन अदालतों में मामलों की सुनवाई और समाधान के लिए लोग जल्द से जल्द अपना मामला न्यायालय परिसर रामपुर जिला शिमला, न्यायालय परिसर आनी जिला कुल्लू न्यायालय परिसर रिकांगपिओ और जिला लीगल सर्विस अथॉरिटी कार्यालय रिकांगपिओ में दे सकते हैं। इन अदालतों में एनआई सेक्शन 138, मनी रिकवरी केस, लेबर डिस्प्यूट केस, बिजली पानी के बिल (कंपाउंडिंग को छोड़कर), मेंटेनेंस सहित अन्य मामलों को दर्ज किया जा सकता है। इसके साथ ही वैवाहिक मामले (तलाक को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण, सेवा मामले, राजस्व मामले सहित सिविल मामलों को भी सुनवाई के लिए दिया जा सकता है। इसके लिए संबंधित व्यक्ति को जल्द से जल्द उक्त न्यायालय परिसरों और जिला लीगल सर्विस अथॉरिटी रिकांगपिओ में अपना केस दें, ताकि 14 मई 2022 को तय लोक अदालत में मामला लाया जा सके।

### खाबल में लोगों को दी योजनाओं की जानकारी



जागरूकता शिविर में भाग लेते हुए स्थानीय लोग।

**बंजार।** बाल विकास परियोजना बंजार के सौजन्य से ग्राम पंचायत खाबल के गांव कोकी में एक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित सुपरवाइजर कश्मीर सिंह ने जागरूकता शिविर का हिस्सा बने लोगों को विभिन्न विभागीय योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, शगुन योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना, मिशन वातसल्य योजना, सुखआश्रय योजना, विधवा पुनर्विवाह योजना, बेटी है अनमोल योजना, बच्चों के सुनहरी 1000 दिनों के बारे में तथा वह दिन योजना के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रुमा देवी, पदमा देवी, जयंती माला व यशवंती देवी आदि उपस्थित थीं। शिविर में 60 लोगों ने भाग लिया तथा संबंधित विभागों की योजनाओं के बारे में विस्तार से जाना।

### सुरक्षा गार्ड की भर्ती के लिए इंटरव्यू एक से

**कुल्लू।** सुरक्षा गार्ड की रिक्त पदों के लिए जिला के रोजगार कार्यालयों एवं रोजगार उपकार्यालयों में पहली, दो ओर चार मार्च को कैंपस साक्षात्कार करवाए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी कुल्लू मनोरमा देवी ने बताया कि मेसर्स एसआईएस सिक्योरिटी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड आरटीए बिलासपुर प्रदेश द्वारा पुरुष उम्मीदवारों के लिए सुरक्षा गार्ड के कुल 100 रिक्त पदों की भर्ती की जा रही है। भर्ती के लिए कैंपस साक्षात्कार जिला रोजगार कार्यालय कुल्लू रोजगार उपकार्यालय बंजार और रोजगार उपकार्यालय आनी में आयोजित करवाए जाएंगे। रिक्तियों के लिए आवश्यक योग्यता दसवीं पास, ऊंचाई 168 सेमी और उससे अधिक तथा आयु 21 और 37 वर्ष के बीच होनी चाहिए। वेतनमान 16500 से 19500 मासिक होगा तथा नौकरी का कार्यस्थल हि.प्र. और चंडीगढ़ है। योग्य उम्मीदवार अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजों सहित पहली मार्च को सुबह 10:30 बजे जिला रोजगार कार्यालय कुल्लू में दो मार्च को रोजगार उपकार्यालय बंजार और चार मार्च को रोजगार उपकार्यालय आनी में पहुंच कर कैंपस साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

### किसान मोर्चा ने बड़ाग्रां से शुरू की ग्राम परिक्रमा यात्रा



भाजपा किसान मोर्चा की बैठक की अध्यक्षता करते अध्यक्ष रिमन सिंह ठाकुर और प्रदेश महामंत्री अखिलेश कपूर।

**पतलीकूहल।** भाजपा ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए पूरे भारत में ग्राम परिक्रमा यात्रा की शुरुआत की है। मनाली मंडल भाजपा किसान मोर्चा ने भी मंगलवार को बड़ाग्रां बिहाल में बैठक कर इस यात्रा को आरंभ किया। बैठक की अध्यक्षता मोर्चा के अध्यक्ष रिमन सिंह ठाकुर ने की और बैठक में किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अखिलेश कपूर विशेष रूप से उपस्थित रहे। रिमन सिंह ने बताया कि ग्राम परिक्रमा यात्रा के दौरान मनाली विधानसभा के 111 गांवों में जनता को केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया जाएगा। बड़ाग्रां बिहाल में ग्राम परिक्रमा यात्रा के दौरान किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष भाग चंद, मनाली मंडल अध्यक्ष ठाकुर दास, महामंत्री भागेश शर्मा, किसान मोर्चा मनाली मंडल महामंत्री पन्ना लाल और प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

### किसानों को देंगे केंद्र की योजनाओं की जानकारी



भाजपा किसान मोर्चा कुल्लू मंडल की बैठक के दौरान भाजपा पदाधिकारी।

**कुल्लू।** जिला कुल्लू के मुख्यालय ढालपुर में जिला कुल्लू भाजपा पार्टी के कार्यालय में भाजपा किसान मोर्चा कुल्लू मंडल की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री अखिलेश कपूर विशेष रूप से उपस्थित रहे और बैठक में भाजपा के ग्राम परिक्रमा यात्रा कार्यक्रम के बारे में चर्चा की गई। हिमाचल प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी हेमराज शर्मा ने बताया कि इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किसानों के हित में जो कार्यक्रम में योजनाएं चलाई जा रही हैं। उसके बारे में चर्चा की गई। इस बैठक में पूर्व विधायक महेश्वर सिंह, कुल्लू मंडल के अध्यक्ष ठाकुर चंद, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अमित सूद, भाजपा नेता नरोत्तम ठाकुर, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रवीण राणा, किसान मोर्चा कुल्लू मंडल महामंत्री ठाकुर चंद एवं तुलसी राम, कुल्लू भाजपा मंडल महामंत्री थरवन लाल, महामंत्री भूपेंद्र सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ग्रामीण बैंक ने धर्म सिंह को दिया दो लाख का क्लेम

**मनाली।** हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक ने पत्नी की मृत्यु होने पर उनके पति को दो लाख रुपए का क्लेम देकर बैंक योजना का लाभ दिया है। बैंक की बाहंग शाखा प्रबंधक प्रीतम सिंह ने बताया कि वशिष्ठ निवासी धर्म सिंह की पत्नी अंगमो देवी की सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। अंगमो देवी का 20 रुपए में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत बीमा करवाया था। मृत्यु के पश्चात पति धर्म चंद को बैंक बुलाकर क्लेम के दो लाख रुपए का चेक दिया गया। उन्होंने लोगों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना तथा अटल पेंशन योजना के बारे में जानकारी दी और इसका लाभ उठाने का आग्रह किया।

## कुल्लू साहित्य उत्सव आज से समसामसिक विषयों पर होगी चर्चा

**अनंत ज्ञान, कुल्लू**

कुल्लू में पहली बार तीन दिवसीय कुल्लू साहित्य उत्सव का आयोजन होने जा रहा है। तीन दिवसीय इस उत्सव का आगाज बुधवार देवसदन में होगा। हिमतरु प्रकाशन समिति तथा भाषा संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित इस उत्सव का शुभारंभ देवसदन कुल्लू में उपायुक्त कुल्लू तोरूल एस. रवीश करेंगी, जबकि उत्सव का समापन एक मार्च को भाषा संस्कृति विभाग के निदेशक राकेश कंवर द्वारा मांइडस्केप आर्ट गैलरी हरिपुर में किया जाएगा।

इस उत्सव में जहां साहित्य पर चर्चा होगी, वहीं समसामयिक मुद्दों; पर्यावरण, दलित विमर्श, स्त्री विमर्श, आदिवासी विमर्श आदि पर भी आमंत्रित वक्ताओं द्वारा चर्चा-परिचर्चा की जाएगी। कुल्लू साहित्य उत्सव के मीडिया प्रभारी एवं कोर कमेटी के सदस्य रमेश पठानिया ने बताया कि इस महत्वपूर्ण साहित्य उत्सव में देश के विभिन्न भागों से प्रसिद्ध एवं चर्चित साहित्यकार, कवि, आलोचक, चिंतक, पर्यावरणविद, फिल्मकार सम्मिलित होंगे तथा अपना वक्तव्य देंगे। तीन दिवसीय कुल्लू साहित्य उत्सव के शुभारंभ दिवस पर प्रसिद्ध पर्यावरणविद् शेखर पाठक पर्यावरण तथा हिमाचल से संबद्ध वक्तव्य देंगे, जबकि दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. बजरंग बिहारी तिवारी दलित विमर्श, डॉ. नीलम तथा जामिया मीलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय की प्रोफेसर डॉ. हेमलता हमीश्वर विमर्श पर अपना वक्तव्य देंगे।

# डॉक्टरों ने कैंडल जलाकर जताया रोष

## मांगों को लेकर चिकित्सक अडिग; कलम छोड़ हड़ताल रहेगी जारी, मरीज परेशान

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**




क्षेत्रीय अस्पताल परिसर कुल्लू में मांगों को लेकर जलाए गई मोमबत्तियां।

चिकित्सक अपनी मांगों को लेकर अभी भी डटे हुए हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को जिला कुल्लू में चिकित्सकों ने कैंडल जलाकर रोष प्रदर्शन किया। क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में जिला चिकित्सक संघ कुल्लू ने कलम छोड़ हड़ताल को आगे बढ़ाते हुए मोमबत्ती जलाकर प्रदेश सरकार को एक शांतिपूर्ण संदेश दिया है।

मंगलवार को क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू के परिसर में सभी चिकित्सकों ने शांतिपूर्ण तरीके से कलम छोड़ हड़ताल को जारी रखा साथ ही मोमबत्ती जला कर अपनी मांगों को पूरा करने के बारे में एक मौन विरोध भी जताया। इस दौरान पोस्टरों के माध्यम से चिकित्सकों पर अत्याचार बंद करो, चिकित्सकों के भविष्य के सुरक्षित करें ओर एनपीए हमारा अधिकार है, जैसे नारों के माध्यम से प्रदेश सरकार को संदेश जारी किया। कलम छोड़ हड़ताल को अब आठ दिन हो चुके हैं और न तो प्रदेश सरकार से कोई संकेत दिया गया है और न ही चिकित्सकों का इस हड़ताल को छोड़ने का कोई इरादा है।

अस्पताल परिसर में दिन के समय में मोमबत्ती जला कर सभी चिकित्सकों में प्रदेश सरकार को चिकित्सकों की मांगों को मनवाने के लिए इस तरह का कदम उठाया है। जिला चिकित्सक संग कुल्लू के अध्यक्ष डॉ. कल्याण ठाकुर ओर डॉ. आशीष धीमान ने बताया कि मोमबत्ती जला कर हम अपना विरोध जारी रखेंगे और जब तक चिकित्सकों की मांगों को मां नहीं लिया जाता तब तक यह कलम छोड़ हड़ताल बदस्तूर जारी रहेगी। बहरहाल कुल्लू अस्पताल में चिकित्सकों की हड़ताल के बावजूद मरीजों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है और मरीज अपनी परेशानी को एक-दूसरे से बयां करते हुए नजर आए। (अनंत ज्ञान)

### सात मार्च तक जारी रहेगा संघर्ष

**डॉ.** कल्याण ठाकुर के अनुसार कलम छोड़ हड़ताल फिलहाल सात मार्च तक जारी रहेगी और तब तक अगर सरकार चिकित्सकों के हक में कोई संकेत जारी करती है, तो कलम छोड़ हड़ताल को तत्काल रोक दिया जाएगा और अगर सरकार सात मार्च तक भी कोई निर्णय नहीं ले पाया तो ऐसे में मजबूरन हड़ताल को ओर अगले स्तर पर ले जाया जाएगा, जो कि आने वाले समय में पता लग जाएगा।

# कुल्लू, लाहौल-स्पीति में बर्फबारी से बढ़ी ठिठुरन

## सैलानी फोर बाई फोर वाहनों में कर सकेंगे अटल टनल का दीदार, सड़कों की बहाली में जुटा विभाग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

लाहौल-स्पीति व कुल्लू जिला की ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी हो रही है। वहीं, निचले क्षेत्रों में मंगलवार को मौसम साफ रहा। सोमवार रात से जिला कुल्लू के ऊंचे क्षेत्रों और लाहौल घाटी में बर्फबारी शुरू हुई और मंगलवार को भी हल्की बर्फबारी जारी रही। उधर, ऊंचे क्षेत्रों में बर्फबारी के चलते निचले इलाकों में तापमान में गिरावट से ठिठुरन बढ़ गई है।

मंगलवार को जिला प्रशासन ने सैलानियों के लिए फोर बाई फोर वाहनों के लिए अटल टनल को बहाल कर दिया है। सोलंगनाला से आगे फोर बाई फोर वाहनों के लिए अटल टनल तक जाने की अनुमति दे दी है और पर्यटकों के लिए समय सीमा निर्धारित की गई है।

पर्यटक सुबह 10:00 बजे से 4:00 चार बजे तक ही सोलंगनाला की के लिए आवाजाही कर सकेंगे। सोलंगनाला तक सभी तरह के वाहन जा रहे हैं। मंगलवार को पर्यटकों ने भारी संख्या में सोलंगनाला पहुंचकर बर्फ के बीच अठखेलियां कीं। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि अटल टनल बहाल है।

ब्लैक आइस के कारण फिलहाल फोर बाई फोर वाहनों में ही पर्यटक जा सकते हैं, अन्य वाहनों को सोलंगनाला तक ही भेजा जा रहा है। उधर, लोनिवि चिनाव मंडल उदयपुर के अधिशाषी अभियंता पवन राणा ने बताया कि घाटी में सुबह से हिमपात हो रहा है और ऊंचाई वाले ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों में अभी तक औसतन दस सेमी ताजा हिमपात हो चुका है।

यातायात के लिए फिलहाल सभी सड़कें बंद कर दी गई हैं। सड़कों की बहाली का कार्य लगातार जारी है। लोनिवि चिनाव मंडल उदयपुर की 134 सड़कों में से 29 सड़कों से बर्फ हटाने का कार्य पूरा कर लिया गया है, लेकिन हिमपात का क्रम फिर से शुरू होने से यातायात अभी ठप है।




लाहौल घाटी में ताजा बर्फबारी के बाद कुछ यूं दिखा विहंगम दृष्य।

### लाहौल घाटी में तीन दिन में 29 सड़कें बहाल

**लोनोवि** चिनाव मंडल उदयपुर के अंतर्गत आने वाली सड़कों की बहाली का कार्य शुरू हो गया है। पीडब्ल्यूडी ने बर्फ के फाहों के बीच सड़क से बर्फ हटाने का कार्य शुरू कर दिया है। तीन दिन के भीतर 29 सड़कों को बहाल कर लिया है, जबकि शेष पर युद्धस्तर पर कार्य जारी है। लोनोवि चिनाव मंडल उदयपुर में 134 सड़कें हैं। पीडब्ल्यूडी ने इन सभी सड़कों से बर्फ हटाने का कार्य पूरा कर लिया था, लेकिन गत दिनों हुए भारी हिमपात से यह सड़कें अढ़ाई से तीन फुट बर्फ से ढक गई है। उदयपुर, सिस्सू और तांदी हेलिपैड से भी बर्फ हटा ली है, लेकिन अब फिर से हिमपात का क्रम शुरू हो गया है। लोगों की दिक्कत को देखते हुए पीडब्ल्यूडी ने बर्फ के फाहों के बीच सड़कों की बहाली शुरू कर दी है।

### सर्द रातों में बेघर हुआ परिवार

## मणिकर्ण घाटी के शाट में घर राख, लाखों का नुकसान



मणिकर्ण घाटी के शाट में आग की भेंट चढ़ा मकान।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू की मणिकर्ण घाटी के शाट में आगजनी की घटना सामने आई है। इस घटना एक मकान पूरी तरह से राख हो गया है। हालांकि स्थानीय लोग आग पर काबू पाने में जुटे रहे, लेकिन आग पूरी तरह से बेकाबू हो गई थी।

जानकारी के अनुसार मणिकर्ण घाटी के साथ के पास लगते क्षेत्र में अचानक एक मकान में आग भड़क गई और देखते ही देखते आग पूरी तरह से बेकाबू हो गई। जानकारी के अनुसार अढ़ाई मंजिला दस कमरों का रिहायशी मकान चमन लाल नेगी का बताया जा रहा है। आग लगने की जानकारी दमकल विभाग और प्रशासनिक अधिकारियों को भी दी जा गई है। ऐसे में राजस्व विभाग के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारी भी मौके के लिए रवाना हो गए हैं।

आग से चमन लाल के परिवार में मनोज, पीयूष, दिनेश सहित परिवार के आठ सदस्य बेघर हो गए हैं।

## एक छत के नीचे हथकरघा हस्तशिल्प और पारंपरिक संस्कृति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू जिला के कुल्लू विकास खंड के नलाच बबेली में एक ही छत के नीचे कुल्लू जिला के हथकरघा, हस्तशिल्प, पारंपरिक खाद्य पदार्थ व समृद्ध संस्कृति के दर्शन होंगे। इस के अतिरिक्त विकास खंड की छह पंचायतों नलाच, कोठीसारी, बंदरोल, जिंदोड़ व वाशिंग के स्वयं सहायता समूह के सदस्य को रोजगार व स्वरोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे।

उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रविश ने मंगलवार को शी हाट की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए भवन निर्माण के कार्य मे तेजी लाने तथा अक्तूबर तक पूरा करने के निर्देश दिए, ताकि यहां व्यवसायिक गतिविधियों को शुरू किया जा सके। उन्होंने डीआरडीए व क्लस्टर लेवल फेडरेशन के पदाधिकारियों को यहां विक्रय किए जाने वाले उत्पादों की सूची तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कौशल विकास निगम को उन द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। बैठक में सदस्यों द्वारा बहुमूल्य सुझाव दिए गए। बैठक में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण की उपनिदेशक व परियोजना अधिकारी डॉ. जयबंती ठाकुर, बीडीओ कुल्लू चेतराम, सहित क्लस्टर लेवल फेडरेशन के पदाधिकारी, खादी ग्रामोद्योग, नबार्ड, कौशल विकास निगम आयशर ग्रुप, रॉयल इन्फिल्ड व अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### एक करोड़ 74 लाख से बन रहा शी हाट

**कुल्लू ।** विकास खंड के नलाच बवेली में एक करोड़ 74 लाख रुपए की लागत से शी हाट के लिए दो मंजिला भवन का निर्माण किया जा रहा है, जिसकी धरातल मंजिल तीन दुकानों का निर्माण किया जाएगा, जिसमें एक दुकान में स्वयं समूहों द्वारा तैयार जिले के हस्तशिल्प व हथकरघा उपलब्ध होंगे, जबकि दूसरी दुकान पर जिले के पारंपरिक खाद्य पदार्थ, मिलेट आदि मिलेंगे। इसी मंजिल पर पर्यटक सूचना केंद्र स्थापित किया जाएगा।

### पत्थरों को जेसीबी से तोड़ा तो खैर नहीं



एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला पतलीकूहल में ब्यास नदी का निरीक्षण करते हुए।

**पतलीकूहल।** आपदा के दौरान ब्यास नदी में आई भयंकर बाद के मद्देनजर बाढ़ पीड़ित कमेटी के आग्रह पर एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला ने पतलीकूहल में पहुंच कर ब्यास नदी का दौरा कर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ पीड़ित कमेटी के प्रतिनिधियों के साथ मिलकर नदी के बीच से हटाए जा रहे मलबे को लगी मशीनों और खुदाई स्थलों का मुआयना किया। इस दौरान एसडीएम ने टेंडर के बाद मलबे का निस्तारण कर रहे ठेकेदार के मैनेजर को मौके पर तलब कर बाढ़ पीड़ित कमेटी के मन में उठ रही शंकाओं का निर्मूलन किया। एसडीएम ने साफ और स्पष्ट शब्दों में कहा कि नदी को बीच से खाली कर निकले मलबे को नदी के किनारों पर रखने का नियम टेंडर में रखा गया था। विशालकाय पत्थरों को जेसीबी ब्रेकर से तोड़ने की सख्त मनाही है। इस मौके पर बाढ़ पीड़ित कमेटी के प्रधान रामसिंह राणा, मुख्य सलाहकार देवेंद्र नेगी, चेयरमैन राजीव ठाकुर, पंचायत प्रधान सीमा देवी, महासचिव सोनू गौतम, अमित शर्मा, संजय अंगरूप, भीखम राम, तोत राम, पंच सुनील, पूनम, सुरेश सहित कई सदस्य मौजूद रहे।

### सड़कों की मरम्मत को तैयार रहे विभाग

**आनी।** पंचायत समिति आनी की साधारण त्रैमासिक बैठक मंगलवार को समिति सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीडीसी अध्यक्ष विजय कंवर ने की। बैठक में लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सड़कों से संबंधित समस्याओं को दूर करने के लिए तत्पर रहने के निर्देश जारी किए। इस दौरान रघुपुर क्षेत्र को जोड़ने वाली सड़क में राणाबाग के समीप लगातार घंस रही जमीन को स्थिर करने को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। वहीं, गुगरा, जाबन, राणाबाग, काण्डीबाग सहित अन्य क्षेत्र के सड़क मार्ग दुरुस्त करने के लिए सदस्यों ने मांग उठाई। डुघा शिगान पेयजल योजना विभिन्न क्षेत्रों में बसों की कमी के मुद्दे पर चर्चा कर समाधान पर भी विचार किया गया। इस दौरान समिति अध्यक्षा विजय कंवर, उपाध्यक्ष संदीप ठाकुर तथा बीडीओ एवं सहायक आयुक्त विकास अमनदीप सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी इस दौरान उपस्थित रहे।

### कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने जागरूक किए कर्मी

**मनाली।** ईपीएफओ कार्यालय शिमला की ओर से एडी हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट प्रीणी के कर्मचारियों के लिए जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान की अध्यक्षता ईपीएफओ शिमला के क्षेत्रीय आयुक्त राकेश पंवार ने की। एडी हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट के कर्मचारियों के समक्ष आ रही कर्मचारी भविष्य निधि से संबंधित दिक्कतों को उन्होंने जाना और कुछ का मौके पर ही निपटाया भी किया गया। इस अवसर पर आयुक्त राकेश पंवार ने कहा कि भारत सरकार द्वारा जो कार्यक्रम चलाया जा रहा है इसका उद्देश्य कर्मचारियों को भविष्य निधि के प्रति जागरूक करना तथा कैसे उनकी भविष्य निधि सुरक्षित रहे या नौकरी छोड़ने के बाद कैसे वह अपनी भविष्य निधि सुरक्षित निकाल सकें। इस विषय पर विस्तार से जानकारी उपलब्ध करवाना और इससे संबंधित दिक्कतों को दूर करना है। इस अवसर पर कर्मचारी राज्य बीमा निगम की ओर से डॉ. जीत ने विभिन्न जानकारियां कर्मचारियों को दीं। इस अवसर पर ईपीएफओ की ओर से प्रवर्तन अधिकारी दीपक शर्मा, एडी हाइड्रो प्रोजेक्ट प्रभारी पंकज कपूर, उपमहाप्रबंधक अरविंद शर्मा एवं मीडिया प्रबंधक सुभाष धीमान भी उपस्थित रहे।

### नोडल अधिकारियों को दी ईवीएम की जानकारी

**कुल्लू ।** लोकसभा चुनाव-2024 की तैयारियों के दृष्टिगत निर्वाचन विभाग द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। दो दिवसीय इस कार्यशाला में सहायक रिटर्निंग अधिकारियों, तहसीलदार, नायब तहसीलदार व चुनाव को लेकर गठित समितियों के नोडल अधिकारियों के लिए ने भाग लिया। लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर आयोजित कार्यशाला के दूसरे दिन चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए विभिन्न विषय पर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। इस मौके पर राष्ट्र स्तरीय मास्टर ट्रेनर उपेंद्र नाथ शुक्ला ने नोडल अधिकारियों को ईवीएम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। एसडीएम मनाली रमन शर्मा ने आदर्श चुनाव संहिता के लागू होने के बाद चुनाव आयोग के निर्देशानुसार किए जाने वाले कार्यों के बारे में जानकारी दी।

**आयोजन** रौरिक आर्ट गैलरी में देश-विदेश के 24 विख्यात कलाकारों की लगी प्रदर्शनी

# चित्रकारों ने कैनवास पर उतारा प्राकृतिक सौंदर्य

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**

अंतरराष्ट्रीय रौरिक मेमोरियल ट्रस्ट नग्गर में एक्सप्रेशन 2024 के अंतर्गत विभिन्न देशों भारत, मलेशिया, थाइलैंड, ग्रीस, स्पेन और इटली आदि देशों के लगभग 24 विख्यात कलाकारों की कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन रशियन क्यूरेटर लारिसा सुरगिना और भारतीय क्यूरेटर सुरेश कुमार नड्डा ने संयुक्त रूप से किया।

इस अवसर पर मुख्यातिथियों ने सभी मेहमान कलाकारों का स्वागत करते हुए सभी कलाकारों की कार्यक्षमता की सराहना की। इसके साथ ही भविष्य में भी ट्रस्ट के साथ सहयोग करने के बारे में सभी कलाकारों से अपील भी की। कलाकारों ने नारी और प्रकृति के सौंदर्य को चित्रों के माध्यम से दिखाया है। कई कलाकारों ने बहुत ही बारीकी से विभिन्न तरह के रंगों और तकनीक का प्रयोग किया है जो अजीब तरह के दिखते हैं और समाज को कई तरह के संदेश देते हैं।



रौरिक आर्ट गैलरी में विभिन्न कलाकारों की प्रदर्शनी को निहारते मेहमान।

इस प्रदर्शनी का आयोजन करने के लिए समय देने के लिए सभी कलाकारों ने रौरिक ट्रस्ट की निदेशक एवं जिलाधीश कुल्लू तोरुल एस. रवीश एवं रौरिक ट्रस्ट के प्रबंधन वर्ग का धन्यवाद किया है। रशियन क्यूरेटर ने इस प्रदर्शनी को लगाने के लिए परभिंदर लाल और अन्य कलाकारों का धन्यवाद किया है। इस अवसर पर रशियन क्यूरेटर सहायक दमित्री सुरगिन, अमरजीत, झाबे राम, संजीव कुमार, देश विदेश के पर्यटक और कुल्लू घाटी के गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस प्रदर्शनी में लगभग 65 चित्र प्रदर्शन पर हैं। यह प्रदर्शनी दर्शकों के लिए 27से 29 फरवरी तक प्रदर्शन में रहेगी।

### इन चित्रकारों के चित्रों की लगी प्रदर्शनी

**मलेशिया** से अली डेबिट, सुजली इब्राहीम, जुरैती शारी, शुकरी डेरहमन, डजूल अफीक, अम्मार इरदिस, खैरूदीन जैनूदीन, थाइलैंड से बंधिता वोरासरी, अंचना नांगकला, ब्यू चायनिशा, इटली से तिजियाना ताफुरी, ग्रीस से फोटिनी पप्पा, स्पेन से कातिया मुनोज और भारत से श्याम शर्मा, बीएस बलौरिया, जंग सिंह बर्मन, हरप्रीत सिंह, नीति जोशी, भारती वंदना, रहीम मिर्जा, परभिंदर लाल, हर्ष लूंबा, जसलीन सिंह, लालहमिंग मावी आदि कलाकारों के चित्र प्रदर्शन पर हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### युवा विज्ञान प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित होंगे स्टूडेंट्स

**हमीरपुर।** प्रदेश में स्कूल शिक्षा बोर्ड की मार्च 2023 में आयोजित परीक्षाओं में विज्ञान विषय के टॉप-10 रैंक हासिल करने वाले मेधावी स्टूडेंट्स को युवा विज्ञान प्रोत्साहन पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार 12वीं के विज्ञान स्टूडेंट्स को शिमला के गेयटी थियेटर में 28 फरवरी को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य पर दिया जाएगा। इसमें हमीरपुर जिले के सात मेधावी साइंस स्टूडेंट्स को दो लाख 60 हजार रुपए की राशि के रूप में दी जाएगी। हमीरपुर जिले में इंडस वैली स्कूल अणु खुर्द के निष्क शर्मा को 70 हजार, लक्ष्मी मेमोरियल स्कूल भोटी की छात्रा आस्था पटियाल को 60 हजार, एमएससी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सुजानपुर के ओजस्विनी महाजन को 40 हजार, इंडस वैली पब्लिक के शिवांश को 40 हजार, शिवा पब्लिक स्कूल के आकर्ष शर्मा को 30 हजार, शिक्षा ज्योति पब्लिक स्कूल के परिक्षित ठाकुर को 10 हजार और लिटिल एंजेल पब्लिक स्कूल मैहरे की शयना शर्मा को मेरिट में 10वां रैंक लेने पर 10 हजार रुपए से नवाजा जाएगा। हिमकोस्ट की ओर से स्टूडेंट्स को सम्मानित किया जाएगा। वहीं विज्ञान पर्यवेक्षक राजेश गौत्तम ने इसके लिए चयनित स्टूडेंट्स को बधाई दी है।

### दुलेड़ा में कुश्ती दंगल 10 मार्च को

**रंगस।** हनुमान मंदिर सुधार सभा दुलेड़ा द्वारा कुश्ती दंगल का आयोजन 10 मार्च को किया जाएगा। सुधार सभा के प्रधान बलवंत धीमान ने बताया कि हनुमान अखाड़ा दुलेड़ा (बजूरी) में होने वाले इस दंगल में विजेता को माली में गुर्ज तथा नकद पुरस्कार दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि बड़ी कुश्ती दंगल दिल्ली के आर्यन और आलमगीर के हरमन के बीच होगी, वहीं भारत कुमार खिताब के लिए आठ पहलवानों आलमगीर के जग्गा, बणी के दीपक, जालंधर के कर्ण, मुल्लापुर के दीपा, चंडीगढ़ के हरि, बिलासपुर के शिवम, अजनाला के जग्गा और आनंदपुर के विशाल पहलवानों के बीच मुकाबले होंगे। हिमाचल कुमार खिताब के लिए 25 वर्ष से कम हिमाचली पहलवान इसमें हिस्सा लेंगे। धीमान ने सभी लोगों से कुश्ती दंगल में भाग लेने का आह्वान किया है।

### एनसीसी हमीरपुर यूनिट को मिले तीन प्रशंसा पत्र

**हमीरपुर।** चार एचपी-1 कंपनी एनसीसी हमीरपुर यूनिट को तीन प्रशंसा पत्र कर्नल एसएस रावत की अध्यक्षता में मिले हैं। हिमाचल प्रदेश में सिर्फ एनसीसी हमीरपुर यूनिट को ही एक साथ तीन प्रशंसा पत्र प्राप्त हुए हैं। एनसीसी हमीरपुर यूनिट के कनिष्ठ सहायक मुनीष कुमार को वर्ष 2022-23 के दौरान उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया है। इसी तरह एएनओ सीमा, जो कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला महल में कंप्यूटर साइंस की टीचर हैं उन्हें भी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया है। इसके अलावा कैडेट संभवि डोगरा, जो कि एनआईटी हमीरपुर में फोर्थ सेमेस्टर की छात्रा है, उसे एनसीसी परेड के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने और शूटिंग में उम्दा प्रदर्शन करने पर राष्ट्रीय कैडेट कोर महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल गुरबीरपाल सिंह द्वारा प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया है। एनसीसी हमीरपुर यूनिट कर्नल एसएस रावत ने मंगलवार को कार्यालय में बुलाकर तीनों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया है। इस अवसर पर सूबेदार शशिपाल तथा स्टाफ के अन्य सदस्य भी मौजूद रहे।

### महिला मंडल हटली की अंजू शर्मा बनी प्रधान

**गलोड़।** महिला मंडल हटली के वार्षिक चुनाव मंगलवार को सर्वो देवी की अध्यक्षता में संपन्न करवाए गए। इन चुनावों में सर्वसम्मति से अंजू शर्मा को प्रधान, गायत्री देवी को उप प्रधान, सुषमा देवी सचिव, संगीता देवी कोषाध्यक्ष, सर्वो देवी को मुख्य सलाहकार तथा तीन अन्य को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। इस मौके पर समाजसेवी अनीता गर्ग विशेष रूप से आमंत्रित की गई थी। उन्होंने नवनियुक्त प्रधान अंजू शर्मा व अन्य समस्त कार्यकारिणी को बधाई दी। इस मौके पर अनीता गर्ग ने कहा कि महिला मंडल का मुख्य उद्देश्य महिलाओं का विकास उनमें जागरूकता लाना है। शिक्षा, रोजगार के समान अवसर मुहैया करवाने से लेकर अपने इलाके तथा गांव का विकास महिला मंडलों द्वारा करवाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि महिला मंडल महिलाओं के लिए एक मंच प्रदान करता है जहां वे अपनी परेशानियां दुख दर्द साझा कर सकती हैं। नवनियुक्त प्रधान अंजू शर्मा ने कहा कि जो जिम्मेदारी महिलाओं ने उन्हें सौंपी है उसका निर्वहन व ह पूरी निष्ठा और ईमानदारी से करेंगी।

### रणजीत सिंह को सेना में मिली ले. जनरल पद की मंजूरी

**हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश के निवासी अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं



क्योंकि हमीरपुर जिले के मेजर जनरल रणजीत सिंह को सेना में लेफ्टिनेंट जनरल पद के लिए मंजूरी मिल गई है। मेजर जनरल रणजीत सिंह हमीरपुर नगर परिषद के वार्ड नंबर एक के निवासी हैं और लंबे समय से सेना में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। हीरानगर निवासी मेजर जनरल रणजीत सिंह को लेफ्टिनेंट जनरल पद के लिए मंजूरी मिलने पर परिवार के सदस्यों को बधाई संदेश देने के लिए लोगों के फोन आ रहे है। यह हमीरपुर जिला के लिए भी गौरव की बात है कि इतने बड़े पद पर मेजर जनरल रणजीत सिंह सेवाएं देंगे। पूर्व जन्म में अच्छे कर्म करने से इस जन्म में मिलता है उसका प्रतिफल : पं. सुमित भारद्वाज

### शिव मंदिर लुद्दर महादेव में शिवपुराण कथा शुरू

**भरेड़ी।** भोरंज उपमंडल के शिव मंदिर लुद्दर महादेव में मंगलवार को शिवपुराण कथा शुरू हुई। इससे पहले शिव भक्त बड़ी संख्या में कलस यात्रा से शामिल हुए। बिलासपुर जिला के चुराड़ी गांव में पंड़ित सुमित भारद्वाज ने कथा में प्रवचन करते हुए कहा कि व्यक्ति का पूरा जीवन यह जानने के लिए लग जाता है कि उसका जन्म क्यों हुआ। हकीकत में हमारा जन्म पूर्व जन्म के प्रतिफल को पाने और भगवान का भजन करने से हुआ है। यदि पूर्व जन्म में अच्छे कर्म किए होंगे तो इस जन्म में प्रतिफल के रूप में हमें आनंद का प्राप्ति होगी। हमेशा ध्यान रखना चाहिए कि विपरीत परिस्थितियों में भगवान शिव ही हमारे साथ रहेंगे। उन्होंने शिव भक्तों से कहा कि शिव पुराण कथा सुनने से सारे कष्ट दूर होते है। इसलिए कथा को हमेशा ध्यान लगाकर सुनना चाहिए। कथा सुनने के लिए स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे जिसमें महिलाओं की संख्या अधिक रही।

### सीएमओ आज मोबाइल फूड टेस्टिंग वैन को देंगे झंडी

**हमीरपुर।** प्रदेश भर में खाद्य पदार्थों के सैंपल लेने के लिए और टेस्ट करने के लिए केवल दो मोबाइल फूड टेस्टिंग वैन थी जिसकी वजह से अधिकतर जिलों तक यह वैन पहुंच ही नहीं पाती थी। खाद्य पदार्थों की मिलावट और खराब खाद्य पदार्थों की सैंपल फूड एंड सेफ्टी विभाग लेता तो था, लेकिन उसके लिए कोई तय समय नहीं था, क्योंकि अन्य जिलों में भी इस वैन से सैंपल लिए जाते थे। अब हमीरपुर जिला को स्थायी तौर पर मोबाइल फूड टेस्टिंग वैन मिल गई है, जिसे सीएमओ डॉ. आरके अग्निहोत्री आज हरी झंडी देकर रवाना करेंगे। बता दें कि प्रदेश के तीन जिलों में 1.49 करोड़ रुपए की तीन मोबाइल फूड टेस्टिंग प्रयोगशाला वैन प्रदान की गई है। अब स्वास्थ्य विभाग जिला के सभी क्षेत्रों में साल भर खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर उनकी जांच कर सकता है। इस फूड टेस्टिंग वैन में सैंपलों का परीक्षण तो किया जाएगा साथ ही लोगों को जागरूक भी किया जाएगा। खाद्य सुरक्षा विभाग हमीरपुर के सहायक आयुक्त अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि हमीरपुर जिला को मोबाइल फूड टेस्टिंग वैन की सुविधा मिलने जा रही है। उन्होंने बताया कि खाद्य वस्तुओं को मौके पर ही टेस्ट करने के बाद कुछ ही समय में इसकी रिपोर्ट प्राप्त की जा सकेगी।

# डॉक्टरों की पेन डाउन स्ट्राइक में मरीज-तीमारदार भी हुए शामिल

## लोगों ने हमीरपुर में कैंडल मार्च कर जताया रोष

विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर

हिमाचल में डॉक्टर्स की हड़ताल के बीच में कई जगह मरीज और उनके तीमारदार भी समर्थन में जुट गए हैं। डॉक्टर्स के कैंडल मार्च के दौरान लोगों ने भी हाथ में कैंडल जलाकर रोष प्रदर्शन में हिस्सा लिया। वे खुलकर डॉक्टर्स के समर्थन में सरकार को जगाने का प्रयास करने लगे हैं।

मंगलवार को हमीरपुर जिला के लगभग सभी इलाकों में ब्लॉक स्तर पर कैंडल मार्च आयोजित किए गए, जिनमें ज्यादातर जगहों पर लोगों ने शिरकत की। जिला के जंगल बैरी में स्थित स्वास्थ्य कैंद्र के बाहर काफी तादाद में इलाके के लोग भी जुटे। उन्होंने अपने हाथों में जलती हुई मोमबत्ती पड़ी हुई थी। डॉक्टर्स भी अस्पताल के बाहर रोष प्रकट कर रहे थे। डॉक्टर की इस हड़ताल की वजह से अस्पतालों में खासकर ग्रामीण इलाकों में जनता को भी अब परेशानी झेलनी पड़ रही है। क्योंकि अस्पताल खोलते ही तीन घंटे की पेन डाउन हड़ताल की वजह से मरीज डॉक्टर्स के आने की इंतजार में थक रहे हैं, परेशान हो रहे हैं।



स्वास्थ्य केंद्र के बाहर मोमबत्ती प्रोसेशन के दौरान डॉक्टर और स्थानीय जनता।



अस्पताल में डॉक्टर्स का इंतजार करते मरीज।

इधर, मेडिकल ऑफिसर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा का कहना है कि मोमबत्ती प्रोसेशन के जरिए प्रदेश में अधिकारियों को जगाने का प्रयास किया जा रहा है, क्योंकि वे सरकार को गुमराह कर रहे हैं और बेवजह के आदेश जारी करके डॉक्टर्स को डराने-धमकाने पर उतारू हैं। उन्होंने बताया कि डॉक्टर्स पर इस कार्रवाई का कोई फर्क नहीं पड़ेगा। क्योंकि प्रदेश में 2900 डॉक्टर्स मुकम्मल तौर पर हड़ताल में शामिल हैं। उन्हें रेजिडेंट डॉक्टर्स ने भी समर्थन दिया है। मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन सरकार के किसी दबाव में आने वाली नहीं है। जिन मांगों को लेकर वे संघर्ष कर रहे हैं, उन्हें मनवा कर ही दम लेगी। (अनंत ज्ञान)

### बीएमओ बना रहे डॉक्टर्स की लिस्टें

**इधर** सेक्रेटरी हेल्थ के आदेशों के बाद डॉक्टर्स की सूचियां बनाने का काम शुरू हो गया है। ब्लॉक स्तर पर बीएमओ इस कार्रवाई में जुट गए हैं। प्रदेश के सभी जिलों में यह काम जारी है। लेकिन ऐसा नहीं है कि मेडिकल ऑफिसर एसोसिएशन के कोई सदस्य पेन डाउन हड़ताल में शामिल न हों, मुकम्मल तौर पर डॉक्टर्स एकजुटता दिख रहे हैं।

# विकास खंड कार्यालय भवन का डेढ़ वर्ष बाद भी काम नहीं हुआ शुरू

एसके ठाकुर, बिझड़ी

- पूर्व ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री वीरेंद्र कंवर ने किया था शिलान्यास

विकास खंड बिझड़ी के नए भवन का शिलान्यास विधानसभा चुनावों से लगभग एक माह पहले पंचायतीराज मंत्री वीरेंद्र कंवर ने किया था, लेकिन लगभग डेढ़ वर्ष बीत जाने पर भी भवन का कार्य शुरू नहीं हो पाया है, जबकि प्रदेश में कांग्रेस सरकार को बने हुए लगभग डेढ़ वर्ष हो गया है। व्यवस्था परिवर्तन एवं विकास को गति प्रदान करने के नारे के साथ कांग्रेस पार्टी ने सता पर काबिज हुई थी, लेकिन बड़सर विधानसभा क्षेत्र में कई ऐसे विकासात्मक कार्य हैं जो अभी तक शुरू नहीं किए गए हैं। इसका जीता-जागता उदाहरण विकास खंड बिझड़ी में बनने वाला आधुनिक सुविधाओं से लैस विकास खंड कार्यालय भवन है।

काबिले गौर है कि इस भवन का शिलान्यास पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल में हुआ था। इस भवन का शिलान्यास पूर्व ग्रामीण विकास पंचायतीराज वीरेंद्र कंवर ने एक सितंबर 2022 को किया था। शिलान्यास हुए को लगभग डेढ़ वर्ष बीत जाने के बाद भी कार्य शुरू नहीं हो पाना कहीं न कहीं प्रदेश सरकार की नाकामी साफ दिखाई दे रही है। (अनंत ज्ञान)



### जर्जर हो चुका है भवन

**विकास** खंड बिझड़ी कार्यालय का भवन पुराना व जर्जर हो चुका है। पूर्व सरकार ने नया भवन बनाने के उद्देश्य से नींव पत्थर रखा था और लोगों में एक यह भी आस जगी थी, कि विकास खंड कार्यालय बिझड़ी में नया भवन बनकर तैयार होगा, लेकिन अभी तक भवन निर्माण का कार्य शुरू न होना लोगों का सरकार के प्रति रोष पनप रहा है। बता दें कि विकास खंड कार्यालय का नया भवन तीन मंजिल का होगा जिसमें सभी सुविधाएं होगी। इस भवन पार्किंग, कॉन्फ्रेंस हॉल मल्टीपर्पज बिल्डिंग होगी। उधर, विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने कहा कि लोकसभा चुनावों के बाद कार्य शुरू किया जाएगा इसके लिए 12 करोड़ धन राशि बजट में मंजूर हो गई है।

## संस्था ने बीमार लोगों के इलाज को दिए 20 हजार

**भरेड़ी।** गरीब असहाय सहायता संस्था भरेड़ी की मासिक बैठक संस्था के प्रधान अरुण कुमार अरोड़ा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि संस्था का वार्षिक अधिवेशन 14 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा जो पहले सात अप्रैल को रखा गया था। संस्था ने विनय कुमार पुत्र प्रवेश कुमार गांव टिक्करी घुरालां को पिता को हार्ट अटैक आने पर इलाज के लिए 10 हजार व बक्शी राम पुत्र भी घुंघरू राम गांव व डाकघर जिजवीं को पैरालिसिस होने व सांस की बीमारी होने पर इलाज हेतु 10 हजार रुपए दिए। संस्था के संस्थापक डॉ. पीसी सैणी ने बताया कि यह दोनों परिवार अति-गरीब हैं और अपना इलाज करवाने में असमर्थ हैं संस्था उन्हें आर्थिक सहायता प्रदान करती है।

# पौहंज स्कूल का खेल मैदान खत्म होने की कगार पर

अनंत ज्ञान, टौणीदेवी

- खेल बनकर रह गया मैदान, सरकार के खिलाफ रोष

प्रदेश सरकार की अनदेखी के चलते सीनियर सेकेंडरी स्कूल पौहंज का खेल मैदान खत्म होने की कगार पर है। बमसन में एकमात्र युवाओं के लिए खेलने का स्थान है जिसकी हालत दिन व दिन बदतर होती जा रही है। इस मैदान में मंडी, कांगड़ा, ऊना हमीरपुर के कई युवा खेलों में भाग लेने के लिए पहुंचते है। यसवीर, पंकज, रुस्तम, निखिल, राकेश, अनिल, विनय, शशि, अंकुश चैहान, सुनील, कर्ण, रोहित ठाकुर व अन्य खिलाड़ी वर्ग का कहना है कि मैदान की हालत बदतर सरकार व पंचायत की अनदेखी की वजह से हुई है।

यही सिलसिला रहा तो, कुछ समय में इलाके में कोई प्रतियोगिता नहीं हुआ करेगी। जाहिर-सी बात है कि खेल हमारे युवाओं को नशे से दूर रखने में अहम किरदार निभाता है। पिछले करीब 10 वर्षों से पौहंज स्कूल का मैदान लावारिस हो गया है। इलाके के बुद्धिजीवी वर्ग की मानें तो पौहंज स्कूल में जो खेल के परिणाम रहा करते थे, वह गुजरे वक्त की बात हो चुकी है, जिसका कारण मैदान की हालत खस्ता होना है। बुद्धिजीवी लोगों अनिल चौहान, शेर सिंह ठाकुर, वीरेंद्र सिंह ठाकुर, संजीव शर्मा आदि ने बताया कि पौहंज स्कूल में खेल एक औपचारिकता बनकर रह गई है।



सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र का एकमात्र खेल मैदान खस्ताहाल में।

यही हालात रहे तो इलाके में नशा युवाओं को अपने आगोश में ले लेगा। आए दिन नशे के मामले सामने आ रहे हैं, अगर युवा पीढ़ी को खेल के संसाधन नहीं मिलते तो युवा गलत रास्तों की ओर रुख कर सकते हैं।

### वित्तीय साक्षरता शिविर में लोगों को दिए टिप्स

**हमीरपुर।** भारतीय रिजर्व बैंक के शिमला कार्यालय ने वित्तीय साक्षरता सप्ताह के तहत आईटीआई रैल में वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किया। भारतीय रिजर्व बैंक के शिमला कार्यालय के प्रबंधक भरतराज आनंद ने आईटीआई प्रशिक्षुओं का मार्ग-दर्शन करते हुए बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक 26 फरवरी से एक मार्च तक वित्तीय साक्षरता सप्ताह मना रहा है। इस दौरान देश भर में वित्तीय साक्षरता शिविर लगाकर आम लोगों और विशेषकर युवाओं को कई महत्वपूर्ण वित्तीय जानकारियां दी जा रही हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान दौर में सभी लोगों को बैंकों की विभिन्न प्रक्रियाओं, लेन-देन, डिजिटल बैंकिंग और विभिन्न ऋण एवं सब्सिडी योजनाओं की पर्याप्त जानकारी होनी चाहिए। इससे वे बैंकों की ओर से मिलने वाली विभिन्न सुविधाओं एवं ऋण योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे और अपनी आम दिनचर्या में वित्तीय लेन-देन एवं कारोबार भी आसानी से करने में सक्षम होंगे।

### जैविक खाद अच्छी फसल की पैदावार के लिए फायदेमंद

**रंगस।** जैविक खाद का उपयोग करने से किसानों और फसलों के लिए काफी ज्यादा फायदेमंद है। इसका उपयोग करने से सबसे बड़ा फायदा खेत की ऊपजाऊ क्षमता बढ़ती है। किसान के हितैषी जीवों की मात्रा मृदा में बढ़ती है, इसके अलावा जैविक खाद का उपयोग करने से खेत में केंचुओं की संख्या, चीटिंयों की संख्या तथा पक्षियों की संख्या बढ़ती है। यह बात कृषि विभाग के एसएमएस ब्रजेश्वर चंदेल ने फियोड़ी व बाह गांवों में आयोजित जागरूकता शिविर में किसानों को संबोधित करते हुए कही। उनका कहना है कि खेत की जमीन बंजर नहीं होती है यानी कि जमीन पानी की मात्रा ज्यादा लेगी, जिससे फसल में अच्छी वृद्धि होगी और वाष्पन की विधि कम होगी। ग्रीनरी एग्रो बिजनेस कंपनी के सहयोग से लगाए गए इस शिविर में करीब 50 किसानों ने भाग लिया। इस अवसर पर किसानों को बीजा अमृत, जीवा अमृत व घना अमृत तथा देसी कीटनाशनक बनाने बारे जानकारियां भी दीं। इस अवसर पर एडीओ राजेश वर्मा, एईओ मनदीप सिंह व प्रवीण कुमार सहित कई किसान मौजूद थे।

# बारीं पंचायत में लगाया जागरूकता शिविर



विकास खंड टौणीदेवी की ग्राम पंचायत बारीं में एक जागरूकता शिविर में उपस्थित महिलाएं।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

महिला एवं बाल विकास विभाग ने मंगलवार को विकास खंड टौणीदेवी की ग्राम पंचायत बारीं में एक जागरूकता शिविर आयोजित किया। सशक्त महिला योजना के तहत आयोजित इस जिला स्तरीय जागरूकता शिविर की अध्यक्षता जिला कार्यक्रम अधिकारी अनिल कुमार ने की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि महिलाओं के उत्थान, कल्याण और सशक्तिकरण तथा उनके अधिकारों की रक्षा के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग के माध्यम से कई योजनाएं आरंभ की गई हैं। पात्र महिलाओं को इनका लाभ उठाना चाहिए। शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग की डॉ. शिल्पा ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से अवगत करवाया। उन्होंने महिलाओं को स्वास्थ्य से संबंधित भी कई महत्वपूर्ण जानकारियां दीं।

### नशे में नशेड़ी को किया पुलिस के हवाले

**जाहू।** भोरंज थाने के अंतर्गत विभिन्न कस्बों में युवा नशा कर सड़कों पर घूम रहे है। ऐसा ही मामला जाहू पंचायत के गांव जाहू कलां में सामने आया है। एक युवक नशे में धूत होकर लोगों के घरों में घुसने का प्रयास कर रहा था। जब लोग उसे अपने आंगन से खदेड़ रहे थे तो उसे कोई होश नहीं थी। जब युवक से लोगों ने पूछताछ और उसका नाम व घर का पता जानने की कोशिश की तो उसने कुछ भी नहीं बताया और कहा कि मुझे कुछ याद नहीं है। इसके बाद लोगों ने जाहू पुलिस को इसकी सूचना दी गई।

जाहू पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उससे पूछताछ की परंतु युवक नशे में धुत होने की वजह कुछ भी बताने असमर्थ था। पुलिस के द्वारा उसे जाहू पुलिस चौकी में ले गए। पुलिस के द्वारा गहनता से पूछताछ करने के बाद उसने अपना नाम व घर का पता बताया। पुलिस के द्वारा घर के सदस्यों को पूरे मामले से अवगत करवाया गया और पुलिस चौकी में बुलाया गया। पुलिस ने युवक को नशा निवारण केंद्र में ले जाने की सलाह परिवार को दी और युवक को उनके हवाले कर दिया। जाहू पुलिस चौकी प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि युवक को नशा निवारण केंद्र में ले जाने की बात पर उसे परिवार के सदस्यों के साथ भेज दिया।

### महिलाओं को लघु उद्योग स्कीमों की दी जानकारी



कोट गांव महिलाएं जानकारी लेने के बाद सामूहिक चित्र में।

**हमीरपुर।** करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी के इंस्टीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल व माइक्रोबायोलॉजी द्वारा स्टार्टअप और उद्यमिता के बारे में जागरूक कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए डॉ. शिखा ने कहा कि इस अभियान के तहत गोद लिए कोट गांव की महिलाओं को लघु उद्योग और सरकार द्वारा चलाई जा रही लघु उद्योग स्कीमों के बारे में अवगत करवाया कि कैसे आप अपने नए-नए आइडिया से लघु उद्योग स्थापित कर सकते हैं और अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकते हैं। महिलाओं के स्वामित्व वाले व्यावसायिक उद्यम देश में रोजगार के अवसर पैदा करके समाज में प्रमुख भूमिका निभा रही हैं।

# जन चेतना यात्रा आज आक्रोश रैली के साथ होगी संपन्न

अनंत ज्ञान, हमीरपुर

भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नवीन शर्मा ने कहा कि क्षेत्र के मुद्दों को ले कर शुरू की गई जन चेतना यात्रा को क्षेत्रवासियों का भरपूर समर्थन मिला है। उन्होंने कहा कि जन चेतना यात्रा का समापन कल गांधी चौक हमीरपुर में विशाल आक्रोश रैली के साथ होगा।

जन चेतना यात्रा में सात हजार से अधिक ग्रामीणों ने क्षेत्र की मांगों को लेकर हस्ताक्षर किए हैं, जिसे डीसी हमीरपुर के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा। नवीन शर्मा ने कहा कि जन चेतना यात्रा के माध्यम से क्षेत्र वासियों की यह मांग है कि सरकार उनकी समस्याओं को जल्द हल किया जाए। उन्होंने कहा कि गलोड़ में भाजपा सरकार द्वारा खोले गई कॉलेज को फिर से शुरू किया जाए, वहीं चंडीगढ़ को मसियाणा धनेड़ हो कर जाने वाली बस को शीघ्र शुरू किया जाए।



नवीन शर्मा

उन्होंने कहा कि गत एक साल से हमीरपुर से गलोड़ व मसियाणा से कुढ़ार सड़क का काम सुस्त गति से चल रहा है, जिससे सड़कों के साथ लगते आबादी वाले क्षेत्रों में लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और जनता की मांग है कि जल्द से जल्द इन दोनों सड़कों का काम तीव्र गति से शुरू हो। इसके अलावा अटल आदर्श विद्यालय के लिए भाजपा सरकार द्वारा स्वीकृत पांच करोड़ की राशि को जल्द सरकार प्रदान कर के अटल आदर्श विद्यालय का काम शुरू करवाए और क्षेत्र में चलने वाली बसों को शीघ्र चलाया जाए।

# ग्रामीण बैंक सफाई कर्मियों का आंदोलन 20 से

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

- दो माह से नहीं दिया वेतन आउटसोर्स नीति लागू करने पर अड़ा प्रबंधन

हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक प्रबंधन द्वारा बैंकों में कई वर्षों से लगातार कार्य कर रहे सफाई कर्मियों को बैंक से निकालने के आदेश बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधकों ने शाखा प्रबंधकों को जारी किए हैं। क्षेत्रीय प्रबंधकों द्वारा सफाई कर्मियों के विरुद्ध जारी किए फरमानों को लेकर बैंक में काम करने वाले सफाई कर्मचारी लामबद्ध हो गए हैं और 20 मार्च से अपना आंदोलन शुरू करने जा रहे है।

प्रदेश भर में ग्रामीण बैंक में काम करने वाले सफाई कर्मचारियों को पिछले दो माह से वेतन नहीं दिया गया है व प्रबंधन द्वारा आदेश जारी किए गए आदेशों के अनुसार सफाई कर्मियों के वेतन का भुगतान उनके खाते में न किया जाए तथा हर दूसरे माह किसी अन्य सफाई कर्मी को वेतन का भुगतान किया जाए। प्रबंधन वर्ग आउटसोर्स नीति लागू करने पर अड़ा हुआ है। इन्हीं मुद्दों को लेकर सफाई कर्मियों की एक महत्वपूर्ण बैठक भारतीय मजदूर संघ के वित्त-प्रभारी डीसी शर्मा की अध्यक्षता में हमीरपुर में आयोजित की गई है।

इस बैठक में बैंक के 90 सफाई कर्मियों ने भाग लेकर प्रबंधन द्वारा हाल ही में जारी गैर-कानूनी दिशा-निर्देशों का पूरी एकजुटता से विरोध किया। बैठक में विस्तृत चर्चा तथा आगामी रणनीति बनाई गई व बैंक प्रबंधन द्वारा जारी इन तानाशाही फरमानों के विरोध में समस्त सफाई कर्मी एकजुटता के साथ आंदोलन करेंगे। वित्त प्रभारी डीसी शर्मा ने बताया कि मुख्य कार्यालय मंडी में 20 मार्च को प्रोटेस्ट रैली आयोजित की जाएगी, वहीं 27 मार्च को धरना प्रदर्श करेंगी। यदि फिर भी बैंक प्रबंधन द्वारा जारी फरमानों को वापस नहीं लिया तो आठ अप्रैल से आमरण अनशन पर बैठ जाएंगे और 16 अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करेंगे।

उन्होंने बताया कि सफाई कर्मियों का एक केस माननीय उच्च न्यायालय शिमला में विचाराधीन है तथा कोर्ट द्वारा 2019 में बैंक प्रबंधन को यथा स्थिति बनाए रखने के आदेश भी जारी किए गए हैं परंतु फिर भी प्रबंधन द्वारा सफाई कर्मियों से जुड़ी प्रक्रिया से लगातार छेड़छाड़ की जा रही है तथा इन्हें निकालने के आदेश जारी किए गए हैं। बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि कोर्ट के आदेशों की अवमानना की एवज में सफाई कर्मियों द्वारा लीगल नोटिस भी बैंक प्रबंधन को भेजे जाएंगे।

इस पूरे आंदोलन की रूपरेखा का एक नोटिस भी बैंक अध्यक्ष मंडी, पंजाब नेशनल बैंक मुख्य का दिल्ली, क्षेत्रीय श्रमायुक्त चंडीगढ़ तथा बैंक के बोर्ड सदस्यों को भी भेजा जाएगा। (अनंत ज्ञान)

**कैसी सुविधा** | सरकारी व प्राइवेट बसों में कहीं पर भी महिला हेल्पलाइन नंबर अंकित नहीं

# बसों में महिलाओं से हो रही छेड़छाड़ की कहां करें शिकायत

अनिल कुमार, हमीरपुर

बसों में सफर करने वाली महिलाओं और युवतियों से छेड़छाड़ की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन इसकी शिकायत किस नंबर पर करें इसकी जानकारी महिलाओं को नहीं है।

अनंत ज्ञान स्पैशल

सरकारी बसों में हेल्पलाइन के संपर्क करने के लिए तो लिखा है, लेकिन महिला हेल्पलाइन नंबर अंकित नहीं किया है और प्राइवेट बसों में तो केवल बस मालिक का ही नंबर अंकित किया है।

प्रदेश सरकार ने महिलाओं और बच्चों के साथ हो रही घटनाओं की शिकायत करने के लिए हेल्पलाइन नंबर तो जारी कर दिए हैं, लेकिन इसकी जानकारी शायद ही किसी महिला को हो। महिलाओं के साथ छेड़छाड़ होने पर बदनामी के डर से किसी से कुछ नहीं कह पाती हैं और न ही शिकायत करती हैं, जबकि यह हेल्पलाइन नंबर महिलाओं की सुरक्षा के लिए जारी किया गया है। बता दें कि महिलाओं, बच्चों या अन्य किसी भी प्रकार की शिकायत करने के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं, लेकिन कुछ एक सार्वजनिक जगहों पर प्रदर्शित किया गया है, हालांकि महिलाओं को गांव स्तर पर आवश्यक हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी जाती है, लेकिन घटना के समय यह नंबर याद नहीं आते।






सरकारी बसों में सुरक्षा की दृष्टि से कलोज सर्कट कैमरे भी लगाए गए हैं, लेकिन प्राइवेट बसों में ऐसी सुविधा नहीं है। लोगों का कहना है कि महिलाओं की सुविधा के लिए सरकारी और प्राइवेट बसों में हेल्पलाइन नंबर प्रदर्शित करने चाहिए जिससे इसका लाभ महिलाओं को मिल सके। (अनंत ज्ञान)

> **बसों** में कैमरे लगाए गए हैं, यदि कोई ऐसी घटना होती है इनमें सारी जानकारी उपलब्ध रहती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की सुविधा के लिए जारी हेल्पलाइन नंबर प्रदर्शित किए जाएंगे, वहीं आरटीओ हमीरपुर अंकुश शर्मा ने बताया कि प्राइवेट बसों में सभी हेल्पलाइन नंबर लगाने के निर्देश दिए जाएंगे। -राज कुमार पाठक, डीडीएम हमीरपुर

# सड़क किनारे चल रही महिलाओं को कार ने मारी टक्कर, एक की मौत

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**




घुमारवीं थाना के तहत बड्डू में सड़क किनारे चल रही दो महिलाओं को कार ने टक्कर मार दी। हादसे में घायल एक महिला की एम्स में उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि दूसरी महिला का उपचार चल रहा है। पुलिस ने कार चालक पर लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार बड्डू गांव में सोमवार देर शाम को घुमारवीं से बरठीं जा रही एक कार ने सड़क किनारे चल रही दो महिलाओं को टक्कर मार दी। हादसे के बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। उन्होंने दोनों घायल महिलाओं को सिविल अस्पताल घुमारवीं पहुंचाया, जहां से एक महिला को एम्स रेफर कर दिया गया। एम्स में उपचार के दौरान महिला की मंगलवार सुबह मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान लता देवी 42 वर्ष पत्नी सुनीत कुमार निवासी गांव पट्टा घुमारवीं के रूप में हुई है। वहीं, घायल महिला की शकुंतला देवी गांव बड्डू घुमारवीं के रूप में हुई है। वहीं, घुमारवीं पुलिस ने कार चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाने का मामला दर्ज किया है। डीएसपी घुमारवीं चंद्रपाल सिंह ने बताया कि मृतक महिला का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है व आगामी कार्रवाई की जा रही है।

## नाले के नौण में मिला शव

**बिलासपुर।** बिलासपुर शहर के नाले के नौण में एक युवक का गोबिंद सागर झील से शव बरामद हुआ है। युवक के शव की पहचान भी हो गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दो को घुमारवीं थाना में गुमशुदा की शिकायत दर्ज करवाई गई थी, जिसके पास पुलिस जांच में जुटी थी। ऐसे में मंगलवार को उक्त युवक का शव झील में मिला है। मृतक युवक की पहचान राहुल भारद्वाज पुत्र राजकुमार गांव कुहमझवाड़ बिलासपुर के रूप में हुई है। वहीं, उक्त मृतक युवक एक निजी संस्था में कार्यरत था। खबर की पुष्टि करते हुए बिलासपुर डीएसपी मदन धीमान ने कहा कि पुलिस ने आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## प्रशासन ने मेले के लिए आमंत्रित किए लेख

**बिलासपुर।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेला का आयोजन धूमधाम से किया जा रहा है। मेले की स्मृतियों को संजोए रखने के उद्देश्य से स्मारिका का प्रकाशन भी किया जा रहा है। स्मारिका प्रकाशन के लिए बिलासपुर की संस्कृति से संबंधित लेख आमंत्रित किए जा रहे हैं। जिला भाषा अधिकारी रेवती सैनी ने बताया कि बिलासपुर की धरोहर, कला, शैली और संस्कृति से संबंधित लेखों व कविताओं को प्राथमिकता दी जाएगी तथा आए हुए लेखों व कविताओं की छंटनी स्मारिका उपसमिति की ओर से की जाएगी। इच्छुक व्यक्ति पांच तक अपने लेखों व कविताओं को अपने फोटो सहित जिला भाषा अधिकारी कार्यालय भेज सकते हैं।

# कॉलेज में करवाएंगे सीएम की जनसभा व्हीलचेयर पर जाकर रहूंगा मौजूद : बंबर

### शरीर से हुआ कमजोर, लेकिन जोश और ताकत अभी भी जिंदा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बिलासपुर सदर के पूर्व विधायक बंबर ठाकुर इन दिनों जिला अस्पताल में उपचाराधीन हैं। मंगलवार को मीडिया में जारी बयान में बंबर ठाकुर ने कहा कि जल्द ही बिलासपुर के कॉलेज ग्राउंड में सीएम की जनसभा आयोजित करवाई जाएगी, जिसमें करोड़ों रुपए की लागत से बिलासपुर जिला में शिलान्यास करवाएं जाएंगे।

**हमेशा लोगों के लिए रहूंगा मौजूद, लोग अस्पताल में न आएं**

बेशक उनका इस वक्त शरीर कार्य नहीं कर रहा है, परंतु जोश और ताकत पूरी है। उन्होंने कहा है कि वह इस जनसभा में व्हीलचेयर से जाकर भी मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि वह हमेशा जनता के लिए मौजूद रहे हैं और रहेंगे। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वह अस्पताल में न आएं, उनके लिए वह घर से ही दुआ करें।

उन्होंने कहा कि प्रतिदिन सीएम फोन के माध्यम से उनका हाल पूछते हैं, जिसका उन्होंने सीएम का आभार प्रकट किया है। अभी वह अपने कार्य अस्पताल से ही पूरे कर रहे हैं।

# चार को जिलास्तर पर शक्ति वंदन मैराथन दौड़ आयोजित की जाएगी

### बिलासपुर में महिला मोर्चा की बैठक का हुआ आयोजन



बिलासपुर में महिला मोर्चा की बैठक के आयोजन पर मौजूद महिलाएं।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

भाजपा महिला मोर्चा ने आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियां तेज कर दी हैं। इसके मद्देनजर मंगलवार को बिलासपुर में महिला मोर्चा के जिला पदाधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। जिला अध्यक्ष शैलजा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष वंदना योगी ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

जिला भाजपा अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान भी विशेष तौर पर उपस्थित रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी चार मार्च को जिला स्तर पर शक्ति वंदन मैराथन दौड़ आयोजित की जाएगी। राष्ट्र हित में यह दौड़ गैर राजनीतिक होगी, जिसमें महिलाओं समेत सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। वहीं, पांच को शक्ति वंदन यात्रा निकाली जाएगी। इसके अलावा कई अन्य कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार की गई। वंदना योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल एवं गतिशील नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में जहां देश का चहुंमुखी विकास हुआ है, वहीं हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण योजनाएं भी शुरू की गई हैं। फिर एक बार मोदी सरकार और अब की बार-400 पार का नारा बुलंद करते हुए उन्होंने मोर्चा की पदाधिकारियों को टिप्स भी दिए। सखी निर्माण के तहत बूथ स्तर पर 5.5 महिलाओं को संगठन से जोड़ें। बूथ स्तर पर संगोष्ठियों का आयोजन भी करें। प्रत्येक मंडल में शक्ति केंद्रों पर महिला पदयात्रा की जाए। इसके साथ ही कमल मेहंदी कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएं। इसके तहत महिलाओं के हाथों पर मेहंदी से कमल के फूल तथा अब की बार-400 पार व फिर एक बार-मोदी सरकार स्लोगन डिजाइन किए जाएंगे। जिला अध्यक्ष शैलजा शर्मा ने प्रदेश अध्यक्ष को आश्वस्त किया कि उनके दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी कार्यक्रमों को अमलीजामा पहनाया जाएगा। लोकसभा चुनाव में पार्टी हाईकमान द्वारा तय किया गया लक्ष्य हासिल करने में महिला मोर्चा कोई कसर नहीं छोड़ेगा।

**लोकसभा चुनाव के लिए कमर कस लें महिलाएं**

भाजपा के जिला अध्यक्ष स्वतंत्र सांख्यान ने कहा कि महिला मोर्चा का पार्टी में विशेष स्थान है। मोदी सरकार ने आधी आबादी के हित में कई योजनाएं चलाने के साथ ही उन्हें कई अधिकार भी दिए हैं। इसके तहत विधानसभा और लोकसभा में उनके लिए 33 फीसदी आरक्षण का प्रावधान किया गया है। हिमाचल की विधानसभा में वर्तमान में केवल एक महिला विधायक हैं। आरक्षण लागू होने के बाद 22-23 महिलाएं विधानसभा में पहुंचेंगी। उन्होंने महिलाओं का आह्वान किया कि वे लोकसभा चुनाव के लिए कमर कस लें। नारी शक्ति की सहभागिता से भाजपा 400 प्लस का लक्ष्य अवश्य हासिल करेगी। बैठक में मोर्चा की जिला महासचिव रचना ठाकुर व मीना वशिष्ठ, प्रदेश सचिव शीतल भारद्वाज, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अंजना व नीना कौशल, जिला उपाध्यक्ष कमलेश, घुमारवीं की अध्यक्ष रक्षा, नयनादेवी अपर मंडल अध्यक्ष मीना व झंडूता की महासचिव चंपा चंदेल समेत कई अन्य पदाधिकारियों ने भाग लिया।

## पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय संगोष्ठी दो को

**बिलासपुर।** राजकीय स्नातकोत्तर कॉलेज बिलासपुर में हिंदी विभाग की ओर से दो मार्च को राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का विषय चेंजिंग लाइफस्टाइल कल्चर एंड सोसायटी होगी। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी में देश के विभिन्न कॉलेजों एवं विश्वविद्यालयों से प्रोफेसर और रिसर्च स्कॉलर भाग ले रहे हैं। इस विषय पर चिंतन और मंथन होगा क्योंकि यह चिंतनीय विषय है कि आज हमारा समाज तेजी से परिवर्तित हो रहा है और हम अपनी प्राचीन संस्कृति को भूलते जा रहे हैं। मानव संस्कृति का निर्माता है और संस्कृति ही मानवीय गुणों का विकास करती है।

# अस्पताल में बन रही 70 लाख की कैंटीन

### कैंटीन में तीमारदारों और मरीजों के लिए बैठने की होगी बेहतर व्यवस्था

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में 70 लाख रुपए की लागत से कैंटीन तैयार की जा रही है। इस कैंटीन में मरीजों से लेकर तीमारदारों के लिए बेहतर बैठने की सुविधा प्रदान की जाएगी।

इसके लिए विभाग की ओर से अगस्त माह तक इसको तैयार करने की तिथि भी निर्धारित कर दी गई है। अस्पताल प्रशासन का कहना है कि इस कैंटीन को बनाने के लिए कार्य चला हुआ है। इससे पहले अस्पताल परिसर में कैंटीन की बेहतर सुविधा नहीं थी। परंतु अब लाखों रुपए की लागत से कैंटीन तैयार की जा रही है। खबर की पुष्टि करते हुए अस्पताल कार्यकारी चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सतीश शर्मा ने बताया कि अस्पताल में लंबे समय से कैंटीन बनाने की कवायद आरंभ की गई थी। परंतु बजट के अभाव के चलते यह कैंटीन बनाने का कार्य शुरू नहीं हो पा रहा था। ऐसे में बजट के आते ही सारी औपचारिकताएं पूरी की गई और अब कैंटीन का कार्य तेजी से चला हुआ है। जिला अस्पताल बिलासपुर में इससे पहले पार्किंग के एक हॉल में कैंटीन चलाई जा रही थी। वहीं, अभी भी कैंटीन की सही से सुविधा नहीं है, जिससे यहां पर मरीजों और उनके साथ आए तीमारदारों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।

वहीं, अस्पताल प्रशासन का कहना है कि इस कैंटीन में लोगों को बैठने की बेहतर सुविधा प्रदान की जाएगी। यह कैंटीन अस्पताल गेट के सामने बनाई जा रही है। वहीं, वर्तमान में चल रही कैंटीन में भी बेहतर बैठने की व्यवस्था नहीं है, जिसके चलते कई बार लोगों द्वारा भी कैंटीन बनाने का प्रस्ताव रखा गया था।



अस्पताल में 70 लाख रुपए की लागत से कैंटीन तैयार की जा रही है। यह कैंटीन अगस्त माह तक शुरू करने की तिथि निर्धारित की गई है। जल्द ही कैंटीन शुरू कर दी जाएगी, जिससे मरीजों और उनके साथ आने वाले तीमारदारों को इसका लाभ मिलेगा।
**डॉ. सतीश शर्मा, अस्पताल कार्यकारी चिकित्सा अधीक्षक।**

# सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को किया जागरूक



नटराज सांस्कृतिक कला मंच घुमारवीं के कलाकार सरकार की योजनाओं के बारे में बताते हुए।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग प्रदेश सरकार शिमला एवं जिला लोक संपर्क विभाग बिलासपुर के निर्देशानुसार नटराज सांस्कृतिक कला मंच घुमारवीं के कलाकारों ने मंगलवार को घुमारवीं पंचायत के सोई वार्ड में सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित कार्यक्रम पेश किया।

इससे पहले मंच के कलाकारों ने बामटा, कंदरौर, पंजगाई व बरमाणा पंचायतों में भी इस तरह के कार्यक्रम दिए। भवन में हुए कार्यकम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। कलाकारों ने कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाल करना, मुख्यमंत्री सुखाश्रय योजना, गाय के दूध का 45 रुपए प्रति लीटर व भैंस का 55 रुपए प्रति लीटर का समर्थन मूल्य तय करना, आयकर न देने वाले सभी वृद्धजनों को मुफ्त चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाना। विधवाओं के 27 साल तक के बच्चों का खर्च सरकार द्वारा तथा मनरेगा में काम करने वालों की ध्याड़ी बढ़ाना आदि अन्य कल्याणकारी योजनाओं को गीत-संगीत एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक किया।

# उचित प्रशिक्षण और उसके प्रति गंभीरता बरतना बहुत जरूरी : डीसी

### बिलासपुर में आयोजित बैठक की आबिद हुसैन सादिक ने की अध्यक्षता

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

**बैठक में विभिन्न विभागों के 65 अधिकारी एवं कर्मचारी रहे उपस्थित**



स्वतंत्र निष्पक्ष चुनावों की पूर्ति के लिए चुनाव प्रक्रिया में लगे अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण अत्यंत आवश्यक है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने चुनावी व्यय निगरानी कमेटी, एमसीएमसी तथा राजनीतिक पार्टियों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए ये विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि उचित प्रशिक्षण और उसके प्रति गंभीरता बरतना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से संपूर्ण चुनाव प्रक्रियाओं के संबंध में जानकारी के साथ-साथ गलतियों से भी बचा जा सकता है। उन्होने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिओं से स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनावों की पूर्ति के लिए सहयोग की अपील की। तहसीलदार निर्वाचन विजय कुमार शर्मा ने अधिकारियों को लोकसभा चुनाव के दौरान निभाई जाने वाली विभिन्न जानकारियों के संबंध में बताया।

नायब तहसीलदार विजय कुमार शर्मा ने चुनावी व्यय निगरानी के विषय में अधिकारियों के साथ जानकारी साझा की। बैठक में विभिन्न विभागों के लगभग 65 अधिकारी एवं कर्मचारियों उपस्थित थे।

## प्रदेश में अशांति व डर का बना माहौल : बलदेव

**घुमारवीं।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता बलदेव राज ने बयान जारी करते हुए कहा कि प्रदेश को एक शांतिप्रिय राज्य के तौर पर जाना जाता है। 2024 के लोकसभा चुनाव नजदीक आ चुके हैं तथा चुनावी चर्चा भी बढ़ रही है, लेकिन राज्य में पिछले एक हफ्ते से लगातार तीन घटनाएं घटी, जिससे प्रदेश में अशांति और डर का माहौल बन गया है।

बता दें कि बिलासपुर सदर कांग्रेस पूर्व विधायक पर जानलेवा हमला और धर्मशाला के विधायक सुधीर शर्मा को फोन कॉलिंग पे जान से मारने की धमकी तथा शिमला में माल रोड पर पुलिस रिपोर्टिंग रूम के सामने एक युवक की हत्या कर दी गई। आम आदमी पार्टी को संदेह है कि इन घटनाओं के पीछे कोई राजनीतिक दल भी हो सकता है।

# स्वास्थ्य और शिक्षा किसी भी देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण : कटवाल

**अनंत ज्ञान, झंडूता**

झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा किसी भी देश के विकास के सबसे महत्वपूर्ण पहलू होते हैं। ग्लोबल हेल्थ केयर सिस्टम के इस दौर में मोदी सरकार ने पिछले 10 वर्षों में 23 नए एम्स खोले हैं, जो लोगों को उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। यह सिस्टम तभी सफल होगा, जब छोटी-छोटी सुविधाओं पर गंभीरता से गौर किया जाएगा।

इसके लिए सिविल अस्पतालों, सीएचसी व पीएचसी जैसे स्वास्थ्य संस्थानों में सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध होना जरूरी हैं। डॉक्टरों व अन्य पैरामेडिकल स्टाफ तथा एंबुलेंस आदि की कमी से यह स्वास्थ्य संस्थान एक तरह से रेफरल यूनिट ही साबित हो रहे हैं। विधानसभा के बजट सत्र में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण पर चर्चा में भाग लेते हुए जीतराम कटवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार ने स्वास्थ्य के लिए केवल 5.84 फीसदी बजट का प्रावधान किया है, जो नाकाफी है। यह 10 फीसदी से अधिक होना चाहिए। बजट की कमी से सिविल अस्पताल, सीएचसी और पीएचसी जैसे संस्थान लोगों के लिए सफेद हाथी ही साबित हो रहे हैं। क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में सीटी स्कैन और डायलिसिस मशीन अक्सर खराब रहती है। इसके चलते मरीजों को शिमला, हमीरपुर या टांडा की दौड़ लगानी पड़ती है।

**झंडूता में डॉक्टरों के 23 में से आठ पद खाली**



झंडूता में एक सिविल अस्पताल, दो सीएचसी और छह पीएचसी हैं। इनमें डॉक्टरों के कुल 23 में से आठ पद खाली हैं। पूरे क्षेत्र के लिए केवल एक 108 एंबुलेंस उपलब्ध है। सिविल अस्पताल और सीएचसी में कम से कम शिशु, महिला और मेडिसिन स्पेशलिस्ट होना जरूरी हैं, लेकिन ऐसा भी नहीं है। ग्रामीण इलाकों में हेल्थ सिस्टम चलाने वाली फीमेल हेल्थ वर्कर्स के 36 में से 11 पद खाली हैं। अस्पतालों में सफाई का विशेष ध्यान रखा जाना बेहद जरूरी है, लेकिन सफाई कर्मियों के 10 में से नौ पद खाली हैं। स्वास्थ्य संस्थानों में लैब टेक्निशियन होने भी बेहद जरूरी हैं।

# हाई मास्ट लाइट से जगमगाएगा सीर खड्ड पुल

### एनटीपीसी के सीएसआर विंग के माध्यम से 10 लाख रुपए से तैयार की लाइट

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**




एनटीपीसी के सीएसआर विंग के तहत 10 लाख से तैयार की हाई मास्ट लाइट।

मंगलवार को नगर परिषद घुमारवीं के तहत घुमारवीं में सीर खड्ड पर लगाई गई हाई मास्ट लाइट का लोकार्पण किया गया। इस मौके पर एनटीपीसी के सीएसआर विंग की सीनियर मैनेजर डॉक्टर अंजुला अग्रवाल विशेष रूप से मौजूद रही।

इस मौके पर उन्होंने बताया कि पिछले काफी समय से तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी के आदेशों पर एसडीएम घुमारवीं गौरव चौधरी के माध्यम से यहां पर हाई मास्ट लाइट लगाने का एक प्रपोजल आया था, जिसके बाद इस पर काम शुरू किया गया था। एनटीपीसी के सीएसआर विंग के माध्यम से करीब 10 लाख रुपए खर्च कर इस हाई मास्ट लाइट को यहां पर स्थापित किया गया है तथा आज इस हाई मास्ट लाइट को उन्होंने नगर परिषद के सुपुर्द किया। साथ ही उन्होंने बताया कि दो वर्ष तक इस हाई मास्ट लाइट की रखरखाव तथा देखभाल का कार्य कंपनी द्वारा किया जाता रहेगा, लेकिन दो साल बाद इसकी सारी जिम्मेदारी नगर परिषद की होगी। इसके साथ ही उन्होंने नगर परिषद को इस हाई मास्ट लाइट के चारों तरफ सुरक्षा के इंतजाम करने की भी एक बात कही। घुमारवीं में सीर खड्ड पर बने नए पुल पर लाइट न होने के कारण अक्सर अंधेरा रहता था, जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था लोगों की काफी समय से मांग थी कि पुल पर लाइट लगाई जाए और अब वह पूरी हो गई है। लोगों की समस्या को देखते हुए ही इस हाई मास्ट लाइट को यहां पर स्थापित किया गया है, जिसका आज लोकार्पण किया गया। इस लाइट के लगने से रात के समय पैदल तथा वाहन चालकों को पुल पर अंधेरा होने के कारण होने वाली दिक्कतों से छुटकारा मिल गया है। पुल पर अक्सर लावारिस पशुओं का जमघट भी लगा रहता है और लाइट न होने से घने अंधेरे के कारण कई बार वाहन चालकों को सड़क के बीच बैठे लावारिस पशु दिखाई नहीं देते थे, इस कारण अक्सर दुर्घटना का अंदेशा बना रहता था। स्ट्रीट लाइट लगने के बाद से लोगों की सभी दिक्कत अब दूर हो गई है। इस मौके पर नगर परिषद कार्यकारी अधिकारी पंकज धीमान मौजूद रहे।

**अव्यवस्था** नियमित सफाई न होने के कारण बस अड्डे के अंदर जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर

# घुमारवीं बस स्टैंड में सफाई व्यवस्था पटरी से उतरी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**



घुमारवीं बस स्टैंड में लगे गंदगी के ढेर।

घुमारवीं बस स्टैंड पर सफाई व्यवस्था पूरी तरह से पटरी से उतर चुकी है।

बस अड्डे में नियमित सफाई न होने के कारण बस स्टैंड के अंदर जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। वहीं, दूसरी तरफ निकासी नालियां भी गंदगी से अटी पड़ी हैं, जिससे हर तरफ दुर्गंध फैली रहती है। हालांकि यहां हजारों की संख्या में लोग आवाजाही करते हैं, लेकिन कोई सफाई व्यवस्था की सुध लेने को तैयार नहीं है। घुमारवीं बस स्टैंड में सफाई व्यवस्था कुछ इस तरह की हो गई है कि बस का इंतजार कर रहे लोगों को कचरे के ढेरों के पास खड़े होना पड़ता है। घुमारवीं में पिछले कुछ समय से सफाई व्यवस्था चरमरा गई है। बस स्टैंड में कूड़े के ढेर लगे हुए हैं, जिससे यात्रियों, बस संचालकों के साथ-साथ दुकानदारों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घुमारवीं बस स्टैंड में लगे इन कूड़े के ढेरों से न केवल दुर्गंध फैल रही है, बल्कि बीमारियों का खतरा भी बन गया है। कूड़े से उठ रही दुर्गंध के कारण लोगों को नाक ढक कर बस स्टैंड पर खड़ा होना पड़ता है। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि यह कूड़े के ढेर बस स्टैंड में पिछले कई दिनों से लगे हुए हैं, लेकिन इस और परिवहन विभाग के अधिकारियों का कोई ध्यान नहीं है। इस गंदगी से न केवल बाहर से आने वाले लोगों, बल्कि स्थानीय दुकानदारों और आम लोगों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि इसके बारे में विभागीय अधिकारी भली-भांति अवगत हैं, लेकिन कोई भी बस स्टैंड के अंदर सफाई व्यवस्था को बनाए रखने के लिए ध्यान देने को तैयार नहीं है।

बस स्टैंड के कूड़े को उठाने की व्यवस्था नगर परिषद के साथ तय की गई है, लेकिन पिछले कुछ समय से नगर परिषद कूड़ा नहीं उठा रहा है, जिससे यहां पर कूड़ा इकट्ठा हो गया है। नगर परिषद के अधिकारियों से बात हुई है उन्होंने जल्द ही इस कूड़े को यहां से उठाने की बात कही है।
**धर्म दत्त, बस अड्डा प्रभारी, घुमारवीं।**

# स्टूडेंट्स को भविष्य में सफल होने के लिए सकारात्मक रवैया अपनाने की जरूरत

### बिलासपुर कॉलेज में करियर काउंसलिंग प्लेसमेंट का आयोजन



राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में करियर काउंसलिंग प्लेसमेंट के आयोजन पर मौजूद स्टूडेंट्स।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर के करियर काउंसलिंग प्लेसमेंट सेल व अर्थशास्त्र विभाग की ओर से करियर काउंसलिंग विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इसमें स्नातक बीए अर्थशास्त्र , बीए हिंदी, बीए इतिहास, बीसीए, बीएससी फिजिक्स व पत्रकारिता के लगभग 90 स्टूडेंट्स ने भाग लिया। इस कार्यशाला में बद्दी यूनिवर्सिटी के डीन मैनेजमेंट डॉ. अरुण कांत ने विद्यार्थियों को भविष्य में विभिन्न करियर अवसरों से संबंधित विभिन्न जानकारियां दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को बताया कि स्नातक करने के बाद वह किन-किन जगहों पर करियर बना सकते हैं। विद्यार्थियों को भविष्य में सफल होने के लिए ज्ञान व कौशल अर्जित करने तथा सकारात्मक रवैया अपनाने की जरूरत है। करियर काउंसलिंग प्लेसमेंट सेल के संयोजक डॉक्टर सुरेंद्र सिंह ठाकुर ने भी विद्यार्थियों को भविष्य की तैयारी के बारे में जागरूक किया व समय प्रबंधन का महत्व समझाया और बताया कि किस तरह विद्यार्थी अपना लक्ष्य निर्धारित कर उसे पूरा कर सकते हैं। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के प्रोफेसर उपस्थित रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### अमन जिला सलाहकार समिति के सदस्य मनोनीत

**बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा के तहत ग्राम पंचायत मुछाली अमन शर्मा को नेहरू युवा केन्द्र संगठन में सरकारी सदस्य के तौर पर जिला सलाहकार समिति का सदस्य सरकार ने नॉमिनेट किया है। आपको बता दें की अमन शर्मा छात्र राजनीति में छात्र संगठन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से लंबे समय तक जुड़े रहे हैं एबीवीपी में पूर्ण कालिक कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते हुए यमुनानगर व पंचकुला जिला संगठन मंत्री के रूप में कार्य किया है, जिसके चलते अमन युवाओं के बीच में जाना-माना चर्चित नाम है और समय-समय पर युवा के हित के लिए कार्य करते रहते हैं। इस जिम्मेदारी के लिए अमन ने केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर व केंद्र सरकार और पूर्व मंत्री वीरेंद्र कंवर, भाजपा मंडल अध्यक्ष चरणजीत का भी धन्यवाद किया है।

### स्वास्थ्य जांच शिविर में 104 लोगों की जांच

**अंब।** सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम चिंतपूर्णी ने शुक्रवार को ग्राम पंचायत कुठियाडी में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की। डा. शशांक की अगुवाई में स्टाफ नर्स नीलम, लैब टैक्नीशियन वीरेन्द्र व राहुल पर आधारित टीम ने गांव में विभिन्न रोगों से पीड़ित 104 स्थानीय लोगों की स्वास्थ्य जांच की और मौके पर 42 मरीजों के अलग-अलग प्रकार के टैस्ट भी किए।

### आईटीआई ऊना में पांच मार्च को लगेगा रोजगार मेला

**ऊना।** आईटीआई ऊना में आगामी पांच मार्च को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में मैसर्ज़ टाटा मोटर्स लिमिटेड सनंद जीआईडीसी अहमदाबाद, मैसर्ज़ टीवीएस मोटर्स लिमिटेड नालागढ़ व मैसर्ज़ कांटिनेंटल ऑटोमोटिव ब्रेक सिस्टम इंडिया लिमिटेड मानेसर शामिल रहेंगी। आईटीआई प्रधानाचार्य ई अंशुल भारद्वाज ने बताया कि रोजगार मेले में फिटर, टर्नर, वैल्डर, इलैक्ट्रिशियन, मशीनिस्ट, टूल एंड ड्राई मेकर, मकैनिक ट्रैक्टर, मकैनिक डीज़ल, मकैनिक मोटर व्हीकल, इंस्ट्रूमेंट मकैनिक, इलैक्ट्रोनिक्स व प्लम्बर ट्रेडों में आईटीआइटी का कोर्स पूर्ण कर चुके अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। अभ्यर्थी की आयु 18 से 23 वर्ष के बीच होनी चाहिए। साक्षात्कार में सीधे नियुक्ति प्राप्त करने वाले अभ्यार्थियों को प्रदेश सरकार द्वारा निहित अर्धकुशल कारीगरों के समान वेतन देय होगा तथा प्रशिक्षण के लिए चयनित अभ्यार्थियों को अप्रिंटिसशिप एक्ट के तहत वृत्तिका देय होगी।

### गोंदपुर बनेहड़ा के लोगों ने विधायक का जताया आभार

**गोंदपुर बनेहड़ा।** विधायक चैतन्य शर्मा ने कुछ दिन पूर्व गोंदपुर बनेहड़ा के स्कूल में वार्षिक कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की थी, वहां पर स्थानीय स्कूल प्रशासन, पंचायत ने विधायक से गोंदपुर बनेहड़ा स्कूल को उत्कृष्ट पाठशाला का दर्जा देने, बड़ा हाल, शौचालयों का निर्माण करवाने, खेल के मैदान और चारदीवारी की मांग रखी थी। विधायक चैतन्य शर्मा ने विधानसभा सत्र के दौरान शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर से इन मांगों को शीघ्र पूरा करने का आग्रह किया है। विधायक ने विधानसभा क्षेत्र की अन्य मांगों को भी शिक्षा मंत्री के समक्ष रखा। इसके लिए गोंदपुर बनेहड़ा के आम जनमानस ने विधायक चैतन्य शर्मा का आभार व्यक्त किया है।

### हरवाल के छिन्नमस्तिका धाम में श्रीराम कथा एक मार्च से

**गोंदपुर बनेहड़ा।** गोंदपुर बनेहड़ा लो पंचायत के अंतगर्त हरवाल के छिन्नमस्तिका धाम मे एक मार्च से श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर बाबा श्री फकीरचंद जी महाराज और घाटी वाले महाराज जी के सानिध्य निधि में 108 कुंडीय शिव शक्ति रुद्र महायज्ञ का भी आयोजन किया जा रहा है। 29 फरवरी को हरवाल से शोभायात्रा भी निकाली जाएगी। इसका आयोजन समस्त गांववासियों द्वारा किया जा रहा है।

### पब्लिक में धुम्रपान करने पर साथ लोगों के चालान

**ऊना।** ऊना पुलिस ने सोमवार को खुले में सार्वजनिक स्थलों पर धुम्रपान करने वाले 7 लोगों के चालान किए हैं। पुलिस ने इनसे जुर्माने के रूप में 700 रूपए भी बरामद किए हैं। जानकारी के अनुसार पुलिस की दैनिक कार्रवाई में यातायात के नियम तोड़ने वाले 62 वाहनों के भी चालान किए गए जिनसे पुलिस ने मौके पर ही 12300 रूपए जुर्माना वसूल लिया। इसके अलावा पुलिस ने अवैध खनन में लिप्त दो वाहनों पर भी 15115 रूपए जुर्माना डाला है।

# गगरेट के ट्रांसपोर्टर पर कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी का केस

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना

जिले के दौलतपुर चौक स्थित एक पेट्रोल पंप मालिक की शिकायत पर गगरेट के चलेट निवासी ट्रांसपोर्टर पर धोखाधड़ी और जालसाजी का मामला दर्ज हुआ है। यह मामला न्यायालय के आदेशों के बाद गगरेट पुलिस स्टेशन में दायर किया गया है।



शिकायत के मुताबिक दौलतपुर चौक की महिला जो विश्वकर्मा फिलिंग स्टेशन के नाम से पेट्रोल पंप का संचालन करती है।

उसने शिकायत ने कहा है कि आरोपी ट्रांसपोर्टर द्वारा अपने दो ट्रकों में ईंधन भरवाया था। उसका करीब एक लाख पंद्रह हजार रुपए बकाया भुगतान बनता था। आरोपी द्वारा उसको 20 अप्रैल 2023 तिथि का एक चेक स्टेट बैंक ऑफ इंडिया गगरेट के नाम से दिया। इस चेक को जब खाते में लगाया गया तो उसमें बैंक की ओर से आपत्ति लगाकर वापिस भेज दिया गया। इसमें आपत्ति थी कि आरोपी के नाम से ऐसा कोई खाता नहीं है। यह चेक सही नहीं है। ऐसे में शिकायतकर्ता द्वारा अदालत में अपना पक्ष रखते हुए आरोपी के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज करने की सिफारिश की थी। अदालत ने गगरेट पुलिस को पत्र भेजकर इस मामले की छानबीन करके आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करने के आदेश दिए थे। मंगलवार को गगरेट पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आपराधिक धाराओं के तहत धोखाधड़ी और जालसाजी का मामला दर्ज किया है।

### अवैध खनन करने पर आठ वाहन जब्त

**ऊना।** स्थानीय सोमभद्रा नदी में बसाल के समीप अवैध खनन माफिया पर पुलिस ने कार्रवाई की है। आठ वाहनों को कब्जे में लिया गया है। पुलिस को शिकायत मिली थी कि सोमभद्रा नदी में मशीनरी से अवैध खनन किया जा रहा है। पुलिस ने मंगलवार तड़के नदी में दबिश दी तो वहां तीन जेसीबी बिना नंबर, टिप्पर संख्या एचपी 72सी-8076 व टिप्पर एचपी 72सी-7092 व दो ट्रैक्टर बिना नंबर जब्त किए हैं। इस मशीनरी मालिक के खिलाफ मामला भी दर्ज किया गया है।

### 1.46 ग्राम चिट्टे के साथ एक गिरफ्तार

**ऊना।** जिले में थाना चिंतपूर्णी के तहत थानिकपुरा में एक युवक के पास 1.46 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। आरोपी की पहचान पंकज कुमार निवासी वार्ड-3 निवासी गगरेट के तौर पर हुई। जानकारी के अनुसार थाना चिंतपूर्णी की टीम सोमवार देर शाम को थानिकपुरा में मुक्तसर वालों की धर्मशाला के निकट गश्त पर थी। इस दौरान एक युवक को पुलिस टीम ने शक होने पर रोका। इस दौरान युवक ने सड़क किनारे एक पॉलिथीन का लिफाफा फेंक दिया। पुलिस ने लिफाफे की जांच की तो उसमें 1.46 ग्राम हेरोइन पाई गई। पुलिस ने आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध गगरेट थाने में मादक द्रव्य अधिनियम की धारा 21 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

## नवोदय विद्यालय के स्टूडेंट्स को मिट्टी के परीक्षण का बताया महत्व



नवोदय विद्यालय डूंगरी में आयोजित जागरूकता शिविर में उपस्थित स्टूडेंट्स।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर

कृषि विभाग की महत्वाकांक्षी योजना मृदा (मिट्टी) स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित पायलट प्रोजेक्ट स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय डूंगरी में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया और मृदा पोर्टल पर इस विद्यालय का पंजीकरण भी किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए हमीरपुर के मृदा परीक्षण अधिकारी डॉ. अजय कुमार चोपड़ा ने बच्चों को मिट्टी के स्वास्थ्य और इसमें पाए जाने वाले विभिन्न पोषक तत्वों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि जमीन से अच्छी पैदावार प्राप्त करने के लिए किसानों को मिट्टी के स्वास्थ्य के बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए और इसके लिए मिट्टी का परीक्षण बहुत जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के स्टूडेंट्स और शिक्षकों को मिट्टी के नमूने लेने और मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना के बारे में भी तकनीकी जानकारी दी गई। उपपरियोजना निदेशक डॉ. राजेश शर्मा ने भी स्टूडेंट्स और शिक्षकों को मृदा स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं से अवगत करवाया, जबकि, कृषि प्रसार अधिकारी डॉ. अंशिता शर्मा ने मिट्टी के नमूने लेने की विधि समझाई। कार्यक्रम में विद्यालय के लगभग 45 स्टूडेंट्स और छह शिक्षकों ने भाग लिया।

## क्षेत्रीय अस्पताल में दिन में भी चालू रहती है फ्लड लाइट

अनंत ज्ञान, ऊना

रात का अंधेरा भी नहीं है और दिन में खराब रोशनी भी नहीं, लेकिन ऊना के क्षेत्रीय अस्पताल में फ्लड लाइट जल रही हैं। कई दिनों से यह लाइट दिन के समय में भी जलती रहती है। इसको जब अनंत ज्ञान टीम ने मंगलवार को सुबह दस बजे के करीब देखा तो यह लाइट जली हुई थी।

पवन कुमार, सुभाष चंद समेत कई लोगों ने बताया कि यह लाइट काफी दिनों से दिन के समय में भी जलती रहती है। यह बिजली का दुरुपयोग तो है साथ ही स्वास्थ्य विभाग पर भी अतिरिक्त वित्तीय बोझ है। उधर सीएमओ डॉ. एसके वर्मा ने बताया कि उन्हें इसकी कोई जानकारी नहीं है और अब मामला संज्ञान में आया है तो इसकी छानबीन करके उचित कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



ऊना के क्षेत्रीय अस्पताल में भवन पर दिन के समय जलती फ्लड लाइट लाल घेरे में।

## लोगों को बैंक की योजनाओं की दी जानकारी

अनंत ज्ञान टीम, ऊना

उपमंडल बंगाणा के तहत कांगडा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा लठियाणी ने नाबार्ड द्वारा प्रायोजित वित्तीय साक्षरता कैंप का आयोजन किया गया। मगंलवार को इस शिविर में बैंक के डेलिगेट बालक राम शर्मा प्रधान जोगिंद्र कुमार, उप प्रधान निर्मल ठाकुर तथा जिला परिषद सत्या देवी सहित ग्रामीण मौजूद रहे। प्रबंधक राकेश ठाकुर ने लोगों से आग्रह किया कि जिन ग्राहकों के बैंक में खाते हैं वह अपना एटीएम बैंक से प्राप्त करें व अपना पशु क्रेडिट कार्ड और किसान क्रेडिट कार्ड अवश्य बनवाएं। शिविर में ऑनलाइन फ्रॉड से बचने की जानकारी भी दी गई।

**वहीं,** कांगड़ा केंद्रीय सरकारी बैंक सीमित शाखा झलेड़ा द्वारा वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन दी बसाल लोअर कृषि सेवा सहकारी सभा के प्रांगण में किया गया। इस मौके पर बैंक शाखा प्रबंधक हरमिंद्र सिंह एवं सीनियर क्लर्क सुषमा देवी ने लोगों को बैंक द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने लोगों को एटीएम साइबर क्राइम के बारे में भी बताया। इस मौके पर सभा प्रधान किशन चंद व सभा सचिव जगदेव सिंह व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

**इधर,** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक समिति शाखा दुलैहड़ द्वारा वित्तीय साक्षरता कैंप का आयोजन ग्राम पंचायत हीरा में किया गया। शिविर में करीब 70 लोगों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्यतिथि के रूप में प्रधान बलजीत कौर ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। बैंक मैनजर कुलदीप सिंह माहल ने लोगों को बैंक की भिन्न-भिन्न ऋण संबंधी योजनाओं और बचत योजना के बारे जागरूक किया। उन्होंने लोगों को फ्रॉड कॉल से बचाव के टिप्स भी दिए। इस मौके पर पूजा देवी, अनुष्का, आदि उपस्थिति रहे।




शिविर में हिस्सा लेने वाले सदस्य बैंक अधिकारियों के साथ।

## घनारी में धार्मिक समागम तीन मार्च को

**दौलतपुर चौक।** गगरेट विधानसभा क्षेत्र के तहत गांव घनारी वार्ड नंबर-तीन में हर साल की तरह इस साल भी तीन मार्च को गुरु रविदास महाराज की 647वीं जयंती मनाई जाएगी। गुरु रविदास सभा घनारी के प्रधान हरपाल सिंह, उप प्रधान किरण कुमार सचिव राम पाल, नरेश कुमार, गुरदीप सिंह, अमरजीत, रवि, अमन कुमार ने बताया कि दो मार्च को गुरु रविदास महाराज जी की शोभायात्रा निकाली जाएगी। तीन मार्च को पूजा अर्चना के साथ निशान साहिब चढ़ाने की रस्म अदा की जाएगी। कीर्तन दरबार में परमजीत सिंह सांपला तलवाड़ा वाले गुरु रविदास जी की महिमा का गुणगान करेंगे। इस दौरान भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। उन्होंने लोगों से इस धार्मिक समारोह में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आग्रह किया।

# माइनस 25 डिग्री तापमान में बर्फ के बीच शादी के बंधन में बंधा गुजराती जोड़ा

कमलेश वर्मा, काजा

शीत मरुस्थल जनजातीय जिला लाहुल स्पीति में एक एक अनूठी शादी हुई है, जोकि सभी के लिए चर्चा का विषय बन गई है। दरअसल, गुजरात का एक प्रेमी जोड़े ने स्पीति में माइनस 25 डिग्री तापमान में बर्फ के बीच अग्नि को साक्षी मानकर सात फेरे लेकर एक अनूठा रिकॉर्ड बनाया है। यही नहीं इन्होंने लॉगेस्ट रोड़ ट्रिप वेडिंग एक्सपीडिशन का रिकॉर्ड भी दर्ज किया है, जिसके लिए इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स ने इस दनोति को सर्टिफिकेट भी दिया है। इस शादी में दुल्हन गुजरात राज्य से संबध रखती है, लेकिन अब रहते मुंबई में हैं, जबकि दूल्हा रंजीत श्रीनिवास केरल राज्य का रहने वाला है, जोकि दुबई में कारोबार करते हैं।



शादी के बंधन में बंधने वाला दंपती जोड़ा।

**लॉगेस्ट रोड़ ट्रिप वेडिंग एक्सपीडिशन का रिकॉर्ड दर्ज, इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स्र ने दिया दंपति को सर्टिफिकेट**

दुल्हन आर्या बूरा ने जानकारी देते हुए बताया कि वह स्पीति में 2021 और 2023 में अपनी थार जिसे शेरनी कहते हैं उसमें यहां सोलो ट्रेवलर के तौर पर आई थी। स्पीति घाटी की सुंदरता उन्हें बेहद पसंद आई। उन्होंने बताया कि दोनों 13 सालों से एक दूसरे के साथ रिलेशनशिप में थे। मुंबई में जब दोनों ने रिंग सेरेमनी की थी तो उसी समय स्पीति शादी करने का फैसला लिया था। स्पीति में ही डेस्टिनेशन वेडिंग करने का प्रस्ताव घर वालों के सामने रखा तो घर वालों को मनाना काफी चुनौतियों भरा था। बूरा के पति दुबई में कारोबार करते हैं, वे दुबई में शादी करने के इच्छुक थे जबकि उनका परिवार केरल में शादी करवाना चाहता था। वहीं, आर्या का परिवार गुजरात में शादी करने के पक्ष में था। लेकिन आर्या बूरा स्पीति में शादी करना चाहती थी। उसने दोनों परिवारों को इस शादी के लिए मनाया। दोनों बर्फ में मंडप लगाकर 26 फरवरी को सारी रस्में हिंदू रीति रिवाज से पूरी करना चाहते थे। इसके लिए लांगचा और अन्य स्थानों पर शादी करने की चर्चा कर रहे थे लेकिन बर्फ कम होने के कारण मूरंग में शादी करने का फैसला किया। बुरा ने बताया उन्होंने सारे अरेंजमेंट वेडिंग प्लानर के साथ मिलकर स्वयं किए। जब शादी हो रही थी तो हल्का हल्का हिमपात हो रहा था। मुझे बेहद खुशी है कि जिन पहाड़ों से प्यार करती हूं उन्हीं पहाड़ों के साथ मैंने अपने जीवन की शुरुआत की। रंजीत श्रीकांत ने कहा कि यह सपना आर्या बूरा का था, जो यहां आकर पूरा हुआ है। मैं इस खुशी को शब्दों में बयान नहीं कर सकता। लिहाजा, स्पीति घाटी में एक ऐसा विवाह हुआ है जोकि सभी के लिए चर्चा का विषय बना है। (अनंत ज्ञान)

## विपक्षी गठबंधन करेगा मोदी के चार सौ के घमंड को चूर: जगत राम

**ऊना।** राष्ट्र इंटक के संगठन सचिव व स्व. जगजीवन राम के समता आंदोलन के वरिष्ठ उपप्रधान कामरेड जगत राम शर्मा ने मोदी सरकार पर घमंड की राजनीति करने का आरोप जड़ा है। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन इस घमंड को चूर करेगा। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन का लगभग एक-दो प्रदेशों को छोड़कर सीटों का बंटवारा हो रहा है। चुनाव की तिथि घोषित होने पर मोदी का करिश्मा टूटना शुरू हो जाएगा। देश का मजदूर, किसान, कर्मचारी, गरीब व आम जनता इस ही ताक पर बैठे हैं। मोदी ने अपने प्रधानमंत्री काल में एक भी वायदा पूरा नहीं किया, केवल शगूफे ही छोड़े हैं। न 15 लाख का वायदा पूरा हुआ और न ही साल में 2 करोड़ नौकरियां दी गई। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार पूंजीपतियों की सरकार है और उनके पक्ष में ही नीतियां बनती हैं। ऐसे में एनडीए गठबंधन की हार निश्चित है।

# आगे बढ़ने के लिए लक्ष्य निर्धारित करना अति आवश्यक: राज कुमार

अनंत ज्ञान, ऊना

**खड्ड कॉलेज में एनएसएस कैंप के 5वें दिन छात्रों ने किया श्रमदान**



नारा लेखन प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी अन्य गणमान्यों के साथ।

राजकीय महाविद्यालय खड्ड में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के पांचवें दिन की शुरुआत ग्रुप लीडर्स रिया द्वारा मां सरस्वती पूजन, वंदना व गणेश स्तुति से हुई। मंगलवार को चौथे दिवस की रिपोर्ट रूबी द्वारा प्रस्तुत की गई। तत्पश्चात रिया द्वारा प्रस्तुत आज का विचार 'यदि तुम सूरज की तरह चमकना चाहते हो तो पहले सूरज की तरह जलना सीखो' पर चर्चा हुई। वेबी, निकिता शर्मा, वंदना, गुरबख्श, अंजलि, मोहित, पर्व, शिवानी, रोमिता, तनिक्षा, रितिका, सुनैना, स्वयंसेवियों ने इस विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए।

तत्पश्चात मतदाता जागरूकता अभियान को मध्यनजर रखते हुए नारा लेखन प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें सभी स्वयंसेवियों ने भाग लिया। कार्यक्रम अधिकारी डॉक्टर आरती ने विद्यार्थियों द्वारा लिखे गए नारों को लेकर अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि हमारा वोट बहुत कीमती है हमें योग्य व्यक्ति को अपना मत देना चाहिए। चाय पान के पश्चात स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर लगाए गए पौधों को संबारा तथा उन्हें खाद व पानी दिया तथा स्वच्छता अभियान चलाया। बौद्धिक सत्र में मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित डॉ. राजकुमार शर्मा ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कहा कि आगे बढ़ने के लिए लक्ष्य निर्धारित करना अति आवश्यक है। उन्होंने उद्देश्य को पाने के लिए महत्वपूर्ण टिप्स दिए। आज का वक्तव्य विद्यार्थियों के लिए बहुत ही प्रेरणादाई रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र शर्मा ने मुख्य वक्ता को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। स्वयंसेविका अंजलि ने मंच संचालन किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर रविराज तथा प्रोफेसर वीरेंद्र, हरीश शर्मा तथा आशा देवी भी कार्यक्रम में उपस्थित रही ।

# प्रदीप को सर्वश्रेष्ठ एथलीट का खिताब

अनंत ज्ञान, अंब



विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते गणमान्य।

राजकीय महाविद्यालय चौकीमंयार में तीसरी वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डा. बलविंद्र सिंह राणा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और खेल प्रतियोगिता का विधिवत शुभारंभ किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य ने बच्चों से आहवान किया कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में बढ चढ़कर भाग लें। इस दौरान महाविद्यालय के सभी यूनिटों के सदस्यों ने मार्च पास करते हुए मुख्यातिथि को सलामी दी। इस दौरान प्रधानाचार्य मनोहर लाल व अन्य स्टाफ सदस्यों ने भी शिरकत की। इस प्रतियोगिता के तकनीकी पक्ष को अंब कॉलेज के शारीरिक विभाग के सहायक आचार्य प्रो. पवन पटियाल की देखरेख में आयोजित किया गया। एथलेटिक्स मीट में पुरूष वर्ग में प्रदीप कुमार ने एवं महिला वर्ग में शहनाज ने सर्वश्रेष्ठ एथलीट का खिताब जीता।

## इस प्रकार रहे खेलों के परिणाम

**100 मीटर** की रेस में पुरूष वर्ग में पहला स्थान पंकज और दूसरा स्थान रोहित व तीसरा स्थान आयुष ने, जबकि महिला वर्ग में पहला स्थान शहनाज, दूसरा स्थान चांदनी ठाकुर व तीसरा स्थान दिशा ने प्राप्त किया।

**200 मीटर** रेस में पुरूष वर्ग में पहला स्थान पंकज, दूसरा स्थान प्रदीप व तीसरा स्थान रोहित ने, जबकि महिला वर्ग में पहला स्थान चांदनी दूसरा स्थान शहनाज व तीसरा स्थान प्रियंका ने प्राप्त किया।

**400 मीटर** रेस में पुरूष वर्ग में पहला स्थान प्रदीप दूसरा पंकज व तीसरा स्थान रोहित ने, जबकि महिला वर्ग में पहला स्थान शहनाज, दूसरा चांदनी व तीसरा रितिका ने प्राप्त किया।

**लंबी कूद** प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में पहला स्थान प्रदीप, दूसरा शिवम व तीसरा स्थान पंकज ने, जबकि महिला वर्ग में पहला स्थान निशु ठाकुर, दूसरा स्थान शहनाज व तीसरा स्थान चांदनी ने प्राप्त किया।

**शॉटपुट** प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में पहला स्थान विनेश, दूसरा प्रदीप व तीसरा स्थान शिवम ने, जबकि महिला वर्ग में पहला स्थान साक्षी, दूसरा पलक व तीसरा स्थान मीना ने प्राप्त किया।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हिमाचल को लगातार दे रहे सौगातें : राजेंद्र

**बंगाणा।** कुटलैहड़ भाजपा नेता राजेंद्र मलांगड़ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बीते रविवार को गुजरात के राजकोट से हिमाचल प्रदेश के तीन क्रिटिकल केयर ब्लॉक का ऑनलाइन शिलान्यास करने पर आभार व्यक्त किया है।



उन्होंने कहा कि जिला ऊना, कांगड़ा के टांडा और मंडी के नेरचौक मेडिकल कालेज में बनने वाले इन तीन ब्लॉक पर 17.36 करोड़ प्रत्येक पर खर्च होंगे। एक ब्लॉक में छह फ्लोर का भवन बनेगा, जिसमें 50 बेड की सुविधा होगी। केंद्र सरकार लगातार बिना किसी भेदभाव के उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए हिमाचल को करोड़ों की धनराशि उपलब्ध करवा रही है। उन्होंने ऊना से हरिद्वार के लिए चलाए जाने वाली रेल के लिए केन्द्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर का भी आभार व्यक्त किया। राजेंद्र ने प्रधानमंत्री मोदी का इस सौगात के लिए आभार जताया।

**चुनाव** — विधानसभा चुनावों के बाद हमीरपुर संसदीय क्षेत्र बना था कांग्रेस का मजबूत किला

# कांग्रेस के गढ़ में भाजपा का चुनावी बिगुल

राजेश शर्मा, ऊना

**लोकसभा चुनावों को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने झोंकी ताकत**

**जनसंपर्क अभियान जारी, उम्मीदवार के नाम को लेकर हवाई अटकलें**



विधानसभा चुनावों के बाद कांग्रेस के प्रभाव वाले हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में भाजपा ने लोकसभा चुनावों को लेकर अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा की ओर से इस क्षेत्र में अपना प्रचार अभियान तेज कर दिया गया है। पार्टी की ओर से अब तक उम्मीदवार के नाम तय नहीं हुए हैं, लेकिन भाजपा प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे को लेकर विकसित भारत मुद्दे के साथ जनसंपर्क अभियान में जुट गई है। भाजपा के सभी सहयोगी संगठनों ने भी अपनी पूरी ताकत झोंक दी है।

आम चुनाव 2024 में हमीरपुर संसदीय सीट पर बढ़ी सियासी हलचल से साफ है कि भाजपा मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के गृह क्षेत्र में हर हाल में कांग्रेस को बैकफुट पर लाने के लिए कोई कोर कसर बाकी छोड़ने वाली नहीं है। इस संसदीय क्षेत्र में कांग्रेस ने विधानसभा चुनावों में जोरदार प्रदर्शन किया था और भाजपा के कई धुरंधर नेताओं को पटखनी दी थी। भाजपा अब आम चुनाव में कम बैक करने का अच्छा अवसर देख रही है। हालांकि, इस संसदीय क्षेत्र में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर की उम्मीदवारी को लेकर दावेदारी पुख्ता है, लेकिन सियासी जानकार यहां कई तरह के कयास भी लगा रहे हैं। हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में रेल और रेल विस्तार के मुद्दे हमेशा हावी रहे हैं। ऊना जिले में रेल नेटवर्क तो बढ़ा है लेकिन ऊना से हमीरपुर बहुचर्चित रेल रूट प्लान का कुछ खास नहीं हो पाया है। ऐसे में यहां इस दफा भी भाजपा द्वारा शुरू किए गए अभियान में अभी तक केंद्र सरकार की उपलब्धियां और प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे को आगे रखकर जनता के बीच मुख्य बिंदु प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

भाजपा की ओर से इस संसदीय क्षेत्र में जिस तरह से प्रधानमंत्री की ऑनलाइन शिलान्यास और लोकार्पण कराए गए हैं इससे साफ है कि भाजपा नेतृत्व यहां चुनाव आचार संहिता लागू होने से पहले पूरा दमखम लगाकर माहौल तैयार करने लगी है। उम्मीदवार बदले जाने की कयास भी हवा हवाई प्रतीत हो रहे हैं और चुनाव तक भाजपा नेता यहां ऐसा मजबूत आधार बनाकर देने जा रहे हैं, जिसके कारण यहां भाजपा उम्मीदवार की राह पूरी तरह आसान हो जाए। संसदीय क्षेत्र में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के अलावा राज्यसभा सांसद प्रोफेसर सिकंदर कुमार और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सतपाल सिंह सत्ती भी मैदान में भाजपा की चुनाव पूर्व प्रचार की गति को तेज कर रहे हैं। भाजपा हिमाचल में हमीरपुर संसदीय सीट को पहले सेफ मानते हुए चुनाव में आती रही है, लेकिन इस दफा राज्य सरकार का प्रभाव इस सीट पर सबसे अधिक है। राज्य के मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और नए मंत्री राजेश धर्माणी की प्रतिष्ठा भी इस क्षेत्र के चुनावी समीकरणों को प्रभावित कर सकती है। ऐसे में भाजपा द्वारा विधानसभा चुनावों के बाद कांग्रेस के इस मजबूत किले को भेदने के लिए उम्मीदवार के चेहरे से अधिक प्रधानमंत्री मोदी के चेहरे को आगे रखा जा रहा है। यहां तक कि भाजपा की ओर से जय श्री राम और राम मंदिर निर्माण के जुड़े स्लोगन प्रचार व दीवार लेखन में देखे जा रहे हैं। इससे यह भी स्पष्ट है कि भाजपा नेतृत्व इस संसदीय क्षेत्र को फिर से केसरिया लहराने में कोई कमी छोड़ने वाली नहीं है। उधर, प्रदेश भाजपा सचिव सुमित शर्मा का कहना है कि उम्मीदवारी पर कोई संशय नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश की जो दिशा मिली है यह सब जानते हैं। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### डब्ल्यूसीएल में खेलने को एक्साइटेड हूं : युवराज



**नई दिल्ली।** लेजेंड्स वर्ल्ड चैंपियनशिप (डब्ल्यूसीएल) में हिस्सा लेने को लेकर दिग्गज खिलाड़ियों में उत्साह नजर आया। पूर्व खिलाड़ी युवराज सिंह ने कहा कि वह फील्ड पर फिर से पैशन के साथ क्रिकेट खेलने को लेकर एक्साइटेड हैं। डब्ल्यूसीएल के साथ अब टोयम स्पोर्ट्स लिमिटेड ने पार्टनरशिप की है। लीग में पैसिफिक स्टार स्पोर्ट्स की भी हिस्सेदारी है। डब्ल्यूसीएल को लेकर युवराज सिंह बोले, ''मैं अपने क्रिकेट पैशन को फिर से जीने और अपना एक्सपीरियंस फील्ड पर उतारने के लिए उत्साहित हूं। पूर्व क्रिकेटर्स के रूप में मैं दर्शकों को एक बार फिर मैदान तक लाने की पूरी कोशिश करुंगा।''

### दिल्ली कैपिटल्स की गेंदबाज अरुंधति पर लगाया जुर्माना



**बेंगलुरु।** दिल्ली कैपिटल्स की तेज गेंदबाज अरुंधति रेड्डी पर यूपी वॉरियर्स के खिलाफ यहां खेले गए मैच के दौरान महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) की आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। इस 26 वर्षीय खिलाड़ी ने सोमवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स की यूपी वॉरियर्स के खिलाफ नौ विकेट से जीत में एक विकेट लिया था। डब्ल्यूपीएल ने बयान में कहा, ''दिल्ली कैपिटल्स की अरुंधति रेड्डी पर यूपी वारियर्स के खिलाफ सोमवार को एम चिन्नस्वामी स्टेडियम में खेले गए मैच के दौरान डब्ल्यूपीएल आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।''

### हॉकी इंडिया की सीईओ एलेना नॉर्मन ने दिया इस्तीफा



**नई दिल्ली।** लंबे समय तक हॉकी इंडिया की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) रही एलेना नॉर्मन ने पिछले कुछ महीनों से बकाया राशि का भुगतान नहीं होने के कारण अपने पद से त्यागपत्र दे दिया है। राष्ट्रीय महासंघ के सूत्रों ने पीटीआई को यह जानकारी दी। ऑस्ट्रेलिया की रहने वाली नॉर्मन लगभग 13 वर्ष से यह पद संभाल रही थी और उन्हें पिछले तीन महीने से भुगतान नहीं किया गया है। नॉर्मन का त्यागपत्र भारतीय महिला हॉकी टीम की मुख्य कोच यानेक शोपमैन के उस बयान के कुछ दिनों बाद आया है, जिसमें उन्होंने दावा किया था कि राष्ट्रीय महासंघ उन्हें महत्व नहीं देता और उनका सम्मान नहीं करता।

### नामीबिया के लॉफ्टी-ईटन ने टी-20 में जड़ा सबसे तेज शतक



**कीर्मिपुर (नेपाल)।** नामीबिया के लॉफ्टी-ईटन ने पुरुष टी-20 में सबसे तेज शतक जड़ कर नया रिकॉर्ड कायम किया है। नामीबिया के बल्लेबाज जान निकोल लॉफ्टी-ईटन ने नेपाल के खिलाफ सिर्फ 33 गेंदों पर शतक लगाया। इस दमदार पारी के दम पर वह टी-20 में इस मुकाम तक पहुंचने वाले सबसे तेज खिलाड़ी बन गए। लॉफ्टी-ईटन ने मेजबान नेपाल टीम के खिलाफ त्रिकोणीय टी-20 श्रृंखला के पहले टी-20 में यह उपलब्धि हासिल की। नेपाल के खिलाफ 11वें ओवर में नामीबिया एक समय मुश्किल में थी। टीम ने 62 रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे। यहीं से निकोल लॉफ्टी-ईटन ने मोर्चा संभाला और आक्रामक स्ट्रोक्स की झड़ी लगा दी। लॉफ्टी-ईटन की पारी के दम पर नामीबिया को 200 के पार पहुंचने में मदद मिली। 11 चौकों और आठ छक्कों की मदद से निकोल लॉफ्टी-ईटन ने सिर्फ 36 गेंदों पर 101 रन बनाए 33वीं गेंद पर वह एक चौके के साथ शतक के आंकड़े तक पहुंचे। पुरुषों के टी-20 में पिछला सबसे तेज शतक नेपाल के कुशल मल्ला के नाम था। उन्होंने पिछले साल मंगोलिया के खिलाफ 34 गेंदों शतक लगाया था।

# टेस्ट मैच के बाद धर्मशाला में होंगे आईपीएल मैच

## एचपीसीए का विश्व कप से बढ़िया तैयारी का दावा, मिल सकती है मई में आईपीएल की मेजबानी

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**



भारत-इंग्लैंड के बीच एचपीसीए स्टेडियम में होने वाले वाले टेस्ट मैच को लेकर प्रबंधन विश्व कप के स्तर की तैयारियों का दम भर रहा है। दावा यह भी है कि इस बार वरमूडा घास की बढ़िया लुक के अलावा बेहतरीन आऊटफिल्ड भी दोनों देशों के खिलाडिंयों को मिलेगी। बता दें कि विश्व कप 2023 के मुकाबलों में 5 मैचों की मेजबानी करने वाले धर्मशाला के मैदान की आऊटफिल्ड की काफी अलोचना हुई थी तो ऐसे में एचपीसीए इस पर पूरी तरह ध्यान दे रही है।

वहीं एचपीसीए सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मई माह क दूसरे सीजन के आईपीएल मैचों की मेजबानी भी धर्मशाला को मिलने की संभावना है तथा यहां मई माह में आईपीएल मुकाबले देखने को मिल सकते हैं। यहां बताते चलें कि टेस्ट मैच को लेकर 3 मार्च को दोनों टीमें गग्गल स्थित कांगड़ा एयरपोर्ट से सुरक्षा के बीच अपने होटलों में पहुंचेगी तथा अगले 3 दिन अभ्यास करेंगी। होटलों में विश्व की दोनों मजबूत टीमों की मेजबानी को लेकर तैयारियां की गई हैं तो वहीं इस दौरान रोमांच के शौकीन खिलाड़ी धौलाधार की तलहट्टी में बसे सुंदर पर्यटन नगर धर्मशाला की सैर को भी निकल सकते हैं तथा इसके लिए पुलिस पहले से ही तैयार है। एचपीसीए से मिली जानकारी के अनुसार 20000 सीटों वाले स्टेडियम में होने वाले मैच की टिकटों के आंकड़ों की अभी जानकारी नहीं है तथा उम्मीद है कि टेस्ट मैच देखने को लोगों में जोश दिखाई देगा। (अनंत ज्ञान)

### हमारी तैयारियां बेहतरीन : संजय

**इस** बारे में जानकारी देते हुए एचपीसीए सचिव संजय शर्मा ने बताया कि इस बार विश्व कप की तैयारियों से भी बेहतर हैं। उन्होंने कहा कि विश्व कप के आयोजन के दौरान आऊटफिल्ड जैसी शिकायतों को देखते हुए इन पर ज्यादा ध्यान दिया गया है ताकि कोई असुविधा न हो। उन्होंने बताया कि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, धर्मगुरु दलाईलामा तथा बीसीसीआई सचिव जय शाह समेत कई बड़ी हस्तियों को न्यौता दिया गया है। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि हमेशा की तरह क्रिकेट प्रेमियों में धर्मशाला में मैच होने को लेकर जोश नजर आएगा तथा काफी संख्या में लोग देश भर से मैच देखने को पहुंचेंगे।

### पुलिस तैयार कर रही प्लान : एएसपी

**धर्मशाला** स्थित एएसपी कांगड़ा हितेश लखनपाल ने बताया कि मुकाबलों को लेकर पार्किंग तथा लॉ एंड आर्डर को लेकर अतिरिक्त पुलिस बल को तैनात किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से आह्वान किया कि विश्व कप के दौरान हुए मुकाबलों की तरह इस बार भी सहयोग दें, ताकि किसी को भी कोई असुविधा न हो।

### धर्मशाला में कमाल, तो ऐसे पहले बल्लेबाज होंगे जायसवाल

**पांच** टेस्ट मैच की सीरीज का आखिरी मुकाबला धर्मशाला स्थित हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में 7 मार्च से खेला जाना है। खास बात यह कि यशस्वी जायसवाल के पास इतिहास रचने का मौका होगा। जायसवाल धर्मशाला में टेस्ट सीरीज में अपने रनों की संख्या 800 तक पहुंचा सकते हैं। यदि वह ऐसा करने में सफल रहे तो एक टेस्ट सीरीज में 800 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले पहले भारतीय बन जाएंगे। यशस्वी को यह मुकाम छूने के लिए 145 रन की जरूरत है।

# न्यूजीलैंड के गेंदबाज नील ने टेस्ट क्रिकेट से लिया संन्यास

**एजेंसी, वेलिंगटन (न्यूजीलैंड)**



न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज नील वैगनर ने 37 साल की उम्र में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। दक्षिण अफ्रीका में जन्मे वैगनर ने न्यूजीलैंड की तरफ से 64 टेस्ट मैच खेले, जिनमें उन्होंने 37 की औसत से 260 विकेट लिए। वह न्यूजीलैंड की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में पांचवें नंबर पर हैं। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू होने वाले पहले टेस्ट मैच के लिए न्यूजीलैंड की टीम में जगह मिलने की संभावना नहीं थी और उन्होंने पांच दिवसीय प्रारूप से संन्यास लेने की घोषणा कर दी।

वैगनर ने 2012 में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया था तथा वह न्यूजीलैंड के सबसे सफल दौर में टीम का अहम हिस्सा रहे। उन्होंने टीम को 2022 में विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वैगनर ने जो 64 टेस्ट मैच खेले उनमें से न्यूजीलैंड ने 34 में जीत दर्ज की।

वैगनर ने मंगलवार को कहा,''यह सप्ताह भावनात्मक रहा। उस चीज से दूर जाना आसान नहीं होता है जिसने आपको इतना कुछ दिया हो, लेकिन अब दूसरों को मौका देने और टीम को आगे बढ़ाने का समय है। मैंने न्यूजीलैंड की तरफ से टेस्ट क्रिकेट के प्रत्येक पल का पूरा लुत्फ उठाया तथा हमने टीम के रूप में जो कुछ हासिल किया उस पर मुझे गर्व है।''

# सऊदी लीग मैच में क्रिस्टियानो रोनाल्डो के आपत्तिजनक इशारे के कारण उठा बवाल

**एजेंसी, रियाद**




दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो सऊदी प्रो लीग में दर्शकों की तरफ कथित आपत्तिजनक इशारा करने के कारण विवादों में फंस गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार उनके इस व्यवहार की जांच की जा रही है।

सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में रोनाल्डो को अपने कान पकड़ते हुए और बार-बार अपनी श्रोणि के पास हाथ ले जाते हुए दिखाया गया है। ऐसा लगता है कि रोनाल्डो इस तरह का आपत्तिजनक इशारा करके अपनी टीम अल नासर की प्रतिद्वंद्वी टीम अल शबाब के समर्थकों को चिढ़ा रहे हैं। यह घटना रविवार को खेले गए मैच के दौरान हुई, जिसमें अल नासर ने अल शबाब को 3-2 से हराया। इस वीडियो में दर्शकों को 'मेसी मेसी' के नारे लगाते हुए सुना जा सकता है। अर्जेंटीना के सुपरस्टार लियोनेल मेसी लंबे समय से पुर्तगाल के खिलाड़ी रोनाल्डो के प्रतिद्वंद्वी रहे हैं। यह घटना हालांकि टेलीविजन के कैमरों में कैद नहीं हुई है, लेकिन 39 वर्षीय रोनाल्डो की कड़ी आलोचना हो रही है। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार सऊदी अरब फुटबॉल महासंघ इस घटना की जांच कर रहा है। रोनाल्डो को निलंबित किया जा सकता है। अल नासर का अगला मैच गुरुवार को होगा।

# शमी के टखने का ऑपरेशन आईपीएल से हो सकते हैं बाहर

**एजेंसी, नई दिल्ली**



भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी के बायें टखने (अकिलीज टेंडन) का सफल ऑपरेशन हुआ है जिसके कारण उनका अगले महीने से शुरू होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से बाहर रहना तय है। इस कारण से वह जून में होने वाले टी-20 विश्व कप से भी बाहर रह सकते हैं। इस 33 वर्षीय गेंदबाज ने पिछले साल वनडे विश्व कप में भारत को फाइनल में पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई थी। उनका सोमवार को लंदन में ऑपरेशन किया गया। शमी को फिट होने में तीन महीने का समय लग जाएगा। आईपीएल 22 मार्च से शुरू हो रहा है। इसके बाद वेस्टइंडीज और अमेरिका में टी-20 विश्व कप होगा।

शमी ने अस्पताल में अपनी कई तस्वीरों को साझा करते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''अभी मेरे अकिलीज टेंडन का सफल ऑपरेशन हुआ है। इससे उबरने में समय लगेगा लेकिन मैं फिर से अपने पांवों पर खड़े होने के लिए उत्सुक हूं।''

# आकाश दीप को परिस्थितियों ने लड़ना सिखाया : कोच

**रांची।** तेज गेंदबाज आकाश दीप के कोच सौराशीष लाहिरी का कहना है कि आकाश में भारत के लिए तीनों फॉर्मेट में खेलने की क्षमता और हुनर है। वह कहते हैं कि वह कभी हार न मानने वाला जुझारू गेंदबाज है। उसे परिस्थितियों ने लड़ना सिखाया है। आकाश ने रांची टेस्ट में इंग्लैंड की पहली पारी में तीन अहम विकेट लिए थे।




सौराशीष ने आकाश का संघर्ष बताते हुए कहते हैं कि उसकी फैमिली में बहुत कुछ हुआ है। उसके पापा छोड़कर चले गए। इसके छह महीनों बाद ही बड़े भैया का भी देहांत हो गया। ऐसे में सारी जिम्मेदारी उसके कंधों पर आ गई। कोच ने आकाश के प्रदर्शन पर कहा कि हमें पता था कि वह इसी तरह की बॉलिंग करेगा। वह हमेशा से इसी तरह की बॉलिंग करता है। जैसा उसका स्टाइल है, स्पीड है, जैसा उसका लाइनलेंथ है। उसने कुछ नया नहीं किया। उसने वही किया जो पिछले कुछ साल में फर्स्ट क्लास में किया है।

# कोविड-19 की चपेट में आए कई भारतीयों के फेफड़े हुए प्रभावित

**एजेंसी, नई दिल्ली**

कोविड-19 से गंभीर पीड़ित रह चुके भारतीयों में से कइयों के फेफड़े प्रभावित हुए हैं, जिनमें से लगभग आधे ने सांस लेने में तकलीफ की शिकायत की है। यह बात एक हालिया अध्ययन में सामने आई है। यह एक चिंताजनक निष्कर्ष है जिसके लिए विशेषज्ञ विभिन्न कारणों को जिम्मेदार मानते हैं जिनमें व्यक्तियों के पहले से बीमारियों से पीड़ित होना और प्रदूषण शामिल है।

### स्टडी में आया सामने



क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, वेल्लोर द्वारा किया गया यह अध्ययन फेफड़ों पर कोविड-19 के प्रभाव की पड़ताल करने वाला भारत का सबसे बड़ा अध्ययन है। इसमें 207 व्यक्तियों की जांच की गई, जिससे ठीक हुए व्यक्तियों के फेफड़ों की कार्यप्रणाली, व्यायाम क्षमता और जीवन की गुणवत्ता में काफी कमी देखी गई। अध्ययन से पता चला कि गंभीर बीमारी से औसतन दो महीने से अधिक समय के बाद ठीक होने वाले भारतीयों में श्वसन संबंधी लक्षण देखे गए, जिसमें 49.3 प्रतिशत में सांस की तकलीफ और 27.1 प्रतिशत में खांसी की शिकायत दर्ज की गई। सीएमसी वेल्लोर में पल्मोनरी मेडिसिन के प्रोफेसर और अध्ययन के प्रमुख शोधकर्ता डी जे क्रिस्टोफर ने कहा कि अध्ययन से यह स्पष्ट है कि बीमारी की गंभीरता की हर श्रेणी में अन्य देशों के आंकड़ों की तुलना में भारतीय आबादी में फेफड़ों की कार्यप्रणाली अधिक प्रभावित हुई है। क्रिस्टोफर ने बताया, ''हालांकि भारतीयों में इतनी क्षति का सटीक कारण जानना असंभव है, पहले से बीमारी से पीड़ित रहना फेफड़ों को क्षति पहुंचने का एक कारक हो सकता है, क्योंकि अन्य की तुलना में हमारी आबादी में लोगों के अन्य बीमारियों से पीड़ित रहने की दर अधिक थी।''

हाल ही में 'पीएलओएस ग्लोबल पब्लिक हेल्थ' पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में यूरोप और चीन के आंकड़ों से तुलना की गई। उदाहरण के लिए इटली में किए गए एक अध्ययन में 43 प्रतिशत लोगों में डिस्पेनिया या सांस की तकलीफ और 20 प्रतिशत से कम लोगों में खांसी पाई गई। चीनी अध्ययन के संबंधित आंकड़े भी भारतीय अध्ययन में देखे गए आंकड़ों से कम थे।

### नंहू : पुलिस मुठभेड़ में आरोपी काबू

**नई दिल्ली।** गोलीबारी के बाद दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने हरियाणा पुलिस के साथ मिलकर अपराधी को नूंह से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान शेखर के रूप में हुई है, जो कि दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल की हत्या में संलिप्त था। पुलिस ने शेखर को पहले आत्मसमर्पण करने को कहा, लेकिन उसने आत्मसमर्पण करने की जगह पुलिस पर चार बार फायर किया। इसक बाद पुलिस ने उस पर जवाबी फायरिंग की। इस एनकाउंटर में शेखर बुरी तरह जख्मी हो गया। बता दें कि शेखर इससे पहले कई आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रह चुका है, इसमें हत्या, हत्या की कोशिश, लूट और आर्म्स एक्ट शामिल है। फिलहाल मामले में अन्य जानकारी का इंतजार किया जा रहा है।

### पतंजलि को सुप्रीम कोर्ट ने भेजा अवमानना नोटिस

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को योग गुरु रामदेव की पतंजलि आयुर्वेद को उसके प्रोडक्ट्स के बारे में अदालत में दिए गए वादे और उनकी औषधीय प्रभावकारिता का दावा करने वाले बयानों के उल्लंघन के लिए कड़ी फटकार लगाई है। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और न्यायमूर्ति ए अमानुल्लाह की पीठ ने पतंजलि आयुर्वेद और उसके प्रबंध निदेशक को नोटिस जारी कर पूछा कि क्यों न उनके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही शुरू की जाए।

# चीन दुनिया का सबसे बड़ा कार्बन बाजार बना



**एजेंसी, बीजिंग**

चीन में कार्बन उत्सर्जन व्यापार बाजार की स्थापना को अढ़ाई साल हो चुके हैं। चीनी पारिस्थितिकी और पर्यावरण मंत्रालय के उपप्रमुख चाओ यिंगमिन ने कहा कि पिछले अढ़ाई सालों में कार्बन उत्सर्जन व्यापार बाजार स्थिर रहा। वर्तमान में वार्षिक कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन 5 अरब 10 करोड़ टन है, जो ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन को कवर करने वाला दुनिया का सबसे बड़ा कार्बन बाजार बन गया है।

चाओ यिंगमिन ने कहा कि चीन के कार्बन उत्सर्जन व्यापार बाजार में विद्युत उत्पादन उद्योग को प्राथमिकता देते हुए दो पूर्ति चक्र सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है. अब अपेक्षाकृत पूर्ण संस्थागत ढांचा प्रणाली स्थापित हो चुकी है। राष्ट्रीय कार्बन बाजार सूचना नेटवर्क की स्थापना हुई। पंजीकरण व्यवस्था, व्यापार व्यवस्था और प्रबंधन मंच का काम स्थिरता से चल रहा है. कार्बन उत्सर्जन की लेखांकन और प्रबंधन क्षमता स्पष्ट रूप से बढ़ी है।

पिछले साल के अंत तक कार्बन उत्सर्जन व्यापार बाजार में व्यापार की कुल मात्रा 44 करोड़ टन रही और राशि करीब 24 अरब 90 करोड़ युआन रही। आने वाले समय में चीन संबंधित नियम के अनुसार व्यापार की किस्मों, संस्थाओं और तरीकों को लगातार समृद्ध करेगा और बाजार की जीवन शक्ति बढ़ाएगा, ताकि अर्थव्यवस्था और समाज का हरित और निम्न-कार्बन परिवर्तन बढ़ सके।

### अफवाह | यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए किए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम

# आईजीआई एयरपोर्ट पर बम होने की झूठी सूचना, मचा हड़कंप

**एजेंसी, नई दिल्ली**

इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर मंगलवार को बम होने की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाकर्मियों के बीच हड़कंप मच गया। पुलिस उपायुक्त (आईजीआई हवाई अड्डा) उषा रंगनानी ने कहा कि सुबह 5.15 के बीच जब फ्लाइट दिल्ली से कोलकाता जाने वाली थी, तभी किसी ने फोन कर एयरपोर्ट परिसर में बम होने की सूचना दी।

वहीं, डीसीपी ने कहा कि इस सूचना के बाद जांच-पड़ताल की गई। जांच में सामने आया कि यह कॉल फर्जी था, हालांकि यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए और हर अप्रिय स्थिति से निपटने की रूपरेखा तय कर ली गई थी। बता दें कि हाल ही में 20 वर्षीय एक शख्स ने आईजीआई एयरपोर्ट परिसर पर बम होने की सूचना दी थी, इसके बाद उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया था।



वहीं, इस घटना के बाद अब एक बार फिर से फर्जी कॉल कर एयरपोर्ट परिसर पर बम होने की सूचना दी गई। आरोपी की पहचान कुशाग्र अग्रवाल के रूप में हुई है, जो कि दिल्ली के जनकपुरी इलाके का रहने वाला है।

# हंगरी में नए राष्ट्रपति का हुआ चयन, संसद ने तामस सुल्योक के नाम पर लगाई मुहर



**नई दिल्ली।** हंगरी की संसद ने सोमवार को नए राष्ट्रपति का चुनाव कर लिया। देश के पूर्व राष्ट्रपति ने एक बाल यौन शोषण मामले में एक आरोपी को दी गई माफी पर उठे विवाद के बाद इस्तीफा दे दिया था। सांसदों ने गुप्त मतदान में तामस सुल्योक (67) के नाम पर मुहर लगाई। पेशे से वकील सुल्योक हंगरी की संविधान अदालत के प्रमुख रहे हैं। अनेक विपक्षी दलों ने मतदान में भाग नहीं लिया और संसद में मत विभाजन के माध्यम से निर्वाचन के बजाय प्रत्यक्ष राष्ट्रपति चुनाव कराने की मांग की। सुल्योक को राष्ट्रपति निर्वाचित करने के पक्ष में 134 वोट पड़े, जबकि विपक्ष में पांच सांसदों ने मतदान किया। वह पांच मार्च को औपचारिक रूप से पदभार ग्रहण कर सकते हैं।

# पंकज उधास के अंतिम दर्शनों के लिए पहुंचे मित्र और सेलेब्स

**एजेंसी, नई दिल्ली**

### नम आंखों से दी गजल गायक को श्रद्धांजलि



पंकज उधास के निधन की जानकारी उनकी बेटी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए दी थी। आज गजल गायक का अंतिम संस्कार किया जाएगा। उससे पहले उनके अंतिम दर्शनों के लिए उनका पार्थिव शरीर उनके घर पर रखा गया है। वहीं पंकज का पार्थिव शरीर घर पहुंचा तो उनकी बेटी नायब बेहद भावुक हो गईं, उनकी आंखों से आंसू छलक पड़े, पिता के जाने के गम में नायब टूट गई है। पंकज उधास के अंतिम दर्शनों के लिए शंकर महादेवन भी गजल गायक के घर पहुंचे थे। उन्होंने नम आंखों से पंकज उधास को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

मशहूर तबला वादक जाकिर हुसैन ने भी पंकज उधास के आवास पहुंचकर उनके पार्थिव शरीर के दर्शन किए। मीडिया से बात करते हुए जाकिर ने दिवंगत गजल गायक को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की, उन्हें एक उम्दा शख्स और गायक बताया और कहा कि वे ईश्वर से दुआ करते हैं कि इस दुख को सहने की शक्ति उनके परिजनों को दें। दिग्गज गायक के अंतिम दर्शनों के लिए परिवार, मित्र और तमाम सेलेब्स पहुंच रहे हैं। सिंगर की पार्थिव देह को देख हर किसी की आंखें नम हो रही हैं। बता दें कि दिवंगत गजल गायक की बेटी नायब ने पोस्ट शेयर कर जानकारी दी थी कि पंकज उधास का अंतिम संस्कार मंगलवार को दोपहर तीन बजे से पांच बजे के बीच मुंबई के वर्ली स्थित हिंदू क्रिमेटोरियम में होगा।